www.rojgarsamachar.gov.in
www.employmentnews.gov.in

सत्यमेव जयते

अंग्रेजी एवं उर्दू में भी प्रकाशित
ई-संस्करण वार्षिक शुल्क : ₹400/-

वर्ष 1976 से

रोज़गार समाचार

साप्ताहिक

50 वर्ष

सभी को अवसर

खंड-51 अंक-27 पृष्ठ 44 | नई दिल्ली 3 - 9 अक्तूबर 2026 | मूल्य ₹ 12.00 (₹ 530 वार्षिक)

समुद्र मंथन – राष्ट्रीय अपतटीय हाइड्रोकार्बन अन्वेषण

ऊर्जा के लिए समुद्र मंथन

समुद्र मंथन, भारत की ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की यात्रा में एक निर्णायक कदम है। वित्त वर्ष 2030-31 तक पहले चरण के लिए 84,084 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली इस योजना को भारत की विशाल अपतटीय हाइड्रोकार्बन संभावनाओं का दोहन करने के लिए तैयार किया गया है। इसमें अन्वेषण में तेजी लाने, आधुनिक प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल, साझा बुनियादी ढांचे के निर्माण और घरेलू विनिर्माण को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसका लक्ष्य 600 एमएमटीओई से अधिक हाइड्रोकार्बन भंडार जोड़ना, घरेलू उत्पादन बढ़ाना, आयात पर निर्भरता कम करना और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी अपतटीय ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना है।

ऊर्जा, आधुनिक जीवन के प्रत्येक पहलू को शक्ति प्रदान करती है। इससे घरों, खेतों, उद्योगों, परिवहन और व्यापक अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। भारत की तेज वृद्धि के साथ विश्वसनीय, किफायती और सुरक्षित ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करना राष्ट्रीय प्राथमिकता बन गया है। देश की ऊर्जा आवश्यकताएं लगातार बढ़ रही हैं, जबकि कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा आयात से पूरा किया जाता है। इसलिए ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने, आयात पर निर्भरता कम करने और बहुमूल्य विदेशी मुद्रा बचाने के लिए घरेलू उत्पादन बढ़ाना आवश्यक है।

देश के प्रमुख ऊर्जा संसाधनों में हाइड्रोकार्बन भी शामिल हैं। ये हाइड्रोजन और कार्बन से बने कार्बनिक यौगिक होते हैं और जमीन तथा समुद्र तल के काफी नीचे पाए जाते हैं। कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस व्यापक रूप से इस्तेमाल किए जाने वाले हाइड्रोकार्बन हैं। इनसे पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, पेट्रोकेमिकल, उर्वरक और अनेक औद्योगिक उत्पादों के लिए कच्चा माल मिलता है।

भारत के अपतटीय बेसिनों में हाइड्रोकार्बन की विशाल अप्रयुक्त संभावनाएं मौजूद हैं। बेसिन पृथ्वी का एक बड़ा प्राकृतिक अवनमन होता है, जहां हाइड्रोकार्बन एकत्र होते हैं। इन संसाधनों के दोहन के लिए आधुनिक अन्वेषण, विश्वसनीय भूवैज्ञानिक डेटा, उन्नत ड्रिलिंग क्षमता और मजबूत घरेलू आपूर्ति श्रृंखला की आवश्यकता है। इस प्रयास में तेजी लाने के लिए समुद्र मंथन–राष्ट्रीय अपतटीय अन्वेषण योजना को 31 जुलाई, 2026 को मंजूरी दी गई। वित्त वर्ष 2030-31 तक पहले चरण के लिए 84,084 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली इस योजना का उद्देश्य हाइड्रोकार्बन अन्वेषण और उत्पादन क्षेत्र को बढ़ावा देना है।



भारत के लिए समुद्र क्यों महत्वपूर्ण हैं?

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल उपभोक्ता है। इसका वार्षिक आयात बिल करीब 144 अरब अमरीकी डॉलर यानी लगभग 13 लाख करोड़ रुपये है। हाल की वैश्विक घटनाओं ने दिखाया है कि निर्बाध ऊर्जा उपलब्धता कितनी महत्वपूर्ण है। इसलिए तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए घरेलू उत्पादन बढ़ाना अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है।

भारत के भविष्य के तेल और गैस संसाधनों की काफी संभावनाएं अपतटीय क्षेत्रों में मौजूद हैं। गहरे समुद्र और अत्यधिक गहरे समुद्र वाले बेसिन ऐसे समुद्री क्षेत्र होते हैं, जहां पानी की गहराई बहुत अधिक होती है। भारत के पूर्वी और पश्चिमी अपतटीय बेसिन 3,000 मीटर तक की जल-गहराई में फैले हुए हैं। इनमें 5,600 एमएमटीओई (मिलियन मीट्रिक टन ऑयल इक्विवेलेंट) से अधिक हाइड्रोकार्बन की संभावनाएं होने का अनुमान है। कावेरी, महानदी और अंडमान बेसिनों में हाल की खोजों ने इन संभावनाओं को और मजबूत किया है।

इस अंक में 1,126+ रिक्तियां

गहरे समुद्र में अन्वेषण की चुनौतीः निरंतर खोज आवश्यक होने का एक और कारण है। मौजूदा क्षेत्रों के उत्पादन में हर वर्ष लगभग 6-7 प्रतिशत की स्वाभाविक गिरावट आती है। मौजूदा उत्पादन को बनाए रखने के लिए भी नई खोजों की आवश्यकता होती है। इसलिए निरंतर अन्वेषण ऊर्जा क्षेत्र में दीर्घकालिक आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त करता है।



स्रोत- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

समुद्र मंथन मिशन के प्रमुख घटक

समुद्र मंथन नीतिगत सुधार से मिशन मोड में कार्यान्वयन की ओर बदलाव को दर्शाता है। यह योजना नए अपतटीय क्षेत्रों में निरंतर निवेश आकर्षित करने के लिए जोखिम-साझाकरण का दृष्टिकोण अपनाती है। इसका उद्देश्य अपतटीय परियोजनाओं में जोखिम कम करना और निजी पूंजी को प्रोत्साहित करना है, जिससे पूरी मूल्य श्रृंखला में दीर्घकालिक राष्ट्रीय क्षमता का निर्माण हो सके। इस प्रकार यह एक दशक के सुधारों को समुद्र में ठोस कार्रवाई में बदलती है।

अपतटीय अन्वेषण विश्वसनीय डेटा, उन्नत प्रौद्योगिकी, आधुनिक बुनियादी ढांचे और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला पर निर्भर करता है। समुद्र मंथन इन सभी तत्वों को चार घटकों के माध्यम से एक साथ लाता है।

1. भूकंपीय डेटा अधिग्रहण, प्रसंस्करण और व्याख्या

सीमित अपतटीय भूकंपीय कवरेज के कारण ड्रिलिंग के लिए तैयार तेल और गैस संभावनाओं की पहचान सीमित रही है। योजना के तहत 28,534 करोड़ रुपये के परिव्यय से बड़े पैमाने पर 2डी और 3डी भूकंपीय सर्वेक्षणों का वित्तपोषण किया जाएगा। उन्नत प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस्तेमाल से डेटा के प्रसंस्करण और व्याख्या में तेजी आएगी। राष्ट्रीय डेटा रिपॉजिटरी में मौजूद पुराने डेटा को भी आधुनिक उपकरणों की सहायता से दोबारा संसाधित किया जाएगा।

2. अपतटीय अन्वेषण में तेजी

अधिक लागत और परिणाम मिलने में लंबा समय लगने के कारण गहरे समुद्र में ड्रिलिंग जोखिम भरा कार्य है। इस जोखिम को साझा करने के लिए योजना में 60 गहरे और अत्यधिक गहरे समुद्री कुओं की ड्रिलिंग के लिए 43,200 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। वित्तीय सहायता पात्र ड्रिलिंग लागत के 50 प्रतिशत तक अथवा प्रति कुआं 675 करोड़ रुपये, जो भी कम हो, तक दी जाएगी। तेल और गैस भंडार बढ़ाने के लिए यह योजना सार्वजनिक और निजी दोनों प्रकार के अन्वेषण एवं उत्पादन (ईएंडपी) ऑपरेटरों के लिए खुली है। इससे भंडार में वृद्धि की गति तेज होगी और भारत की गहरे समुद्र की संभावनाओं का दोहन किया जा सकेगा।

3. साझा अपतटीय बुनियादी ढांचा

महंगे बुनियादी ढांचे के कारण कई अपतटीय खोजों से उत्पादन शुरू नहीं हो पाया है, विशेष रूप से महानदी और

शेष पृष्ठ 2 पर

अस्वीकरण

'रोज़गार समाचार', सोशल मीडिया अथवा किसी अन्य अनधिकृत मंच पर प्रसारित भर्ती विज्ञापनों की प्रामाणिकता के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती संबंधी प्रामाणिक जानकारी के लिए केवल एम्प्लॉयमेंट न्यूज/रोज़गार समाचार के आधिकारिक मुद्रित संस्करण, www.eneversion.nic.in पर उपलब्ध आधिकारिक ई-संस्करण तथा संबंधित भर्ती संस्थानों की आधिकारिक वेबसाइट पर ही भरोसा करें। - संपादक

Follow us @Employ_News
Follow us @EmploymentNews

पृष्ठ 1 का शेष

समुद्र मंथन - राष्ट्रीय अपतटीय हाइड्रोकार्बन अन्वेषण, ऊर्जा के लिए समुद्र मंथन

कच्छ बेसिनों में। योजना के तहत चुनिंदा बेसिनों में साझा उत्पादन और निकासी सुविधाओं के लिए 10,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साझा बुनियादी ढांचे से परियोजना लागत कम होती है और निष्क्रिय पड़ी खोजों को उत्पादन क्षेत्रों में बदला जा सकता है।

4. तेल और गैस विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र

घरेलू विनिर्माण का स्तर कम होने से अन्वेषण लागत, आयात पर निर्भरता और विदेशी मुद्रा का बहिर्वाह बढ़ता है। इसे देखते हुए 2,000 करोड़ रुपये की लागत से एक एकीकृत तेल और गैस विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र स्थापित किया जाएगा। इससे विनिर्माण, मरम्मत, भंडारण, इंजीनियरिंग और सेवाओं में घरेलू क्षमताओं का निर्माण होगा। यह पूरी आपूर्ति श्रृंखला में 'मेक इन इंडिया' को सीधे आगे बढ़ाएगा। निगरानी, डिजिटल मूल्यांकन, मानव हस्तक्षेप, संसाधन, जागरूकता और जनसंपर्क, आयोजनों तथा मीडिया के लिए 350 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है।

एक एकीकृत सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र

वित्तपोषण से आगे बढ़कर यह योजना पूरी मूल्य श्रृंखला के लिए एक सहायक वातावरण तैयार करती है। इसके तहत निम्नलिखित के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं:

- पारदर्शी और कुशल कार्यान्वयन के लिए डिजिटल कार्यक्रम प्रबंधन
- क्षेत्र के पेशेवरों के लिए क्षमता निर्माण
- अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को अपनाना
- हितधारकों के साथ निरंतर संवाद
- वैश्विक भागीदारों को आकर्षित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय संपर्क

घटक-वार आवंटन

क्र. सं	घटक	राशि (करोड़)
1	**अपतटीय डेटा अधिग्रहण**	**28,534**
1A	बेसिन-व्यापी कवरेज के लिए 2डी भूकंपीय डेटा अधिग्रहण	12,000
1B	3डी भूकंपीय डेटा अधिग्रहण (और अन्य तकनीकें)	12,534
1C	एनडीआर डेटा का पुनः प्रसंस्करण और एआई उपकरणों का कार्यान्वयन	4,000
2	**अपतटीय अन्वेषण और बुनियादी ढांचा-आधारित उत्पादन**	**55,200**
2A	अपतटीय अन्वेषण में तेजी	43,200
2B	बुनियादी ढांचा-आधारित गहरे समुद्र में उत्पादन और अन्वेषण	10,000
2C	तेल और गैस विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों का विकास	2,000
3	निगरानी और सहायक गतिविधियां	350
	कुल	**84,084**

'समुद्र मंथन' से क्या हासिल होगा?

इस योजना को अर्थव्यवस्था और भावी पीढ़ियों के लिए मूल्य सृजित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। अन्वेषण की सफलता के आधार पर इससे व्यापक लाभ मिलने की उम्मीद है:

- **बड़े भंडार** : हाइड्रोकार्बन भंडार में 600 एमएमटीओई से अधिक की वृद्धि होगी, जिससे संसाधन आधार 1.6 अरब टन ऑयल इक्विवेलेंट (टीओई) से बढ़कर 2.2 अरब टीओई हो जाएगा।
- **अधिक उत्पादन** : वार्षिक घरेलू उत्पादन को लगभग 62 एमएमटीओई से बढ़ाकर 80 एमएमटीओई करने का लक्ष्य है। 10-15 एमएमटीओई अतिरिक्त उत्पादन की उम्मीद है, जिसकी अधिकतम क्षमता 20 एमएमटीओई तक हो सकती है।
- **कम आयात बिल** : अतिरिक्त उत्पादन से कच्चे तेल का आयात हर वर्ष करीब एक लाख करोड़ रुपये कम हो सकता है, जिससे विदेशी मुद्रा की उल्लेखनीय बचत होगी।
- **निवेश और वृद्धि** : योजना पूरी मूल्य श्रृंखला में निवेश को बढ़ावा देगी और जीडीपी में मजबूत वृद्धि को गति देगी।
- **रोजगार**: अन्वेषण, उत्पादन और संबद्ध गतिविधियों में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे।
- **स्वदेशी क्षमता** : 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत घरेलू विनिर्माण को मजबूती मिलेगी, जिससे अपतटीय प्रौद्योगिकियों के लिए वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी पारिस्थितिकी तंत्र विकसित होगा।

ये परिणाम मिलकर देश की ऊर्जा सुदृढ़ता को मजबूत करेंगे। साथ ही, ये तकनीकी नेतृत्व तथा उद्योग और नवाचार के लिए दीर्घकालिक अवसरों को बढ़ावा देंगे।

सुधारों की एक श्रृंखला

हाल के वर्षों में भारत ने अपने हाइड्रोकार्बन अन्वेषण और उत्पादन पारिस्थितिकी तंत्र को लगातार नए सिरे से मजबूत किया है। संरचनात्मक सुधारों की एक श्रृंखला ने इस क्षेत्र को अधिक खुला, पारदर्शी और निवेशक-अनुकूल बनाया है।

- **अपतटीय क्षेत्रों को अन्वेषण के लिए खोलना** : पहले के 'नो-गो' क्षेत्रों में से 99 प्रतिशत से अधिक को हटा दिया गया है। अब विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र के 10 लाख वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में अन्वेषण किया जा सकता है। यह वह समुद्री क्षेत्र है, जहां प्राकृतिक संसाधनों पर भारत के अधिकार हैं।
- **नई लाइसेंसिंग व्यवस्था** : हाइड्रोकार्बन अन्वेषण और लाइसेंसिंग नीति (HELP) वर्ष 2016 में शुरू की गई। इसके तहत ओपन एकरेज लाइसेंसिंग प्रोग्राम (OALP) शुरू किया गया, जिसने पुरानी नामांकन-आधारित व्यवस्था का स्थान लिया। HELP हाइड्रोकार्बन अन्वेषण और शीघ्र उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कम शुल्क, समान लाइसेंसिंग, राजस्व साझाकरण और प्रोत्साहन प्रदान करती है।
- **सरल अनुबंध** : भारत वर्ष 2016 में उत्पादन साझाकरण अनुबंध (PSC) से राजस्व साझाकरण अनुबंध (RSC) की ओर बढ़ा। पीएससी में लागत की वसूली के बाद सरकार और ठेकेदार के बीच लाभ साझा किया जाता था। आरएससी में ठेकेदार राजस्व में अपने निर्धारित हिस्से के बदले अन्वेषण के सभी जोखिम तथा उत्पादन और विकास लागत वहन करता है। इस प्रकार यह राजकोषीय ढांचा कम प्रशासनिक हस्तक्षेप के साथ अधिक सरल और पारदर्शी हो गया।
- **आधुनिक कानून** : तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन अधिनियम, 2025 ने अनुबंध संबंधी स्थिरता और अधिक मजबूत विवाद समाधान व्यवस्था प्रदान की। इसने एकीकृत पेट्रोलियम परिचालनों को मान्यता दी और समकालीन नियामक ढांचा तैयार किया।
- **सक्षम नियम** : पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 2025 ने इन बदलावों को कार्यान्वित किया। ये कारोबार सुगमता को बढ़ावा देते हैं और पेट्रोलियम पट्टों के प्रशासन को सुव्यवस्थित करते हैं।
- **समान अवसर** : सचिवों की अधिकार प्राप्त समिति की संरचना और कार्यादेश को सभी अनुबंध व्यवस्थाओं में मानकीकृत किया गया। अब प्रत्येक ऑपरेटर को समान व्यवहार मिलता है, चाहे उसका अनुबंध कभी भी हुआ हो।
- **अधिक केंद्रित दृष्टिकोण** : ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) और ऑयल इंडिया के प्रदर्शन मानकों को अन्वेषण पर अधिक केंद्रित किया गया है। इससे घरेलू संसाधन आधार के विस्तार की राष्ट्रीय प्रतिबद्धता और मजबूत होती है।

बेहतर अन्वेषण की शुरुआत बेहतर डेटा से होती है। भूकंपीय सर्वेक्षण समुद्र तल के नीचे चट्टानों की परतों का मानचित्रण करने के लिए पृथ्वी में ध्वनि तरंगें भेजते हैं। भारत ने कई राष्ट्रीय पहलों के माध्यम से ऐसे भूवैज्ञानिक ज्ञान में निरंतर निवेश किया है। इनमें मिशन अन्वेषण, राष्ट्रीय भूकंपीय कार्यक्रम, विस्तारित महाद्वीपीय शेल्फ सर्वेक्षण, राष्ट्रीय डेटा रिपॉजिटरी और हाइड्रोकार्बन संसाधन आकलन अध्ययन शामिल हैं। इन सभी ने मिलकर दुनिया के सबसे व्यापक भूवैज्ञानिक डेटाबेस में से एक तैयार किया है।

सुधारों से स्पष्ट रूप से भरोसा बढ़ा है। सक्रिय अन्वेषण क्षेत्र का लगभग 81 प्रतिशत हिस्सा वर्ष 2014 के बाद आवंटित किया गया है। ओएएलपी के तहत लगभग 3.8 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले 172 ब्लॉक आवंटित किए गए हैं। इन ब्लॉकों में प्रतिबद्ध निवेश 4.3 अरब अमरीकी डॉलर से अधिक है। जमीनी स्तर पर गतिविधियों में भी तेजी आई है। अकेले वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग 674 कुओं की ड्रिलिंग की गई। पांच नई खोजें हुईं और सात खोजों का वाणिज्यीकरण किया गया।

महानदी बेसिन में एक नए अध्याय की शुरुआत

हाइड्रोकार्बन अन्वेषण सुधारों की यात्रा 25 जुलाई, 2026 को एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंच गई है। महानदी अपतटीय बेसिन में पहले मूल्यांकन कुएं की ड्रिलिंग शुरू हुई। किसी हाइड्रोकार्बन खोज की गुणवत्ता और वाणिज्यिक मूल्य का आगे आकलन करने के लिए मूल्यांकन कुआं खोदा जाता है। इस कार्यक्रम में विश्वस्तरीय गहरे समुद्र की ड्रिलिंग प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया जाएगा। MN-DWN18-1-HD कुआं चार नियोजित गहरे समुद्री कुओं में पहला है। ये कुएं भारत के सबसे संभावनाशील अपतटीय बेसिनों में से एक का व्यवस्थित रूप से आकलन करेंगे। स्पडिंग यानी नए कुएं की ड्रिलिंग की शुरुआत भारत के सबसे चुनौतीपूर्ण गहरे समुद्री अभियानों में से एक की शुरुआत का प्रतीक है। प्रत्येक संभावना का आकलन और प्रत्येक कुएं की ड्रिलिंग देश को आत्मनिर्भरता के और करीब ले जाएगी।

सुरक्षित ऊर्जा भविष्य की ओर

भारत ऊर्जा के एक संभावनाशील नए दौर की दहलीज पर खड़ा है। देश का ऊर्जा भविष्य किसी एक खोज पर निर्भर नहीं है। इसका निर्माण निरंतर सुधारों, विज्ञान और हजारों भूवैज्ञानिकों, इंजीनियरों तथा अपतटीय क्षेत्र के पेशेवरों के समर्पण से हो रहा है।

समुद्र मंथन डेटा, जोखिम साझाकरण, साझा सुविधाओं और स्वदेशी क्षमता को एक मिशन में समाहित करता है। जैसे-जैसे समुद्र मंथनकी शुरुआत होती है, यह अपने साथ एक उभरते राष्ट्र की आकांक्षाएं लेकर चलता है। समुद्र की लहरों के नीचे उठाया गया प्रत्येक कदम देश को सुरक्षित और आत्मनिर्भर भविष्य के और करीब ले जाता है।

(पीआईबी रिसर्च)

आज़ादी का अमृत महोत्सव G20

स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुनर्वास प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, (सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार)
ओलटपुर, पोष्ट-बाइरोई, जिला-कटक (ओड़िशा) पिन-754010

संदर्भ संख्या: AD6B10/08/2026 **भर्ती सूचना** दिनांक: 15 सितंबर, 2026

निम्नलिखित पदोंके लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं : –

क्र. सं.	पद का नाम	वेतन मैट्रिक्स स्तर	वर्ग	पद की संख्या
1	लेक्चरर (प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स)	लेवल– 10 (ग्रुप–ए)	ई.डब्ल्यू.एस	01
2	नैदानिक मनोवैज्ञानिक–सह–कनिष्ठ लेक्चरर	लेवल– 07 (ग्रुप–बी)	अनारक्षित	01
3	निदर्शक (फिजियोथेरेपी)	लेवल– 06 (ग्रुप–बी)	अनारक्षित	01
4	केशियर	लेवल– 06 (ग्रुप–बी)	अनारक्षित	01

जो उम्मीदवारों पात्रता मानदंडों को हर तरह से पूरा करते हैं, वे अपना आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण एसवीनिरतार, कटक की आधिकारिक वेबसाइट अर्थात **https://svnirtar.nic.in** पर उपलब्ध होगा अथवा आप सीधे वेबसाइट अर्थात **https://recruitment.svnirtar.in** पर जा सकते हैं । ऊपर बताई गई पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने का लिंक और अन्य ज़रूरी जानकारी **25 सितंबर 2026 को शाम 5:00 बजे** के बाद सक्रिय हो जाएगा । अन्य सभी विवरण, नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट **https://svnirtar.nic.in** देखें ।

EN 27/92 -ह/- निदेशक

रोज़गार समाचार

अम्बरीष बी. किशोर
मुख्य संपादक

रहीसुद्दीन रिहान
संपादक

अक्षित मलिक
उप-संपादक (विज्ञापन)

मिहिर कुमार बासु
उत्पादन अधिकारी

शशि प्रकाश सिंह
सहायक निदेशक (उत्पादन)

अभिषेक चतुर्वेदी
संपादक (प्रसार)

पता : रोज़गार समाचार, सातवां तल,
सूचना भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स,
लोदी रोड, नई दिल्ली-110003

विज्ञापन :
sec-advertise-moib@gov.in

प्रसार और शिकायत
en-support@gov.in

संपादकीय : 011-24369426
विज्ञापन : 011-24369429/30
प्रसार : 011-24044000/24044001
लेखा (विज्ञा.) : 011-24369419

F. No. 1(136)/2015-CCA
भारत सरकार
इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना
प्रौद्योगिकी मंत्रालय

प्रमाणन प्राधिकारी नियंत्रक का कार्यालय

इलेक्ट्रॉनिकी निकेतन, 6
सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड
नई दिल्ली-110003
21 सितम्बर, 2026

इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के प्रमाणन प्राधिकारी नियंत्रक के कार्यालय में प्रतिनियुक्ति अथवा आमेलन के आधार पर निजी सहायक (पीए), पे मैट्रिक्सः लेवल-7, रुपये 44,900-1,42,400/- (पूर्व-संशोधित पे बैंडः रुपये 9,300-34,800/- + ग्रेड पेः रुपये 4,600/-), के दो पद भरने के संबंध में.

1. प्रमाणन प्राधिकारी नियंत्रक के कार्यालय में निजी सहायक के दो रिक्त पद, पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थियों में से प्रतिनियुक्ति अथवा आमेलन के आधार पर भरने का प्रस्ताव है. पद, पात्रता मानदंड, आवेदन पत्र आदि का विवरण प्रमाणन प्राधिकारी नियंत्रक के कार्यालय की वेबसाइट www.cca.gov.in पर उपलब्ध है.

2. मंत्रालय/विभाग के पात्र एवं इच्छुक व्यक्तियों के आवेदन निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक-II) में उचित माध्यम से उप नियंत्रक (I) एवं निदेशक (वित्त एवं प्रशासन), प्रमाणन प्राधिकारी नियंत्रक का कार्यालय, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिकी निकेतन, 6, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003 को भेजे जाएं. आवेदन विज्ञापन के कार्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर प्राप्त हो जाना चाहिए. "प्रतिनियुक्ति के आधार" पर नियुक्ति के मामले में प्रतिनियुक्ति, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/8/2009-स्थापना (वेतन.II), दिनांक 17 जून 2010 तथा समय-समय पर जारी इसके बाद के आदेशों में निहित नियमों एवं शर्तों द्वारा शासित होगी.

3. उपर्युक्त पद के लिए पात्रता संबंधी मानदंड निम्नानुसार हैं:-

(i) पदः निजी सहायक (पीए)

(ii) पदों की संख्या : 02 (दो)

(iii) आयु सीमा : प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.

(iv) वेतनमान : लेवल-7 (रुपये 44,900-1,42,400/-)

(v) शैक्षणिक योग्यता : वेबसाइट (www.cca.gov.in) देखें.

(vi) वर्गीकरण : केंद्र सरकार में समूह 'ख' के पदों के समकक्ष.

(vii) भर्ती की विधि : प्रतिनियुक्ति या आमेलन के आधार पर.

(दिलीप कुमार बर्मन)
उप नियंत्रक (I) एवं निदेशक
(वित्त एवं प्रशासन)
EN 27/110

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड

इरकॉन iRCON

नवरत्न कम्पनी
(रेल मंत्रालय के अंतर्गत एक सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम)
पंजीकृत कार्यालयः सी-4 डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत, नई दिल्ली-110017 (भारत)
फोन: +91-11-29565666, फैक्स: +91-11-26854000,26522000,
CIN-L45203DL1976GOI008171, वेबसाइट: www.ircon.org

विज्ञापन संख्या 10/2026

नियमित आधार पर प्रबंधक/राजभाषा (ई-3) पद हेतु भर्ती

कंपनी नियमित आधार पर प्रबंधक/राजभाषा (ई-3) पद हेतु आवेदन आमंत्रित करती है, जिसके लिए पात्रता मानदंड एवं अन्य विवरण नीचे सारणीबद्ध किए गए हैं:

पद एवं वेतनमान	आवश्यक शैक्षणिक योग्यता 01.09.2026 तक	अधिकतम आयु एवं शैक्षणिक योग्यता उपरांत अनुभव मानदंड 01.09.2026 तक
प्रबंधक/राजभाषा (ई-3) वेतनमान- रु. 60000-180000/- + भत्ते + पी आर पी (IDA) कुल पदः 01 (अनारक्षित)	• किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी में पूर्णकालिक स्नातकोत्तर उपाधि, जिसमें स्नातक स्तर पर अंग्रेजी विषय के रूप में सम्मिलित हो। या • किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में पूर्णकालिक स्नातकोत्तर उपाधि, जिसमें स्नातक स्तर पर हिंदी विषय के रूप में सम्मिलित हो। एवं •किसी सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से अनुवाद में न्यूनतम एक वर्ष का पूर्णकालिक डिप्लोमा।	अधिकतम आयु - 37 वर्ष योग्यता उपरांत कुल अनुभव - 5 वर्ष

विस्तृत पात्रता मानदंड एवं आवेदन प्रारूप के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ircon.org पर प्रकाशित विस्तृत विज्ञापन देखें। इरकॉन कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली में विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 23.10.2026 है। EN 27/112

भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग
तकनीकी अनुभाग - I

आईआईटी दिल्ली के निदेशक पद के लिए आवेदनों का आमंत्रण

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली के निदेशक पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं। आईआईटी का निदेशक संस्थान का शैक्षणिक और प्रशासनिक प्रमुख होता है। उनसे न्यूनतम 5 वर्ष का प्रशासनिक अनुभव और राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के प्रमुख के रूप में नेतृत्व गुणों का धारक होने की आशा की जाती है। अभ्यर्थी/व्यक्ति पीएच. डी. के साथ पूर्ववर्ती डिग्री, अधिमानतः अभियांत्रिकी की शाखा में प्रथम श्रेणी अथवा समतुल्य होना चाहिए। असाधारण मामलों में विज्ञान, गणित अथवा प्रबंधन डिग्री धारक अभ्यर्थियों पर विचार किया जा सकता है। उनका आद्यंत असाधारण शैक्षिक रिकार्ड और किसी प्रख्यात अभियांत्रिकी अथवा प्रौद्योगिकी संस्थान अथवा विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में न्यूनतम 10 वर्ष का अध्यापन अनुभव होना चाहिए तथा वे पीएच.डी. विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर चुके हों। आवेदनों की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि को आवेदक, अधिमानतः 60 वर्ष से कम आयु का होना चाहिए। इस पद हेतु रू. 2,25,000/- (संशोधित) प्रति माह का नियत वेतन और नियमानुसार भत्ते देय होंगे।

2. इच्छुक व्यक्ति निर्धारित प्रारूप में अपना विस्तृत विवरण देते हुए आवेदन कर सकते हैं। विवरण में अनुसंधान, अध्यापन, उद्योग-शिक्षाजगत सहयोग और प्रशासनिक उपलब्धियों के स्पष्ट उल्लेख के साथ अपनी अभ्यर्थिता के समर्थन में दो-पृष्ठ का औचित्य संस्थान के संबंध में दो-पृष्ठ का विजन स्टेटमेंट और ऐसे कम से कम दो लब्धप्रतिष्ठ व्यक्तियों का सम्पर्क विवरण दिया जाना चाहिए, जो उनके कार्य से सुपरिचित हों। निर्धारित प्रारूप में टाइप किया गया आवेदन संलग्नकों के साथ पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा **अवर सचिव (टीएस. 1), उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, US-01, वर्क हॉल नंबर 21108, पहली मंजिल, कर्तव्य भवन-2, नई दिल्ली-110001 को इस प्रकार भेजें कि मंत्रालय में 31 अक्टूबर, 2026** को अथवा पूर्व प्राप्त हो जाए। विस्तृत विज्ञापन और आवेदन का प्रारूप वेबसाइट पर उपलब्ध है।

यूआरएल: https://www.dohe-education.gov.in/static/uploads/2026/09/dd7de18b1de9e4c7e5913c9a56df9eab.pdf EN 27/116

भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग
तकनीकी अनुभाग - I

आईआईटी इंदौर के निदेशक पद के लिए आवेदनों का आमंत्रण

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर के निदेशक पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं। आईआईटी का निदेशक संस्थान का शैक्षणिक और प्रशासनिक प्रमुख होता है। उनसे न्यूनतम 5 वर्ष का प्रशासनिक अनुभव और राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के प्रमुख के रूप में नेतृत्व गुणों का धारक होने की आशा की जाती है। अभ्यर्थी/व्यक्ति पीएच. डी. के साथ पूर्ववर्ती डिग्री, अधिमानतः अभियांत्रिकी की शाखा में प्रथम श्रेणी अथवा समतुल्य होना चाहिए। असाधारण मामलों में विज्ञान, गणित अथवा प्रबंधन डिग्री धारक अभ्यर्थियों पर विचार किया जा सकता है। उनका आद्यंत असाधारण शैक्षिक रिकार्ड और किसी प्रख्यात अभियांत्रिकी अथवा प्रौद्योगिकी संस्थान अथवा विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में न्यूनतम 10 वर्ष का अध्यापन अनुभव होना चाहिए तथा वे पीएच.डी. विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर चुके हों। आवेदनों की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि को आवेदक, अधिमानतः 60 वर्ष से कम आयु का होना चाहिए। इस पद हेतु रू. 2,25,000/- (संशोधित) प्रति माह का नियत वेतन और नियमानुसार भत्ते देय होंगे।

2. इच्छुक व्यक्ति निर्धारित प्रारूप में अपना विस्तृत विवरण देते हुए आवेदन कर सकते हैं। विवरण में अनुसंधान, अध्यापन, उद्योग-शिक्षाजगत सहयोग और प्रशासनिक उपलब्धियों के स्पष्ट उल्लेख के साथ अपनी अभ्यर्थिता के समर्थन में दो-पृष्ठ का औचित्य संस्थान के संबंध में दो-पृष्ठ का विजन स्टेटमेंट और ऐसे कम से कम दो लब्धप्रतिष्ठ व्यक्तियों का सम्पर्क विवरण दिया जाना चाहिए, जो उनके कार्य से सुपरिचित हों। निर्धारित प्रारूप में टाइप किया गया आवेदन संलग्नकों के साथ पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा **अवर सचिव (टीएस. 1), उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, US-01, वर्क हॉल नंबर 21108, पहली मंजिल, कर्तव्य भवन-2, नई दिल्ली-110001 को इस प्रकार भेजें कि मंत्रालय में 31 अक्टूबर, 2026** को अथवा पूर्व प्राप्त हो जाए। विस्तृत विज्ञापन और आवेदन का प्रारूप वेबसाइट पर उपलब्ध है।

यूआरएल: https://www.dohe-education.gov.in/static/uploads/2026/09/f9092ecaba465f45527c4629ddc66b5d.pdf EN 27/115

वेबसाइटः https://neriwalm.gov.in
ई-मेलः dir-neriwalm@gov.in
director.neriwalm@gmail.com
फोन नं. (03712) 291069

दोलाबारी, कालियाभोमोरा
Dolabari, P.O. Kaliabhomora
तेजपुर- 784027, असम (भारत), Tezpur-784027, Assam (India)

NRWM/ADM/PoP/663/2024-25/265

पूर्वोत्तर क्षेत्रीय जल और भूमि प्रबंधन संस्थान/North Eastern Regional Institute of Water and Land Management

(जल संसाधन, नदी विकास और गंगा कायाकल्प विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक संस्थान)

(An Institute under the Department of Water Resources, River Development and Ganga Rejuvenation, Ministry of Jal Shakti, Govt. of India)

पूर्वोत्तर क्षेत्रीय जल और भूमि प्रबंधन संस्थान, तेजपुर, असम में **प्रोफेसर ऑफ प्रेक्टिस** (संख्या 4) के तौर पर संविदात्मक विनियोजन के लिए सेवानिवृत्त वरिष्ठ इंजीनियरों (सेवानिवृत्ति के समय चीफ इंजीनियर/अतिरिक्त चीफ इंजीनियर/सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर या समकक्ष पद धारण करने वाले), जिन्होंने असम/मेघालय/मिजोरम/त्रिपुरा की राज्य सरकारों में सेवा की है, से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं. पात्रता मानदंड, पारिश्रमिक और विनियोजन की अन्य शर्तें एवं निबंधन एनईआरआईडब्ल्यूएएलएम की आधिकारिक वेबसाइट अर्थात **https://neriwalm.gov.in** पर देखी जा सकती हैं.

2. पात्रता मानदंड पूरा करने वाले इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में अपने आवेदन-पत्र **निदेशक, एनईआरआईडब्ल्यूएएलएम, डोलाबारी, तेजपुर, जिला सोनितपुर, असम-784 027 को प्रस्तुत कर सकते हैं**, जो कि संस्थान में विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से **45 दिनों** के भीतर पहुंच जाने चाहिए. निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा.

(संदीप डोले)
उप निदेशक (प्रशासन)

EN 27/77

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, देवघर

(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
(An Institution of National Importance under Ministry of Health & Family Welfare)
भारत सरकार/Government of India

संख्या -AIIMS/DEO/RECT.CELL/2026-27/384 दिनांक - 14.09.2026

9वीं रोलिंग फेज– 2

मेडिकल एवं नर्सिंग फैकल्टी भर्ती विज्ञापन

विज्ञापन सं.:- AIIMS/DEO/RECT.CELL/2026-27/377/ Phase 2, दिनांक - **14.09.2026**

एम्स देवघर, झारखंड जो कि एक स्वायत्त राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है, भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा **प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (PMSSY)** के अंतर्गत स्थापित नए एम्स संस्थानों में से एक है। इसका उद्देश्य देश में तृतीयक स्तर की गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं में क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करना तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना है।

एम्स देवघर (झारखंड) के विभिन्न विभागों में मेडिकल एवं नर्सिंग फैकल्टी पदों पर **प्रत्यक्ष भर्ती / प्रतिनियुक्ति** के आधार पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

पदों का विवरण निम्नानुसार है:

क्र०सं०	पद का नाम	पदों की संख्या	वेतन स्तर
1.	प्राध्यापक	21	14-A
2.	अतिरिक्त प्राध्यापक	05	13-A2+
3.	सह–प्राध्यापक	17	13-A1+
4.	सहायक प्राध्यापक	25	12
5.	नर्सिंग सह–प्राध्यापक / रीडर	01	12
	कुल	**69**	

महत्वपूर्ण तिथि:

9वीं रोलिंग फेज–2 विज्ञापन के अंतर्गत आवेदन की सॉफ्ट कॉपी प्राप्त करने की अंतिम तिथि 15.10.2026 है।

अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट **www.aiimsdeoghar.edu.in** का नियमित रूप से अवलोकन करें।

भर्ती प्रकोष्ठ
एम्स देवघर

EN 27/89

संख्या 12-2/2026-M&T(Admn) (E 185388)

भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासन, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, कृषि विश्वविद्यालयों, मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों या परिषदों, अर्ध-सरकारी या स्वायत्त निकायों या वैधानिक संगठनों के अधिकारी से संबंधित पात्र उम्मीदवारों से कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि और किसान कल्याण विभाग के अंतर्गत प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) के आधार पर फार्म मशीनरी प्रशिक्षण और परीक्षण संस्थान में **सीनियर एग्रीकल्चरल इंजीनियर** [सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'क' राजपत्रित, अननुसचिवीय स्तर 11 (वेतन मैट्रिक्स में 67700-208700 रुपए)] के दो पदों को तत्काल भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. योग्यता की शर्तों, जैसे एप्लीकेशन का फ़ॉर्मेट, पोस्टिंग की जगह वगैरह की पूरी जानकारी डिपार्टमेंट ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड फार्मर्स वेलफेयर की वेबसाइट **www.agriwelfare.gov.in**, और फ़ार्म मशीनरी ट्रेनिंग एंड टेस्टिंग इंस्टिट्यूट की वेबसाइट **fmttibudni.gov.in / nrfmtti.gov.in / srfmtti.dacnet.nic.in / nerfmtti.gov.in** पर मौजूद है.

एप्लीकेशन (तीन कॉपी में) तय प्रोफ़ॉर्मा में पूरी जानकारी/डॉक्यूमेंट्स के साथ सही तरीके से **अंडर सेक्रेटरी (M&T), रूम नंबर 12A, मिनिस्ट्री ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड फार्मर्स वेलफेयर, डिपार्टमेंट ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड फार्मर्स वेलफेयर, कृषि भवन, डॉ. राजेंद्र प्रसाद रोड, नई दिल्ली-110001 को एम्प्लॉयमेंट न्यूज़ में इस विज्ञापन के छपने की तारीख से 60 दिनों के अंदर भेज देना चाहिए.**

EN 27/88

J&K Development Finance Corporation Ltd.

(A Government of India Enterprise)
Regd Office: Gr. Floor, Udyog Bhawan, Railhead, Jammu (J&K)-180012
Corp. Office: Gr. Floor, Sanat Ghar Bemina, Srinagar (J&K)-190018
Ph. Nos. 0194- 3500201, 2490050, 0191-2479179, 9419203845

नोटिस

निगम में **प्रबंधक (विधि)** के पद के लिए दिनांक 19.05.2026 को जारी विज्ञापन संख्या जेकेडीएफसी- सीएस/3/2025/214 को एतद्द्वारा प्रशासनिक कारणों से रद्द किया जाता है. तदनुसार, उक्त विज्ञापन के अनुसरण में उपर्युक्त पद के लिए आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को निगम द्वारा जारी किए गए नए विज्ञापन के अनुसार पुनः आवेदन करना आवश्यक है.

नियुक्ति के लिए नया विज्ञापन

जम्मू और कश्मीर विकास वित्त निगम लिमिटेड (जेकेडीएफसी) ने निम्नलिखित पद पर सीधी भर्ती के लिए भारतीय नागरिकता वाले अनुभवी पेशेवरों से आवेदन आमंत्रित किए हैं:

2. पात्रता की शर्तें:-

क्रम. सं.	पद का नाम	कुल रिक्ति	वेतन लेवल	ऊपरी आयु सीमा	पात्रता मानदंड
1.	**प्रबंधक (विधि)**	01 (अनारक्षित)	60,000-1,80,000 रुपए आईडीए	50 वर्ष	जेकेडीएफसी की वेबसाइट **www.jkdfc.org** पर प्रकाशित विस्तृत विज्ञापन के अनुसार

3. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख, रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 21 दिनों के भीतर होगी.

4. निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवार जेकेडीएफसी की वेबसाइट **www.jkdfc.org** पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप और हाल के पासपोर्ट आकार के फोटो तथा जन्म की तारीख, शैक्षिक योग्यता, अंक, जाति/ श्रेणी, अनुभव आदि से संबंधित सहायक दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित प्रतियों सहित अपने आवेदन पत्र भेज सकते हैं.

5. आवेदन (सभी प्रकार से पूर्ण) दिनांक **23.10.2026 तक 1700 बजे** (आईएसटी) या उससे पहले ईमेल / भारतीय पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से **जम्मू और कश्मीर विकास वित्त निगम लिमिटेड [Email:contact@jkdfc.org], भूतल, जवाहरलाल नेहरू उद्योग भवन, रेल हेड कॉम्प्लेक्स, जम्मू, जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र - 180012** के कार्यालय में पहुंच जाने चाहिए.

6. इच्छुक उम्मीदवार इस भर्ती से संबंधित विस्तृत विज्ञापन और अन्य अद्यतन जानकारी जेकेडीएफसी की वेबसाइट **[www.jkdfc.org]** के करियर सेक्शन से प्राप्त कर सकते हैं.

सं. जेकेडीएफसी-सीएस/3/2025/803 महाप्रबंधक
दिनांक : **23-09-2026** EN 27/90 **जम्मू और कश्मीर विकास वित्त निगम लिमिटेड**

भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस)

अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार

संविदा आधार पर परामर्शकों की नियुक्ति

(विज्ञापन सं. इन-स्पेस: 03:2026 दिनांक 03/10/2026)

इन-स्पेस अंतरिक्ष गतिविधियों के संवर्धन एवं प्राधिकरण तथा गैर-सरकारी प्रतिष्ठानों (एनजीई) द्वारा अंतरिक्ष विभाग की स्वामित्व वाली सुविधाओं के उपयोग हेतु अंतरिक्ष विभाग (अं.वि.) के अधीन एक स्वतंत्र नोडल एजेंसी है.

निम्नलिखित पदों के लिए पात्र अभ्यर्थियों से अधिकतम दो (2) वर्ष की अवधि हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. संतोषजनक कार्य- निष्पादन, कार्यात्मक आवश्यकता तथा समय-समय पर संशोधित "इन स्पेस में परामर्शकों की नियुक्ति संबंधी प्रक्रिया एवं दिशानिर्देश" के मानक निबंधनों एवं शर्तों के अधीन, इस अवधि को एक बार में एक वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है, किंतु कुल कार्यकाल अधिकतम पांच वर्ष ही होगा.

क्र. सं.	पद/क्षेत्र	पदों की संख्या
1.	प्रधान परामर्शक – दशकीय दृष्टिकोण एवं रणनीति	01
2.	वरिष्ठ परामर्शक- अध्यक्ष कार्यालय, इन-स्पेस	01
3.	वरिष्ठ परामर्शक- जनसंपर्क एवं मीडिया	01
4.	वरिष्ठ परामर्शक – विधि निदेशालय, इन-स्पेस	01
5.	तकनीकी सहायक-तकनीकी निदेशालय	02
6.	कनिष्ठ परामर्शक-तकनीकी निदेशालय	01

विस्तृत विज्ञापन वेबसाइट www.inspace.gov.in के "घोषणाएं" अनुभाग में उपलब्ध है. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 02/11/2026 है. सभी आवेदक अपने आवेदन सीधे इन-स्पेस डिजिटल प्लेटफॉर्म (आईडीपी) पर https://www.inspace.gov.in के माध्यम से प्रस्तुत करें.

इन-स्पेस द्वारा जारी

CBC 49121/11/0003/2627 EN 27/86

कीटनाशी अवशेषों एवं संदूषकों पर अखिल भारतीय नेटवर्क परियोजना

कमरा सं. 203, बी-2 ब्लॉक, एलबीएस भवन
भाकृअनुप-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली-110012

साक्षात्कार 27 अक्तूबर, 2026 को

भाकृअनुप की कीटनाशी अवशेषों एवं संदूषकों पर अखिल भारतीय नेटवर्क परियोजना (AINP-PR&C) की संविदा अनुसंधान परियोजना तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा प्रायोजित "राष्ट्रीय स्तर पर कीटनाशी अवशेषों की निगरानी (MPRNL)" परियोजना के अंतर्गत पूर्णतः संविदात्मक आधार पर **प्रधान परियोजना सहयोगी (PPA), युवा पेशेवर-II (YP-II) और युवा पेशेवर-I (YP-I)** के पदों के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

आवेदन प्रारूप और अन्य जानकारी संस्थान की वेबसाइट **https://iari.res.in** से डाउनलोड की जा सकती है.

विधिवत भरे हुए आवेदन-पत्र को दस्तावेजों की स्व-सत्यापित छाया प्रतियों के साथ **19.10.2026 को अपराह्न 4:00 बजे** तक अथवा उससे पहले भेजा जाना चाहिए. शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा.

विस्तृत जानकारी के लिए भाकृअनुप-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान की वेबसाइट देखें: **https://www.iari.res.in/** EN 27/91

क्रमांक एम-11011/7/2023-डीओ(एफसी)

भारत सरकार

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय

नई दिल्ली

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालयों चेन्नई, कटक, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता और मुंबई में क्षेत्रीय अधिकारियों के पद (प्रत्येक कार्यालय में एक) तथा मुंबई में एक अपर क्षेत्रीय अधिकारी का पद प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने के संबंध में.

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के **चेन्नई, कटक, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता और मुंबई स्थित क्षेत्रीय कार्यालयों में क्षेत्रीय अधिकारी** का एक-एक पद तथा मुंबई स्थित **केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय में अपर क्षेत्रीय अधिकारी** का एक पद प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने का प्रस्ताव है. क्षेत्रीय अधिकारी के पद सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'क', राजपत्रित पद हैं और ये पे मैट्रिक्स के लेवल-12 (रुपये 78,800–2,09,200) [पूर्व-संशोधित वेतन बैंड-3 (रुपये 15,600–39,100) तथा ग्रेड पे रुपये 7,600] में हैं. क्षेत्रीय अधिकारी का पद भी सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'क', राजपत्रित पद है और यह पे मैट्रिक्स के लेवल-11 (रुपये 67,700–2,08,700) [पूर्व-संशोधित वेतन बैंड-3 (रुपये 15,600–39,100) तथा ग्रेड पे रुपये 6,600/-] में है। उक्त पदों का विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है.

2. चयनित अधिकारियों का वेतन, प्रतिनियुक्ति की अवधि तथा अन्य नियम एवं शर्तें कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/8/2009-स्था. (वेतन-II) दिनांक 17.06.2010 तथा समय-समय पर उसमें किए गए संशोधनों के अनुसार निर्धारित होंगी.

3. पात्र अधिकारियों के आवेदन निर्धारित प्रारूप (**अनुलग्नक-II**) में निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ इस मंत्रालय को भेजे जा सकते हैं:

i. पिछले पांच वर्षों के अद्यतन एपीएआर दस्तावेज. एपीएआर की सभी फोटो प्रतियां कम से कम अवर सचिव या समकक्ष पद के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित की गई हों और उन्हें आवेदन के साथ भेजा जाए.

ii. सतर्कता उपयुक्तता प्रमाण-पत्र

iii. पिछले 10 वर्षों के दौरान कोई छोटी/बड़ी दंडात्मक कार्रवाई की गई है अथवा नहीं, इसका उल्लेख करने वाला विवरण

iv. सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र

v. संवर्ग उपयुक्तता प्रमाण-पत्र

4. सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन '**रोजगार समाचार**' में इस विज्ञापन के प्रकाशित होने की तारीख से **60 दिनों के भीतर** निम्नलिखित पते पर भेजे जा सकते हैं:

अवर सचिव (फिल्म),
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय,
वर्क हाल संख्या 22049, द्वितीय तल,
कर्तव्य भवन-2, नई दिल्ली-110001.

उक्त पद के लिए स्वेच्छा से आवेदन करने वाले अधिकारियों को बाद में उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं होगी। पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को **56 वर्ष से अधिक नहीं** होनी चाहिए.

(संतोष कुमार मौर्य)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 011-24015757
ई-मेल: sk.maurya75@gov.in

अनुलग्नक-I

पदों का विवरण एवं पात्रता संबंधी शर्तें निम्नानुसार हैं:-

क्र. सं.	पद का नाम	पदों की संख्या और सीबीएफसी के क्षेत्रीय कार्यालय	पात्रता की शर्तें
1.	**क्षेत्रीय अधिकारी** पे मैट्रिक्स लेवल-12 (रुपये 78,800–2,09,200) (ग्रेड पे- रुपये 7,600)	01 - चेन्नई 01 - कटक 01 - दिल्ली 01 - हैदराबाद 01 - कोलकाता 01 - मुम्बई	**भारतीय प्रशासनिक सेवा या केंद्रीय सेवा समूह 'क' के ऐसे अधिकारी, जो भारत सरकार में उप सचिव के पद पर नियुक्ति के लिए पात्र हों तथा निम्नलिखित योग्यताएं रखते हों:** **अनिवार्य योग्यता** **(क)** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री या समकक्ष योग्यता; **(ख)** हिंदी तथा निम्नलिखित में से संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी के पद के लिए निर्धारित एक अन्य भारतीय भाषा का अच्छा ज्ञान:- i. क्षेत्रीय अधिकारी, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड, चेन्नई -तमिल ii. क्षेत्रीय अधिकारी, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड, कटक -ओड़िया iii. क्षेत्रीय अधिकारी, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड, दिल्ली-हिंदी iv. क्षेत्रीय अधिकारी, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड, हैदराबाद-तेलुगु v. क्षेत्रीय अधिकारी, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड, कोलकाता — बांग्ला vi. क्षेत्रीय अधिकारी, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड, मुंबई - मराठी **(ग)** भारतीय इतिहास और संस्कृति का अच्छा ज्ञान; **तथा** **(घ)** किसी उत्तरदायित्वपूर्ण पद पर प्रशासनिक या प्रबंधकीय कार्य का 10 वर्ष का अनुभव. **(प्रतिनियुक्ति की अवधि-सामान्यतः 4 वर्ष से अधिक नहीं)**
2.	**अपर क्षेत्रीय अधिकारी** पे मैट्रिक्स: लेवल-11 (रुपये 67,700– रुपये 2,08,700) ग्रेड पे: रुपये 6,600	01 – मुम्बई	**निम्नलिखित योग्यताओं सहित भारतीय प्रशासनिक सेवा अथवा केंद्रीय सेवा समूह 'क' के उपयुक्त अधिकारी:** **अनिवार्य योग्यताएं :** (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री या समकक्ष योग्यता। (ii) हिंदी तथा एक अन्य भारतीय भाषा का अच्छा ज्ञान (पद की आवश्यकताओं के अनुसार — इस मामले में मराठी)। (iii) भारतीय इतिहास एवं संस्कृति का अच्छा ज्ञान। (iv) उत्तरदायित्वपूर्ण पद पर सात वर्ष का प्रशासनिक या प्रबंधकीय अनुभव. **प्रतिनियुक्ति की अवधि**- सामान्यतः 3 वर्ष से अधिक नहीं.

(अन्यथा योग्य अभ्यर्थियों के मामले में, संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार निर्धारित योग्यताओं में छूट दी जा सकती है.)

अनुलग्नक-II

क्षेत्रीय अधिकारी / अपर क्षेत्रीय अधिकारी के पद हेतु आवेदन

बड़े अक्षरों (ब्लॉक लेटर) में भरें / स्पष्ट रूप से टाइप करें. जिन खानों पर * का निशान लगा है, उन्हें भरना अनिवार्य है.

पासपोर्ट आकार का नवीनतम तस्वीर चिपकाएं

SECTION 1 — IDENTIFICATION DETAILS

1.	आवेदित पद क्षेत्रीय कार्यालय* (किसी एक पर टिक लगाएं)	☐ चेन्नई ☐ कटक ☐ दिल्ली ☐ हैदराबाद ☐ कोलकाता ☐ मुंबई
2.	आवेदक का पूरा नाम*	
3.	जन्मतिथि (दिन/ महीना/ वर्ष)	

SECTION 2 — SERVICE PARTICULARS

4.	सेवा / संवर्ग *	सेवा / संवर्ग: बैच का वर्ष:
5.	उपर्युक्त सेवा में प्रवेश की तिथि (दिन/महीना/वर्ष)*	
6.	सेवानिवृत्ति की तिथि (दिन/ महीना/वर्ष)*	
7.	वर्तमान पदस्थापन* (संगठन)	संगठन और पता: वर्तमान पद का कार्यभार संभालने की तारीख
8.	पे लेवल (वर्तमान) *	पे लेवल: पद धारण करने की तिथि (दिन/महीना/वर्ष):

SECTION 3 — EXPERIENCE DETAILS

9.	प्रशासनिक अनुभव* (वर्ष और महीने)	वर्ष: _____ महीना: _____ प्रशासनिक अनुभव की प्रकृति का संक्षिप्त विवरण:

SECTION 4 — LANGUAGE PROFICIENCY

10.	क्षेत्रीय भाषाएं जिनकी जानकारी है* (दक्षता के स्तर पर)	भाषा 1: दक्षता: ☐ मातृभाषा ☐ कार्यसाधक ज्ञान ☐ रीड ओनली भाषा 2: दक्षता: ☐ मातृभाषा ☐ कार्यसाधक ज्ञान ☐ रीड ओनली

SECTION 5 — VIGILANCE/CLEARANCE STATUS

11.	क्लीयरेंस (अनुमोदन/ स्वीकृति) की स्थिति	सत्यनिष्ठा की स्थिति: ☐ संदेह से परे ☐ संदिग्ध ☐ अप्रमाणित सतर्कता की स्थिति: ☐ स्पष्ट ☐ जांच के अधीन ☐ जुर्माना लगाया गया संवर्ग विमुक्ति की स्थिति: ☐ प्राप्त किया गया / संलग्न ☐ आवेदित ☐ अब तक आवेदित नहीं

SECTION 6 —APAR GRADINGS (LAST 5 YEARS)

12.	वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट ग्रेडिंग ग्रेड स्केल: उत्कृष्ट/बहुत अच्छा/ अच्छा/औसत/औसत से नीचे	वर्ष 1 (____-____) वर्ष 2 (____-____) वर्ष 3 (____-____) वर्ष 4 (____-____) वर्ष 5 (____-____)

(शेष पृष्ठ 6 पर)

(पृष्ठ 5 का शेष)

SECTION 7 — REMARKS SECTION 7 — REMARKS (IF ANY) (IF ANY)		
13.	टिप्पणी	
SECTION 8 — CONTACT DETAILS		
14.	मोबाइल नंबर	
15.	कार्यालय का संपर्क नंबर	
16.	आधिकारिक ईमेल आईडी	आधिकारिक ईमेल आईडी वैकल्पिक / व्यक्तिगत ईमेल आईडीः जिसके द्वारा प्राप्त किया गया (हस्ताक्षर):
FOR OFFICE USE ONLY		
प्राप्त करने की तिथिः		जिसके द्वारा प्राप्त किया गया (हस्ताक्षर):

घोषणा

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि ऊपर दी गई जानकारी, मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार, सत्य, पूर्ण और सही है. मैं समझता/समझती हूं कि कोई भी गलत विवरण या तथ्यों को छिपाना मुझे अयोग्य बना देगा, और मैं लागू सेवा नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई का भागी होऊंगा.

स्थानः ..... आवेदक के हस्ताक्षर.....

तारीखः ..... अग्रेषित करने वाले अधिकारी (मुहर और तारीख सहित).....

नोटः

* अनिवार्य फ़ील्ड भरना ज़रूरी है. अधूरे आवेदन रद्द किए जा सकते हैं.

* इन दस्तावेज़ों की विधिवत हस्ताक्षरित प्रतियाँ संलग्न करें: (i) सर्विस बुक का अंश जिसमें सेवा में शामिल होने की तारीख और वेतन स्तर दर्शाया गया हो, (ii) पिछले 5 वर्ष की एपीएआर, (iii) संवर्ग विमुक्ति प्रमाणपत्र, (iv) सतर्कता विमुक्ति प्रमाणपत्र, (v) सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र.

* जो आवेदन समुचित माध्यम (कैडर नियंत्रक प्राधिकारी) के ज़रिए नहीं भेजे गए हैं, उन पर विचार नहीं किया जा सकता है.

यह प्रमाणित किया जाता है कि उम्मीदवार द्वारा दी गई जानकारी की उसके सेवा रिकॉर्ड से जाँच के बाद सही पाई गई है. उसके विरुद्ध कोई भी अनुशासनात्मक/सतर्कता मामला लंबित नहीं है और न ही विचाराधीन है. पिछले 10 वर्षों के दौरान उस पर कोई भी बड़ा/ छोटा जुर्माना नहीं लगाया गया है. उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है. इसके साथ ही कैडर क्लीयरेंस भी प्रदान किया जाता है.

विभाग/ कार्यालय प्रमुख द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित

EN 27/13

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

मंगलागिरि (आंध्र प्रदेश)

मंगलगिरि - 522503
जिला गुंटूर, आंध्र प्रदेश

(विज्ञापन सं. AIIMS/MG/Admin/Recruitment/03/Faculty/2026/02 दिनांक.17.09.2026)

एम्स मंगलागिरि के विभिन्न विभागों में सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति के आधार पर संकाय (समूह 'क') के पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन

निर्धारित तिथियां	वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि	17.09.2026
	ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि	17.09.2026
	ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि	रोज़गार समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 30 दिन (यथासमय सूचित की जाएगी)
	आवेदन की हार्ड कॉपी प्राप्त होने की अंतिम तिथि	ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि से 10 दिन

रिक्तियों का पद, विभाग एवं श्रेणीवार विवरण

क्रम सं.	विभाग का नाम	प्रोफेसर	अतिरिक्त प्रोफेसर	एसोसिएट प्रोफेसर	सहायक प्रोफेसर
1.	जनरल सर्जरी	-	-	01 ओबीसी	-
2.	न्यूरोसर्जरी	-	-	01 ओबीसी	-
कुल		-	-	02	-
कुल योग		02 पद			

प्रयुक्त संक्षिप्ताक्षरः अनारक्षित (UR), अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC), अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS).

* बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों (PwBD) के लिए 4 प्रतिशत पद क्षैतिज आरक्षण के अंतर्गत आरक्षित हैं.

नोटः

1. आरक्षण समय-समय पर जारी भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार होगा.
2. भर्ती से संबंधित किसी भी सहायता अथवा स्पष्टीकरण के लिए कृपया **facultyrec@aiimsmangalagiri.edu.in** पर संपर्क करें. ई-मेल की विषय-पंक्ति में अपनी आवेदन आईडी और आवेदित पद का उल्लेख करें.
3. सभी प्रकार से पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले इच्छुक अभ्यर्थी केवल ऑनलाइन माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं. आवेदनों के ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा संस्थान की वेबसाइट **www.aiimsmangalagiri.edu.in** पर उपलब्ध होगी.
4. विस्तृत विज्ञापन तथा अद्यतन जानकारी, यदि कोई हो, के लिए कृपया संस्थान की वेबसाइट देखें.

कार्यकारी निदेशक
एम्स, मंगलागिरि

EN 27/30

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान पुस्तकालय

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय

अंसारी नगर, रिंग रोड, नई दिल्ली-110029

रिक्ति सूचना

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान पुस्तकालय, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में **पुस्तकालय एवं सूचना सहायक (स्तर-6)** के एक पद को प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के आधार पर भरने के लिए निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

2. चयनित अभ्यर्थी पर कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के समय-समय पर संशोधित दिनांक 17.06.2010 के कार्यालय ज्ञापन सं. 6/8/2009-स्था. (वेतन-II) द्वारा निर्धारित प्रतिनियुक्ति संबंधी नियम एवं शर्तें लागू होंगी.

3. प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के लिए चयनित अभ्यर्थी भारत सरकार द्वारा इस विषय में समय-समय पर जारी मौजूदा अनुदेशों के अनुसार वेतन/ पेंशन (ड्यूटी) भत्ता प्राप्त करने का पात्र होगा.

4. पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन निर्धारित प्रारूप में उचित माध्यम से इस प्रकार भेजें कि वे इस परिपत्र के प्रकाशन की **तारीख से 45 दिनों** के भीतर **निदेशक (पुस्तकालय), राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान पुस्तकालय, अंसारी नगर, रिंग रोड, नई दिल्ली-110029** को प्राप्त हो जाएं. आवेदन अग्रेषित करते समय संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करे कि अभ्यर्थी/अभ्यर्थियों के विवरणों का सत्यापन कर लिया गया है और वह/वे पात्रता शर्तें पूरी करता है/करते हैं.

5. आवेदन/आवेदनों के साथ पिछले 5 वर्षों की एसीआर/एपीएआर, जो समूह 'क' के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित हों, सतर्कता अनापत्ति तथा सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र अग्रेषित किए जाने चाहिए. प्रत्येक आवेदक के मामले में यह विवरण भी संलग्न किया जाए कि उस पर पिछले दस वर्षों के दौरान कोई लघु/दीर्घ शास्ति नहीं लगाई गई है. उपर्युक्त दस्तावेजों के बिना प्राप्त अथवा निर्धारित तारीख के बाद प्राप्त आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे.

6. पात्रता मानदंड और आवेदन प्रारूप सहित विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए अभ्यर्थी कृपया वेबसाइट **https://dghs.mohfw.gov.in/** अथवा **https://www.mohfw-dohfw.gov.in/** देखें.

उप निदेशक (प्रशासन)

CBC 17101/11/0020/2627 EN 27/5

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान अगरतला

NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY AGARTALA

Barjala, Jirania, Agartala – 799 046 (Tripura)

No.F.NITA.2(519-Estt)/2019/Vol-III/4473 दिनांक: 10.09.2026

गैर–शिक्षण पदों के लिए भर्ती

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (NIT) अगरतला, योग्य भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है, जिनके पास लगातार अच्छा एकेडमिक रिकॉर्ड और जरूरी योग्यता और अनुभव हो। ये आवेदन नीचे दिए गए नॉन–टीचिंग पदों पर सीधी भर्ती के लिए हैं, जो 7वें सीपीसी पे लेवल के तहत आते हैं (जैसा कि हर पद के सामने बताया गया है)।

1. हर पद के लिए जरूरी कम से कम योग्यता और अनुभव, एमएचआरडी भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा नोटिफाई किए गए भर्ती नियमों (संख्या F-35-5/2018/TS-III, तारीख 04/04/2019) के अनुसार हैं।
2. हर कैटेगरी के लिए पदों के नाम और संख्या:

पद कोड	पद का नाम	7वें सीपीसी के अनुसार पे–लेवल	उम्र इससे ज्यादा न हो	रिक्तियाँ					
				अनारक्षित	अ.जा.	अ.ज.जा	अ.पि.व.–एनसीएल	इडब्ल्यूएस	कुल
1	तकनीकी सहायक	पीएल-6	30 वर्ष	4	1	0	2	0	7
2	जूनियर इंजीनियर (सिविल/इलेक्ट्रिकल)			3	1	0	1	0	5
3	लाइब्रेरी और सूचना सहायक			4	0	0	1	0	5
4	SAS सहायक			2	0	0	0	0	2
5	फार्मासिस्ट	पीएल-5	27 वर्ष	1	0	0	0	0	1
6	सीनियर टेक्नीशियन	पीएल-4	33 वर्ष	4	1	3	0	1	9
7	टेक्नीशियन	पीएल-3	27 वर्ष	6	2	5	0	1	14
8	लैब अटेंडेंट	पीएल-1	27 वर्ष	3	2	2	0	1	8
			कुल योग	27	7	10	4	3	51

उम्र में छूट के सभी मामलों में, ऑनलाइन आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख तक, कुल मिलाकर मिलने वाली उम्र की छूट का लाभ सभी योग्य आवेदकों को दिया जाएगा।

दिव्यांग और पूर्व–सैनिक कैटेगरी के लिए आरक्षण भारत सरकार के मौजूदा नियमों के अनुसार दिया जाएगा।

अधिक जानकारी इंस्टीट्यूट की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इच्छुक उम्मीदवार इंस्टीट्यूट की वेबसाइट **https://nita.ac.in** पर 'Recruitment' टैब के तहत दिए गए लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के लिए लिंक **20 सितंबर, 2026 को सुबह 10:00 बजे से 20 अक्टूबर, 2026 (शाम 05 बजे तक)** तक एक्टिव रहेगा। इच्छुक उम्मीदवार इस समय–सीमा के भीतर ऊपर दिए गए लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन करने से पहले आवेदकों को उम्र सीमा और शैक्षणिक योग्यता, खासकर विशेषज्ञता और संबंधित या उपयुक्त ट्रेड/फील्ड/विषय के बारे में योग्यता को ध्यान से पढ़ना और जांचना चाहिए। ऊपर बताई गई पद के लिए योग्यता के मानदंड और अन्य शर्तें NITs (2019) के भर्ती नियमों और भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा समय–समय पर अपडेट किए गए नियमों के अनुसार हैं।

कुलसचिव

EN 27/25

आई.सी.एम.आर.- भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र

ICMR - BHOPAL MEMORIAL HOSPITAL & RESEARCH CENTRE

स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

Department of Health Research, Ministry of Health and Family Welfare, Government. of India

रायसेन बायपास रोड, भोपाल-462038 (म.प्र.)

Raisen Bypass Road, Bhopal - 462038 (M.P.)

Phones:- +91 755 2742212-16, FAX:- +91 755 2748309,

Email: bmhrcbhopal@gmail.com, Website : www.bmhrc.ac.in

विज्ञापन संख्याः 01/BMHRC/भोपाल/2026

रिक्ति परिपत्र (VACANCY CIRCULAR)

भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (आईसीएमआर–बीएमएचआरसी), भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICMR), स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत, ग्रुप–बी एवं ग्रुप–सी के विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती (Direct Recruitment) के आधार पर नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

उक्त पदों पर नियुक्ति परिषद के अंतर्गत अखिल भारतीय स्थानांतरण दायित्व (**All India Transfer Liability**) के अधीन होगी। नियुक्त कर्मचारियों को बीएमएचआरसी के कर्मचारियों के लिए लागू नियमानुसार सामान्य भत्ते एवं अन्य अनुमन्य सुविधाएं देय होंगी।

आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 16 अक्टूबर, 2026 को शाम 5:00 बजे तक है।

विस्तृत विज्ञापन, पदों का विवरण, शैक्षणिक एवं अन्य पात्रता मानदंड तथा आवेदन प्रक्रिया की जानकारी के लिए कृपया बीएमएचआरसी की आधिकारिक वेबसाइट www.bmhrc.ac.in देखें।

मि. सं. E/37/2026-C-2: कर्मचारी चयन आयोग, दिल्ली पुलिस एवं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में उप-निरीक्षक पदों पर भर्ती हेतु परीक्षा, 2026 का आयोजन कंप्यूटर आधारित मोड में करेगा.

2. भर्ती संबंधी विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आयोग की वेबसाइट (**https://ssc.gov.in**) पर 10.09.2026 को अपलोड की गई विस्तृत अधिसूचना देखें. उक्त परीक्षा से संबंधित संशोधन/परिशिष्ट/सूचना, यदि कोई हो, तो केवल उक्त वेबसाइट पर ही जारी किए जाएंगे.

EN 27/32 भारत सरकार के अवर सचिव

सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन संस्थान

डॉ. वी.के.आर.वी. राव रोड, नगरभावी, बेंगलुरु-560072

विज्ञापन सं. A/2/2026

दिनांक : 18 सितंबर, 2026

प्रोफेसर (आरबीआई पीठ) के पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित

क्र. सं.	पदनाम	वेतन बैंड एवं ग्रेड वेतन	पदों की संख्या
1.	प्रोफेसर (आरबीआई पीठ)	रु. 1,44,200/- (अकादमिक स्तर-14), वर्तमान में लागू सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार.	1

उपर्युक्त पद के लिए विस्तृत विज्ञापन और आवेदन करने की प्रक्रिया हमारी वेबसाइट **www.isec.ac.in** पर उपलब्ध है.

आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख : 22 अक्टूबर, 2026.

EN 27/27 कुलसचिव

दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड

रोज़गार सूचना

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी, दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड में वेतन स्तर-9 तथा कंपनी के नियमों के अंतर्गत स्वीकार्य सामान्य भत्तों सहित निम्नलिखित पदों पर सीधी भर्ती के आधार पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :-

- **सहायक प्रबंधक (तकनीकी) प्रशिक्षु- विद्युतः 55 पद**
- **सहायक प्रबंधक (तकनीकी) प्रशिक्षु-गैर-विद्युत : 05 पद**
- **सहायक प्रबंधक (सिविल) प्रशिक्षु : 05 पद**

पात्रता मानदंड, नियम एवं शर्तों तथा संपूर्ण विवरण के लिए कृपया कंपनी की वेबसाइट **www.dtl.gov.in** पर **"Careers"** शीर्षक के अंतर्गत अथवा रोज़गार समाचार में देखें. EN 27/16

बीआरआईसी - राष्ट्रीय कोशिका विज्ञान केंद्र, पुणे

BIOTECHNOLOGY RESEARCH AND INNOVATION COUNCIL
NATIONAL CENTRE FOR CELL SCIENCE, PUNE
NCCS Complex, Savitribai Phule Pune University Campus, Ganeshkhind, Pune 411 007

पीएच.डी. प्रवेश- मार्च, 2027

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 5 दिसंबर, 2026

नेशनल सेंटर फॉर सेल साइंस (एनसीसीएस), पुणे, मार्च, 2027 सत्र के लिए अपने पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

आवेदक जो लगातार मजबूत अकादमिक रिकॉर्ड और सेल और आणविक जीव विज्ञान, संरचनात्मक जीवविज्ञान, जैव सूचना विज्ञान, सिस्टम बायोलॉजी, न्यूरोसाइंस, इम्यूनोलॉजी, संक्रमण जीवविज्ञान, कैंसर जीवविज्ञान और माइक्रोबियल पारिस्थितिकी सहित आधुनिक जीव विज्ञान के अग्रणी क्षेत्रों में डॉक्टरेट अनुसंधान को आगे बढ़ाने के लिए एक प्रदर्शित प्रतिबद्धता के साथ वास्तविक भारतीय नागरिक हैं, उन्हें आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। सीएसआईआर, यूजीसी, डीबीटी (श्रेणी I), आईसीएमआर, या बीआईएनसी द्वारा प्रदान की गई स्नातकोत्तर डिग्री और वैध जूनियर रिसर्च फैलोशिप (जेआरएफ) रखने वाले उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र हैं।

जिन आवेदकों के पास फेलोशिप नहीं है, लेकिन उन्होंने दिसंबर 2025 में एनसीबीएस/टीआईएफआर द्वारा आयोजित Jgeebils परीक्षा उत्तीर्ण की है, वे भी आवेदन करने के पात्र हैं। एनसीसीएस इस श्रेणी से चयनित उम्मीदवारों को सीमित संख्या में फेलोशिप प्रदान करेगा। पीएचडी साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग एनसीसीएस चयन मानदंड के अनुसार की जाएगी।

कृपया ध्यान दें कि आवेदन जमा करना साक्षात्कार या पीएचडी कार्यक्रम के लिए चयन के लिए शॉर्टलिस्टिंग की गारंटी नहीं देता है।

वांछनीयता:

1. उम्मीदवारों के पास विज्ञान की किसी भी शाखा में स्नातकोत्तर की डिग्री होनी चाहिए, आधुनिक जीव विज्ञान में अनुसंधान को आगे बढ़ाने में एक मजबूत रुचि होनी चाहिए, और न्यूनतम 60% अंक या समकक्ष ग्रेड प्वाइंट (जीपीए) प्राप्त करना चाहिए।
   - भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों और विकलांग व्यक्तियों के लिए ५% अंकों की छूट लागू होगी।
2. उम्मीदवारों को निम्नलिखित मानदंडों में से किसी एक को पूरा करना होगा:
   - सीएसआईआर, यूजीसी, डीबीटी (श्रेणी I), आईसीएमआर, या बीआईएनसी से वैध फेलोशिप प्राप्त करें
     या
   - दिसंबर 2025 में NCBS/TIFR द्वारा आयोजित JGEEBILS परीक्षा में उपस्थित हुए हैं। साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्टिंग NCCS द्वारा निर्धारित JGEEBILS कटऑफ पर आधारित होगी।

सीएसआईआर-यूजीसी (नेट), डीबीटी (श्रेणी II), गेट, आईसीएआर में लेक्चरशिप (एलएस) के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले या आईसीएमआर परियोजना श्रेणी के तहत सूचीबद्ध उम्मीदवार आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं।

विस्तृत विज्ञापन के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.nccs.res.in देखें।

डीन, शिक्षाविद

EN 27/11

राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड

National Fisheries Development Board
मत्स्यपालन विभाग/Department of Fisheries
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय /
Ministry of Fisheries, Animal Husbandry & Dairying
भारत सरकार /Government of India
स्तम्भ संख्या-235, पी.वी.एन.आर एक्सप्रेस वे,
डाक-एस.वी.पी.एन.पी. ए. हैदराबाद- 500052
Pillar No: 235, PVNR Expressway, SVPNPA Post, Hyderabad-500 052
फ़ोन/ Phone No. 040- 24000201;
फैक्स/ Fax No: 040-2401 5568; मेल/ Mail: info.nfdb@nic.in

No. A-12.0015.0/1/2024-Budg_acc Dated: 26-09-2026

वॉक-इन साक्षात्कार हेतु अधिसूचना
WALK IN INTERVIEW NOTIFICATION

राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (**NFDB**),हैदराबाद,तेलंगाना – **500052** में नीचे उल्लिखित सलाहकार की संविदात्मक आधार पर नियुक्ति हेतु 13 अक्टूबर, **2026** को प्रातः **10:30** बजे वॉक-इन साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा।:

Walk-in Interview will be held at 10:30 AM on 13th October 2026 at the National Fisheries Development Board, Hyderabad, Telangana – 500052, for engagement of the consultant indicated below on a contractual basis

क्र .सं Sl. No.	पद का नाम Name of the Position	पदों की संख्या No. of Posts	तैनाती का स्थान Place of Posting
1	युवा प्रोफेशनल-II (वाईपी-II) Young Professional-II (YP-II)	01	एएफडीबी, हैदराबाद NFDB, Hyderabad

पद के विवरण,पात्रता मानदंड एवं आवेदन प्रपत्र हेतु विस्तृत अधिसूचना देखने के लिए कृपया स्कैन करें।:

For details/eligibility criteria for the post and application proforma; please scan for detailed notification:

Advertisement English Application Advertisement Hindi Application

(Sd/-)
Executive Director (F&A) i/c

EN 27/18

आनुवंशिकी संभाग, भाकृअनुप-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान

नई दिल्ली-110012

वॉक्-इन-इंटरव्यू

विभिन्न पदों के लिए पात्र अभ्यर्थियों को **13/10/2026 को प्रातः 10:30 बजे भाकृअनुप-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली-110012** में आयोजित साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाता है. ये पद पूर्णतः संविदा के आधार पर हैं. विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.iari.res.in** देखें.

पद	परिलब्धियां
रिसर्च एसोसिएटः 1 पद	रु. 67,000 + मकान किराया भत्ता प्रतिमाह
सीनियर रिसर्च फेलोः 1 पद	प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के लिए रु. 37,000 + मकान किराया भत्ता प्रतिमाह; तृतीय वर्ष के लिए रु. 42,000 + मकान किराया भत्ता प्रतिमाह

संपर्क विवरणः
ई-मेल आईडीः
firoz.maize@iari.res.in

EN 27/46

भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर

(भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग का एक स्वायत्त अनुसंधान संस्थान)
डाक घर, सैनिक स्कूल, भुवनेश्वर – 751005, भारत , वेबसाइट: **www.iopb.res.in**

कनिष्ठ प्रशासन अधिकारी के पद की भर्ती

विज्ञापन संख्या: IOP/Recruit/06/2026 **आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख: 20/10/2026**

भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर, भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में काम करने वाला एक स्वायत्त अनुदान-प्राप्त शोध संस्थान है। यह सैद्धांतिक और प्रायोगिक भौतिकी के अत्याधुनिक क्षेत्रों में शोध करने वाला एक प्रमुख शोध संस्थान है। यह संस्थान, सीधी भर्ती के माध्यम से **कनिष्ठ प्रशासन अधिकारी (01)**- अनारक्षित के एक पद पर नियुक्ति के लिए योग्य और अनुभवी उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

पद	पद संख्या/ श्रेणी	पे लेवल	आवश्यक योग्यता तथा अनुभव	अधिकतम आयु सीमा
कनिष्ठ प्रशासन अधिकारी	01 (अनारक्षित)	7वें सीपीसी पे मैट्रिक्स का लेवल 8	**ज़रूरी योग्यता:** कम से कम 50% अंक सहित स्नातक **ज़रूरी अनुभव:** प्रशासन के क्षेत्र में केंद्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक उद्यम/स्वायत्त निकायों में 10 वर्ष के कार्य अनुभव के साथ सेवा संबंधी मामलों पर सरकारी आदेशों और नियमों की जानकारी हो। इनमें से 03 वर्ष का अनुभव 7वें सीपीसी पे मैट्रिक्स में लेवल 7 या उससे ऊपर/पूर्व संशोधित ग्रेड पे रु.4,600/- या उससे अधिक का होना चाहिए।	45 वर्ष

आवेदन कैसे करें: योग्य उम्मीदवारों को संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित आवेदन फ़ॉर्म में ही अपना आवेदन जमा करना चाहिए। इसके साथ ही, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, जन्म तिथि, श्रेणी, पे लेवल/ग्रेड पे और आवेदन में किए गए अन्य दावों के समर्थन में संबंधित प्रमाण-पत्रों और दस्तावेज़ों की स्व-प्रमाणित प्रतियाँ भी संलग्न करनी होंगी। आवेदन की सॉफ्ट कॉपी 20/10/2026 **तक** ईमेल आईडी **"recruit@iopb.res.in"** पर भेजी जा सकती है और उसके बाद मूल प्रति भेजी जानी चाहिए। मूल प्रति 30/10/2026 तक या इससे पहले संस्थान में पहुँच जानी चाहिए। निर्धारित समय के भीतर और निर्धारित तरीके से न मिलने वाले आवेदनों को अस्वीकार किया जा सकता है। अधिक जानकारी एवं आवेदन हेतु कृपया संस्थान की वेबसाइट **www.iopb.res.in** पर जाएँ। EN 27/31

निदेशक

संस्कृति मंत्रालय MINISTRY OF CULTURE

विक्टोरिया मेमोरियल हॉल

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार
1, क्वीन्स वे, कोलकाता – 700071

सचिव और संग्रहाध्यक्ष

के पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है

विज्ञापन संख्या 01/2026

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संस्था, विक्टोरिया मेमोरियल हॉल, कोलकाता, योग्य उम्मीदवारों से **सचिव और संग्रहाध्यक्ष** के पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करती है। यह भर्ती सीधे तौर पर की जाएगी; यदि ऐसा नहीं हो पाता है, तो डेप्युटेशन या ट्रांसफर के ज़रिए नियुक्ति की जाएगी।

इस विज्ञापन को रद्द करने या इसमें किसी भी समय कोई बदलाव करने का पूरा अधिकार **विक्टोरिया मेमोरियल हॉल, कोलकाता** के मैनेजमेंट के पास है। पूरी तरह से भरे हुए आवेदन मिलने की अंतिम तारीख **26 अक्टूबर, 2026 शाम 5 बजे** है।

पद का विवरण नीचे दिया गया है:

1.	पद का नाम	**सचिव और संग्रहाध्यक्ष**
2.	पदों की संख्या	01 (एक)
3.	भर्ती का तरीका	सीधी भर्ती और यदि वह न हो सके तो डेपुटेशन या स्थानांतरण द्वारा
4.	वेतनमान	**वेतन स्तर – 13** (₹1,23,100 - ₹ 2,15,900/-)
5.	पद के लिए **प्रोबेशन की अवधि, यदि कोई हो**	1 साल, जिसे दो साल तक बढ़ाया जा सकता है।
6.	(क) **सीधी भर्ती के लिए आयु सीमा**	26.10.2026 तारीख को उम्र 55 साल से ज़्यादा नहीं होनी चाहिए। अगर कोई विभागीय उम्मीदवार अन्यथा अच्छी योग्यता रखता है, तो चयन समिति की सिफारिश पर ट्रस्टीज़ द्वारा इसमें छूट दी जा सकती है।
	(ख) **डेपुटेशन के लिए आयु सीमा**	26.10.2026 तारीख को उम्र 56 साल से ज़्यादा नहीं होनी चाहिए।
7.	**कार्यकाल**	विक्टोरिया मेमोरियल हॉल में सचिव और संग्रहाध्यक्ष के पद पर सीधी भर्ती के तहत नियुक्ति, कैबिनेट की नियुक्ति समिति (ACC) के DoPT कार्यालय मेमोरेंडम नंबर AB-14017/12/2022-Estt.(RR) (दिनांक 24.06.2022) के निर्देशों के अनुसार, अधिकतम 05 (पांच) साल के कार्यकाल के लिए या सेवानिवृत्ति की उम्र तक पहुंचने तक जो भी पहले हो की जाएगी।
8.	सीधे **भर्ती होने वालों के लिए ज़रूरी शैक्षणिक और अन्य योग्यताएं**	**ज़रूरी योग्यताएँ:** i) किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से इतिहास (आधुनिक) में M.A. (प्रथम श्रेणी) या इसके बराबर ऑनर्स डिग्री (प्रथम श्रेणी), या आधुनिक भारतीय इतिहास से जुड़े किसी भी विषय में डॉक्टरेट के साथ M.A. (द्वितीय श्रेणी); ii) रिसर्च से जुड़े पब्लिकेशन; iii) रिसर्च कर रहे छात्रों को गाइड करने की क्षमता; iv) किसी यूनिवर्सिटी या प्रथम ग्रेड कॉलेज में पढ़ाने का 10 साल का अनुभव या किसी ज़िम्मेदार पद पर 5 साल का प्रशासनिक अनुभव। **वांछनीय योग्यताएँ:** i) म्यूज़ियोलॉजी में प्रथम श्रेणी डिप्लोमा; ii) म्यूज़ियम डेवलपमेंट के लिए मशहूर कम से कम 2 देशों की विदेश यात्रा।
9.	प्रमोशन / **डेपुटेशन / ट्रांसफर से भर्ती के मामले में, वे ग्रेड जिनसे प्रमोशन / डेपुटेशन / ट्रांसफर किया जाना है**	डेपुटेशन या ट्रांसफर के मामले में प्रोफ़ेसर / वरिष्ठ प्रथम श्रेणी अधिकारी।
10.	**कर्तव्य और जिम्मेदारियां**	क) सचिव और संग्रहाध्यक्ष, विक्टोरिया मेमोरियल हॉल के लिए विभाग के प्रमुख के तौर पर काम करेंगे और इस भूमिका से जुड़े सभी कर्तव्यों का पालन करेंगे। ख) वह विक्टोरिया मेमोरियल हॉल अधिनियम 1903 के तहत सचिव के कर्तव्यों का पालन करेंगे। ग) वह विक्टोरिया मेमोरियल हॉल (वीएमएच) के ट्रस्टियों और वीएमएच की एग्जीक्यूटिव और फाइनेंस कमिटी जैसी विभिन्न संस्थाओं की देखरेख और नियंत्रण में काम करेंगे। वह वीएमएच एक्ट के प्रावधानों, अधिनियम के तहत बनाए गए नियमों/विनियमों और समय-समय पर चेयरमैन और ट्रस्टी सदस्यों द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे; घ) वह सरकार के उन सभी नीतिगत निर्देशों और/या आदेशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए ज़िम्मेदार होंगे जो आम तौर पर स्वायत्त संगठनों और खास तौर पर वीएमएच पर लागू होते हैं।
11.	आवेदन की विधि	**ज़रूरी दस्तावेज़ों और परिचय पत्र के साथ तय प्रारूप में आवेदन, माननीय राज्यपाल के सचिव, लोक भवन, कोलकाता – 700062 के पास 26.10.2026 को शाम 5.00 बजे तक पहुँच जाने चाहिए।** डाक में होने वाली किसी भी देरी के लिए विक्टोरिया मेमोरियल हॉल ज़िम्मेदार नहीं होगा और आखिरी तिथि/समय के बाद मिलने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। जो उम्मीदवार पहले से नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने आवेदन उचित माध्यम से भेजने चाहिए साथ ही, उन्हें संस्थान या विभाग के प्रमुख से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) और संस्थान/विभाग के प्रमुख से यह लिखित आश्वासन कि चुने जाने पर उम्मीदवार को पद संभालने के लिए जारी किया जाएगा॥ कर्मचारी को आवेदन प्रपत्र के साथ ये दस्तावेज़ भी भेजने चाहिए: a) एसीआर डॉसियर या पिछले 5 सालों की एसीआर की सत्यापित प्रतिलिपि; b) ईमानदारी का प्रमाणपत्र; c) विजिलेंस प्रमाणपत्र; d) एक बयान जिसमें आवेदक पर लगाई गई बड़ी या छोटी दंड (अगर कोई हो) की जानकारी हो। आवेदन प्रपत्र विक्टोरिया मेमोरियल हॉल की वेबसाइट www.victoriamemorial-cal.org से डाउनलोड किया जा सकता है।

Prescribed format for Application against Advertisement No. 01/2026

Post applied for : .....

.....

Recent passport photograph of the applicant

Sl. No.	Details of the candidate
1.	Name in full (in Block letters)
2.	Address (Permanent and present)
3.	Email ID
4.	Mobile Number
5.	Nationality
6.	Date of birth, and Age (yy/mm/dd) as on 26.10.2026
7.	Category – whether SC/ST/OBCEWS/General?
8.	Particulars of educational and other qualifications
	A. Essential Qualification as required for the post i. Educational Qualification in the area of (put details in Sl. No.09) ii. Evidence of published research work, if any. iii. Computer knowledge, if any iv. Field experience and practical training in the area of
	B. Desirable Qualification as required for the post, if any i. ii. iii. iv.
9.	Particulars of Education / Professional / Technical qualifications:-

Examination passed	Name of Institution / College / University	Class / Division obtained	Year of passing	Subject taken

10.	Details of Experience / Past Employment (Starting from the latest)

Name of office/ organization (Whether Govt. or Autonomous Body)	Post Held	Period (dd/mm/yy)			Pay Level / GP and Scale of Pay	Areas of work
		From	To	Total in Years and Months		

11.	I do hereby declare that the information furnished above is true to the best of my knowledge and belief and in case the same is found to be incorrect at any stage of the selection, my candidature will be treated as cancelled.

Note :

1) Information in respect of Sl.No.6 to 10 should be supported by self-attested copies of certificates and testimonials otherwise the application will not be considered.
2) If in Govt./Semi Govt. / Autonomous Body service, application should be routed through proper channel. However, an advance copy may be sent separately.
3) Canvassing in any form / or bringing in any influence, political or otherwise, will be treated as disqualification for the post.

Date: _____ **Candidate's signature**

Endorsement by the present employer (for Govt./ Semi-Government / Autonomous Body)

Signature _____

Designation _____

Date _____

EN 27/59



(विज्ञापन सं. डीएएस (एमबीआई)/एपीपी/आईटी-28)

विनिर्दिष्टन ट्रेडों में प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के लिए नामांकन (आईटी-28)

(कानूनी रूप से अमान्य)

1. नौसेना डॉकयार्ड मुंबई द्वारा समय-समय पर यथा संशोधित प्रशिक्षुता नियम 1992 के साथ पठित प्रशिक्षुता अधिनियम, 1961 और एमएसडीई/भारत सरकार के दिशानिर्देशों के तहत विभिन्न विनिर्दिष्ट ट्रेडों में डाकयार्ड अप्रेंटिस स्कूल, मुंबई में प्रशिक्षुता प्रशिक्षण में नामांकन के लिए गैर आईटीआई (02 ट्रेड)/आईटीआई उत्तीर्ण (30 ट्रेड)/फ्रेशर अभ्यर्थियों (पुरुष/महिला) से ऑनलाइन आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं. नीचे दर्शाए गए विवरण के अनुरूप कुल 283 रिक्तियां भरी जानी हैं:-

क्रम सं.	प्रशिक्षुता विनिर्दिष्ट ट्रेड	पात्र ट्रेड	रिक्तियां	रिक्तियों का वितरण					
				अजा	अजजा	अपिव (गैर संपन्न वर्ग)	अना	पीडब्ल्यूबीडी	भूपूसै
1	एडवांस मैकेनिक (इंस्ट्रूमेंट)	अप्रेंटिस नियम, 1992 की अनुसूची I के अनुसार पात्र आईटी ट्रेड और न्यूनतम अर्हता	2	0	0	0	2	0	0
2	कम्प्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग सहायक (सीओपीए)		6	1	0	1	4	0	0
3	इलेक्ट्रिशियन		37	4	3	7	23	2 (समूह क/ग)	1
4	इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक		21	2	2	4	13	1 (समूह क/ख/ग/घ एवं ङ)	1
5	फिटर		21	2	2	4	13	1 (समूह क/ख/ग)	1
6	फाउण्ड्री मैन		1	0	0	0	1	0	0
7	आईएंडसीटीएसएम		4	0	0	1	3	0	0
8	इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक		2	0	0	0	2	0	0
9	मशीनिस्ट		10	1	1	2	6	0	0
10	मरीन इंजिन फिटर		17	2	2	3	10	1 (समूह क/ख/ग)	1
11	मेसन		3	0	0	1	2	0	0
12	मैकेनिक (सेंट्रल एसी प्लांट इंडस्ट्रियल कूलिंग एंड पैकेज एअर कंडीशनिंग)		1	0	0	0	1	0	0
13	मैकेनिक (एम्बेडिड सिस्टम एंड पीआईसी)		5	0	0	1	4	0	0
14	मैकेनिक (मोटर वाहन)		2	0	0	0	2	0	0
15	मैकेनिक डीजल		23	3	2	4	14	1 (समूह क/ख/ग)	1
16	मैकेनिक इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रॉनिक्स		8	1	1	1	5	0	0
17	मैकेनिक मैकेट्रॉनिक्स		6	1	1	1	3	0	0
18	मैकेनिक एमटीएम		11	1	1	2	7	0	0
19	मैकेनिक रेफ्र. एंड एसी		5	1	0	1	3	0	0
20	ऑपरेटर एडवांस मशीन टूल		2	0	0	0	2	0	0
21	पेंटर (जी)		8	1	0	2	5	0	0
22	पैटर्न मेकर		1	0	0	0	1	0	0
23	पाइप फिटर		7	1	1	1	4	0	0
24	प्रोग्रामिंग और सिस्टम एडमिनिस्ट्रेशन सहायक		2	0	0	0	2	0	0
25	शीट मेटल वर्कर		2	0	0	0	2	0	0
26	शिपराइट स्टील		7	1	1	1	4	0	0
27	शिपराइट वुड		24	2	2	5	15	1 (समूह क /ग/घ/ङ)	1
28	टीआईजी/एमआईजी वेल्डर		11	1	1	2	7	0	0
29	वेल्डर (जीएंडई)		19	2	2	4	11	1(समूह क/ग)	1
30	वेल्डर (पाइप एंड प्रेशर वैसल्स)		9	1	1	2	5	0	0
31	क्रेन ऑपरेटर ओवरहैड (एसआई)	10वीं उत्तीर्ण	3	0	0	1	2	0	0
32	रिगर	8वीं पास	3	0	0	1	2	0	0
	कुल		283	28	23	52	180	8	7

(शेष पृष्ठ 17 पर)

(पृष्ठ 16 का शेष)

पीडब्ल्यूडीज के लिए शारीरिक उपयुक्तता अपेक्षा – अधिसूचना सं 30-12/2020-डीडी-III दिनांक 24 अगस्त, 2022 के तहत यथा संशोधित सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की अधिसूचना संख्या 38-16/2020-डीडी-III दिनांक 04 जनवरी 2021 द्वारा चिन्हित किए अनुसार बेंचमार्क निःशक्तता की निम्नलिखित योग्य श्रेणियों से संबंधित पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार तद्नुसार आवेदन कर सकते हैं:-

बेंचमार्क निःशक्तता के उपयुक्त समूह

समूह क-एलडी, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी

समूह ख- बी, एलवी

समूह ग-डी, एचएच

समूह घ- एएसडी (एम, एमओडी), आईडी, एसएलडी, एमआई

समूह ङ- एमडी

*** अंग विकृति से जुड़े एसडी/एसआई ग्रस्त व्यक्ति एलडी की संबंधित उप श्रेणी, जो भी मामला हो, के तहत कवर किए जायेंगे.**

टिप्पणी: पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के पास ऑनलाइन आवेदन करने से पहले सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की अधिसूचना जीएसआर 591 (ई) दिनांक 15 जून 2017 के नियम 18(1) पर यथा वर्णित निर्धारित प्रपत्र में सक्षम प्राधिकारी से जारी निःशक्तता प्रमाणपत्र होना चाहिए. प्रारूप **https://www.apprenticeshipregistration.com** पर भी उपलब्ध है. पोर्टल में प्रारूप 'महत्वपूर्ण दस्तावेज' के तहत उपलब्ध है.

2. प्रयुक्त संक्षिप्ताक्षर: अना- अनारक्षित, अजा- अनुसूचित जाति, अजजा- अनुसूचित जनजाति, अपिव (एनसीएल)- अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर संपन्न वर्ग), पीडब्ल्यूबीडी- बेंचमार्क निःशक्तता ग्रस्त व्यक्ति, भूपूसै- भूतपूर्व सैनिक, एलडी- गतिविषय निःशक्तता, सीपी- प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात, एलसी- कुष्ठ रोग निवारित, डीडब्ल्यू - बौनापन, एएसी- एसिड हमला पीड़ित, एएसडी (एम, एमओडी)- ऑस्टिज्म स्पैक्ट्रम विकार (एम-माइल्ड, एमओडी-मॉडरेट), आईडी-बौद्धिक निःशक्तता, एसएलडी-विशिष्ट शिक्षण निःशक्तता, एमआई-मानसिक बीमारी, एमडी-बहु निःशक्तताएं, एसडी-स्पाइनल विकृति, एसएल-स्पाइनल की चोट, भूपूसै-भूतपूर्व सैनिक, उनके बच्चों, सेवारत सशस्त्र बल कार्मिकों के बच्चे और मृतक/निःशक्त, भूतपूर्व सैनिकों, शांतिकाल में मारे गये/निःशक्त हुए व्यक्तियों सहित, के बच्चे.

3. आरक्षण: अजा और अजजा श्रेणियों के लिए आरक्षण प्रशिक्षुता नियम, 1992 की अनुसूची II ए के अनुसार और अपिव (गैर संपन्न वर्ग) के लिए 2004 के महाराष्ट्र अधिनियम सं. VIII के अनुरूप उपलब्ध है. आरक्षित रिक्तियां पात्र अजा, अजजा, अपिव उम्मीदवारों में से अलग से भरी जायेंगी जो कि या तो अना श्रेणी की मैरिट सूची पर अंतिम उम्मीदवार के मुकाबले मैरिट में नीचे हैं अथवा अजा/अजजा/अपिव (गैर संपन्न वर्ग) उम्मीदवार जिसने संबंधित श्रेणी के लिए आयु छूट का लाभ लिया है भले ही मैरिट सूची में उसका स्थान जो भी है. इसी प्रकार पीडब्ल्यूबीडी और भूपूसै के लिए आरक्षित रिक्तियां संबंधित श्रेणी के ऐसे पात्र उम्मीदवारों में से भरी जायेंगी जो कि अंतिम उम्मीदवार की अपेक्षा संबंधित श्रेणी की मैरिट सूची में नीचे है, परंतु अन्य प्रकार से यहां तक कि छूट प्राप्त मानदंड से नियुक्ति के लिए उपयुक्त पाया गया है. पीडब्ल्यूबीडी और भूपूर्व सैनिक लिए, जो क्षैतिज आरक्षण की श्रेणी के अधीन सीधे आरक्षण के तहत, अर्थात अजा/अजजा/अपिव (एनसीएल) के लिए आरक्षण के अंतर्गत आता है (जो कि इंटर लॉकिंग आरक्षण कहलाता है) आरक्षण का प्रावधान है. पीडब्ल्यूडी और भूपूसै कोटा के तहत चयनित उम्मीदवारों को अना/अजा/अजजा/अपिव (एनसीएल) की उपयुक्त श्रेणी में, जो भी मामला हो, रखा जायेगा.

4. क्षैतिज आरक्षण: पीडब्ल्यूबीडी के लिए आरक्षण एटीएस के लिए आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016 के प्रावधानों को लागू करने और पीडब्ल्यूबीडी की ट्रेड वार उपयुक्तता के संबंध में एमएसडीई-4/3/2023-एपी(पीएमयू) दिनांक 11 अप्रैल, 25 के तहत लागू है. भूतपूर्व सैनिकों, उनके बच्चों और सशस्त्र बलों के कार्मिकों के बच्चों के लिए आरक्षण प्रशिक्षुता प्रशिक्षण मैनुअल के पैरा 3.6.3 के अनुरूप निम्नलिखित कार्मिकों के लिए लागू है:-

4.1 मृतक: निःशक्त भूतपूर्व सैनिकों, शांतिकाल के दौरान मारे गए/निःशक्त हुए व्यक्तियों सहित, के बच्चे.

4.2 भूतपूर्व सैनिकों के बच्चे

4.3 सेवारत जवानों के बच्चे

4.4. सेवारत अधिकारियों के बच्चे

4.5 भूतपूर्व सैनिक

5. पात्रता शर्तें

5.1 शैक्षणिक अर्हताएं. प्रशिक्षुता प्रशिक्षण प्रशिक्षुता नियम, 1992 की अनुसूची 1 के अनुरूप प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के लिए आवेदन हेतु अपेक्षित न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता निम्नानुसार है:-

5.1.1 रिगर. 8वीं श्रेणी में न्यूनतम कुल 50 प्रतिशत

5.1.2 क्रेन ऑपरेटर. 10वीं श्रेणी में न्यूनतम कुल 50 प्रतिशत

5.1.3 अन्य सभी विनिर्दिष्ट ट्रेडें. 10वीं श्रेणी में संगत विषयों में न्यूनतम कुल 50 प्रतिशत, इसके उपरांत एनसीवीटी या एससीवीटी के तहत संबंधित ट्रेडों में आईटीआई में (सभी सेमेस्टरों में समेकित) न्यूनतम कुल 50 प्रतिशत. प्रशिक्षुता के लिए निर्धारित ट्रेडों हेतु पात्र आईटीआई ट्रेडें समय-समय पर यथा संशोधित प्रशिक्षुता नियम, 1992 की अनुसूची 1 के अनुरूप हैं.

6. आयु सीमा और वृत्तिका: प्रशिक्षुता अधिनियम 1961 के अनुरूप प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के लिए कोई ऊपरी आयु सीमा नहीं है. गैर खतरनाक और खतरनाक के तौर पर वर्गीकृत ट्रेडों के लिए न्यूनतम आयु सीमा निम्नानुसार सारणीबद्ध की गई है. इसके अलावा प्रशिक्षु नीचे सारणी में दी गई दरों पर मासिक आधार पर वृत्तिका एमएसडीई के दिशानिर्देश डीजीटी-36/1/2021-एपी दिनांक 15 सितंबर के अनुरूप भुगतान प्राप्त करने के लिए पात्र हैं:-

क्रम संख्या	ट्रेड	आयु मानदंड	प्रशिक्षण की अवधि	वृत्तिका का भुगतान
	गैर-खतरनाक ट्रेडें			
1	एडवांस मैकेनिक (इंस्ट्रूमेंट)	न्यूनतम आयु (14 वर्ष) (निर्णायक तिथि को)	एक वर्ष	रु. 9600/-
2	कम्प्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग सहायक (सीओपीए)		एक वर्ष	रु. 9600/-
3	इलेक्ट्रिशियन		एक वर्ष	रु. 9600/-
4	इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक		एक वर्ष	रु. 9600/-
5	प्रोग्रामिंग और सिस्टम्स एडमिनिस्ट्रेशन सहायक		एक वर्ष	रु. 9600/-
6	सूचना और संचार प्रौद्योगिकी सिस्टम अनुरक्षण (आईएंडसीटीएसएम)		एक वर्ष	रु. 9600/-
7	इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक		एक वर्ष	रु. 9600/-
8	मशीनिस्ट		एक वर्ष	रु. 9600/-
9	मरीन इंजिन फिटर		एक वर्ष	रु. 9600/-
10	फिटर		एक वर्ष	रु. 9600/-
11	मैकेनिक (सेंट्रल ए/सी प्लांट, इंडस्ट्रियल कूलिंग और पैकेज एअर कंडीशनिंग)		एक वर्ष	रु. 9600/-
12	मैकेनिक (एम्बेडिड सिस्टम और पीआईसी)		एक वर्ष	रु. 9600/-
13	मैकेनिक (मोटर वाहन)		एक वर्ष	रु. 9600/-
14	मैकेनिक डीजल		एक वर्ष	रु. 9600/-
15	मैकेनिक इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रानिक्स		एक वर्ष	रु. 9600/-
16	मैकेनिक मैकाट्रॉनिक्स		एक वर्ष	रु. 9600/-
17	मैकेनिक मशीन टूल अनुरक्षण (एमटीएम)		एक वर्ष	रु. 9600/-
18	मैकेनिक रेफ्र. एवं ए/सी		एक वर्ष	रु. 9600/-
19	ऑपरेटर एडवांस मशीन टूल		एक वर्ष	रु. 9600/-
20	पाइप फिटर		एक वर्ष	रु. 9600/-
21	मेसन		एक वर्ष	रु. 9600/-
22	शीट मेटल वर्कर		एक वर्ष	रु. 9600/-
23	शिपराइट स्टील		दो वर्ष	रु. 9600/-
24	शिपराइट वुड		एक वर्ष	रु. 9600/-
25	क्रेन ऑपरेटर ओवरहैड (एसआई)		15 माह	रु. 8200/-
26	रिगर		दो वर्ष	रु. 6800/-

(शेष पृष्ठ 18 पर)

(पृष्ठ 17 का शेष)

		खतरनाक ट्रेडें	एक वर्ष	रु. 9600/-
क्रम संख्या	ट्रेड	आयु मानदंड	प्रशिक्षण की अवधि	वृत्तिका का भुगतान
27	फाउण्ड्री मैन	न्यूनतम आयु (18 वर्ष) (निर्णायक तिथि को)*	एक वर्ष	रु. 9600/-
28	पैटर्न मेकर		18 माह	रु. 9600/-
29	टिग/मिग वेल्डर		एक वर्ष	रु. 9600/-
30	वेल्डर (जी एंड ई)		एक वर्ष	रु. 9600/-
31	वेल्डर (पाइप और प्रेशर वैसल्स)		एक वर्ष	रु. 9600/-
32	पेंटर (जी)		एक वर्ष	रु. 9600/-

टिप्पणी: उम्मीदवारों को ध्यान होना चाहिए कि नेवल डॉकयार्डस में ट्रेडसमैन के पद के लिए रोज़गार के नियमों में ऊपरी आयु सीमा निर्धारित है और किसी भी नौसेना डॉकयार्ड में प्रशिक्षुता प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद, कुशल ट्रेडसमैन के पद के लिए आवेदन करने के लिए डॉकयार्ड अप्रेंटिस स्कूल, मुंबई के सभी पूर्व नौसेना प्रशिक्षुओं के लिए लागू है.

* **निर्णायक तिथि:** आयु सीमा और पात्रता मानदंड के निर्धारण के लिए निर्णायक तिथि ऑनलाइन आवेदनों की प्राप्ति के लिए बंद होने की तिथि होगी. जन्म तिथि जिसका संबंधित शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी 10वीं श्रेणी प्रमाणपत्र में उल्लेख है, जन्म तिथि के सबूत हेतु विचार में ली जायेगी. उन मामलों में जहां 10वीं श्रेणी प्रमाणपत्र में जन्म तिथि का उल्लेख नहीं किया गया है, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाणपत्र को जन्म तिथि के सबूत के तौर पर विचार में लिया जायेगा. रिगर ट्रेड के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों और जिनके पास 10वीं का प्रमाणपत्र नहीं है, सक्षम अधिकारी से जारी जन्म प्रमाणपत्र को जन्म तिथि के सबूत के तौर पर विचार में लिया जायेगा.

7. शारीरिक मानदंड. उम्मीदवारों को प्रशिक्षुता नियम 1992 के नियम 4 और अनुसूची II में यथा विनिर्दिष्ट शारीरिक फिटनेस के न्यूनतम मानदंडों को पूरा करना चाहिए. प्रमुख अपेक्षाएं नीचे प्रदान की गई हैं:-

7.1 प्रशिक्षण हेतु शारीरिक फिटनेस मानदंड: उम्मीदवार तपेदिक, छूत/संक्रामक बीमारियों तथा ऐसी किसी भी बीमारी से मुक्त होना चाहिए जिससे कि सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए ख़तरा उत्पन्न होता हो.

7.2 ऊंचाई: न्यूनतम 137 सें.मी., **भार:** न्यूनतम 25.4 कि.ग्रा., **सीना विस्तार:** न्यूनतम 3.8 सें. मी.

7.3 आंखें: कोई भी आंख या पलकें रूग्णता से मुक्त होनी चाहिए.

7.4 कोई अन्य गंभीर बीमारी से मुक्त हों (एलिमेंटरी सिस्टम, कार्डियो वासकुलर, श्वास प्रणाली, जेनिटो-यूरिनरी सिस्टम, स्केलेटन सिस्टम, नाड़ी प्रणाली, ग्लेंडुलर सिस्टम, कान, चर्म और बोलचाल)

8. पूर्ववर्ती प्रशिक्षण: प्रशिक्षुता अधिनियम-1961 के अनुसार, जो व्यक्ति किसी सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र/निजी औद्योगिक संगठन में प्रशिक्षुता प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, उनके लिए डाकयार्ड अप्रेंटिस स्कूल, नौसेना डॉकयार्ड मुंबई में प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के लिए आवेदन करने से पूर्व एमएसडीई पोर्टल के जरिए सृजित अपने जारी प्रशिक्षुता अनुबंध को समाप्त करना अपेक्षित है और कोई भी कूलिंग डाउन मानदंड, यदि लागू है, पूरा करना होगा.

9. प्रशिक्षुता प्रशिक्षण की अवधि: प्रशिक्षुता की अवधि समय-समय पर यथा संशोधित प्रशिक्षण नियम 1992 के नियम 7 और अनुसूची 1 के अनुरूप होगी. ऊपर वर्णित 'आयु सीमा और वृत्तिका' संबंधी सारणी में ट्रेडों और उनकी अवधि का उल्लेख किया गया है.

10. चयन की विधि: प्रशिक्षुता प्रशिक्षुओं का चयन सक्षम प्राधिकारी द्वारा लागू दिशानिर्देशों के अनुरूप संचालित किया जायेगा.

10.1 आवेदनों की स्क्रीनिंग: नौसेना डाकयार्ड मुंबई परीक्षा के लिए उपस्थित होने के वास्ते उम्मीदवारों को अनुमति के लिए ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों की विस्तृत जांच नहीं करेगा. दस्तावेजों की विस्तृत जांच बाद के चरण में की जायेगी.

10.2 आवेदनों का अल्पसूचीकरण: सामान्यतः सभी पात्र उम्मीदवारों को चयन के उद्देश्य के लिए उपस्थित होने की अनुमति प्रदान की जायेगी. मात्र बुनियादी चयन मानदंड पूरा करने से स्वतः ही कोई उम्मीदवार लिखित परीक्षा के लिए बुलाए जाने का पात्र नहीं हो जायेगा. यदि रिक्तियों के अनुपात में प्राप्त आवेदनों की संख्या बहुत अधिक होती है, सक्षम प्राधिकारी के पास आवेदनों के अल्पसूचीकरण, जैसा भी उपयुक्त समझा जाता है, का अधिकार सुरक्षित है, और तब केवल अल्पसूचीबद्ध उम्मीदवारों को ही लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा. अल्पसूचीकरण प्रत्येक ट्रेड और श्रेणी में उपलब्ध प्रत्येक रिक्ति के लिए 1:25 के अनुपात में किया जायेगा. मैरिट की गणना मान्यताप्राप्त बोर्ड से कक्षा 10वीं में प्राप्त अंकों और मान्यताप्राप्त आईटीआई से प्राप्त अंकों, जैसा कि एनसीवीईटी से जारी एआईटीटी के लिए अंकों के समेकित विवरण में दर्ज किया गया है, को समान अधिमान (50:50) के आधार पर, क्रेन ऑपरेटर (एसआई) (श्रेणी 10वीं को 100 प्रतिशत अधिमान) और रिगर (श्रेणी 8वीं को 100 प्रतिशत अधिमान) के लिए उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को छोड़कर, की जायेगी.

10.3 लिखित परीक्षा की योजना: सभी पात्र उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के लिए उपस्थित होना पड़ेगा जिसमें वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न शामिल होंगे. प्रश्न पत्र वस्तुनिष्ठ प्रकार का होगा और प्रत्येक एक अंक का ओएमआर फार्मेट होगा. प्रश्न पत्र में 100 प्रश्न होंगे. रिगर की ट्रेड को छोड़कर सभी ट्रेडों के लिए सभी प्रश्न 10वीं श्रेणी के स्तर के पाठ्यक्रम के अनुरूप होंगे. हालांकि रिगर ट्रेड के लिए प्रश्न पत्र 8वीं श्रेणी के पाठ्यक्रम के अनुरूप होगा. परीक्षा द्विभाषी (अंग्रेजी और हिंदी) होगी. परीक्षा की विधि के बारे में ई-प्रवेश पत्र के साथ अग्रेषित अनुदेशों में सूचित की जायेगी. ई-प्रवेश पत्र को **https://www.apprenticeshipregistration.com** से डाउनलोड करना अपेक्षित है. **एकल परीक्षा पेपर में निम्नलिखित पहलुओं को शामिल किया जायेगा :-**

क्रम सं.	विषय	अधिकतम अंक	अवधि
1.	सामान्य विज्ञान	35	02 घण्टा
2.	गणित	35	
3.	सामान्य ज्ञान	30	
	कुल	100	

10.4 बराबरी का समाधान: यदि चयन परीक्षा में दो या अधिक उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंक समान हैं, लागू नियमों के अनुरूप मैरिट क्रम तैयार करने के लिए निम्नलिखित प्रक्रिया लागू की जायेगी:

10.4.1 मैरिट सूची तैयार करने के लिए पहले कदम/मानदंड के तौर पर लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों पर विचार किया जायेगा.

10.4.2 यदि लिखित परीक्षा में अंक समान है, मैरिट सूची के लिए जन्म तिथि को विचार में लिया जायेगा, आयु में बड़ा उम्मीदवार मैरिट में ऊपर चयनित उम्मीदवार माना जायेगा.

10.4.3 यदि जन्म तिथि भी समान है, अक्षर क्रम, जिसमें उम्मीदवार का नाम पहले आता है, को विचार में लिया जायेगा.

11. परीक्षा की तिथि: लिखित परीक्षा की वास्तविक तिथि, समय और स्थान के संबंध में अल्पसूचीबद्ध उम्मीदवारों को पंजीकृत ईमेल आईडी पर सूचित किया जायेगा. आगे किसी भी अनुदेशों/संशोधनों/अद्यतनों के लिए समय-समय पर नामांकन पोर्टल **https://www.apprenticeshipregistration.com** के लिंक के जरिए संदर्भ प्राप्त किया जा सकता है. यह सूचित किया जाता है कि लिखित परीक्षा मुंबई और इसके उपनगरीय जिलों (जैसे कि ठाणे, कांदिवली आदि) में संचालित की जायेगी.

12. स्क्राइब: लिखने में कठिनाई महसूस करने वाले उम्मीदवारों के लिए स्क्राइब की सुविधा का प्रावधान निम्नानुसार किया जायेगा:-

12.1 40% और इससे अधिक बेंचमार्क निःशक्तता से ग्रस्त व्यक्तियों के मामले में दृष्टिबाधिता, गतिविषयक निःशक्तता (दोनों बाजू प्रभावित-बीए) और प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात की श्रेणी में स्क्राइब की सुविधा, यदि उम्मीदवार इच्छुक है, प्रदान की जाएगी. बेंचमार्क निःशक्तता की अन्य श्रेणी के व्यक्तियों के मामले में, इस संबंध में प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर स्क्राइब के लिए अनुमति दी जा सकती है कि संबंधित व्यक्ति की लिखने की शारीरिक सीमाएं हैं और उसकी ओर से परीक्षा में लिखने के लिए स्क्राइब का होना आवश्यक है. प्रमाणपत्र सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के का.ज्ञा. 34-02/2015-डीडी-III दिनांक 29 अगस्त 2018 के परिशिष्ट के अनुरूप किसी राजकीय स्वास्थ्य देखभाल संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन/चिकित्सा अधीक्षक से जारी किया गया होना चाहिए. यदि उम्मीदवार को उसका अपना स्क्राइब लेकर आने की अनुमति दी जाती है, स्क्राइब की योग्यता, परीक्षा देने वाले उम्मीदवार की अर्हता से एक कदम नीचे की होनी चाहिए स्वयं के स्क्राइब के लिए विकल्प चुनने वाले बेंचमार्क निःशक्तता ग्रस्त व्यक्ति को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के का.ज्ञा. 34-02/2015-डीडी-III दिनांक 29 अगस्त 2018 के परिशिष्ट II पर दिए गए प्रोफार्मा के अनुरूप स्वयं के स्क्राइब के विवरण प्रस्तुत करने चाहिए.

12.2 40% से कम निःशक्तता ग्रस्त पीडब्ल्यूडी उम्मीदवार: स्क्राइब की सुविधा और या प्रतिपूर्ति समय, केवल उन्हीं को प्रदान किया जायेगा, जिन्हें लिखने में कठिनाई होती है और यह सुविधा इस संबंध में प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के अधीन होगी कि संबंधित व्यक्ति की लिखने की सीमाएं हैं और उसकी ओर से परीक्षा में लिखने के लिए स्क्राइब का होना आवश्यक है. यह प्रमाणपत्र सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के का.ज्ञा. 29-06/2019-डीडी-III दिनांक 10 अगस्त 2022 के परिशिष्ट 1 के अनुरूप किसी राजकीय स्वास्थ्य देखभाल संस्थान के सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी से जारी किया गया होना चाहिए. यदि उम्मीदवार को उसका अपना स्क्राइब लेकर आने की अनुमति दी जाती है, स्क्राइब की अर्हता, परीक्षा देने वाले उम्मीदवार की अर्हता से एक कदम नीचे की होनी चाहिए. स्वायं के स्क्राइब के लिए विकल्प चुनने वाले बेंचमार्क निःशक्ता ग्रस्त व्यक्ति को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के का.ज्ञा. 29-06/2019-डीडी-III दिनांक 10 अगस्त 2022 के परिशिष्ट II पर दिए गए प्रोफॉर्मा के अनुरूप स्वायं के स्क्राइब के विवरण प्रस्तुत करने चाहिए.

13. बहु पदनामित ट्रेडों के लिए आवेदन-पत्र: उम्मीदवार जिन्होंने आईटीआई परीक्षाएं उत्तीर्ण की हैं वे अपनी संबंधित ट्रेडों या प्रशिक्षुता नियम, 1992 की अनुसूची 1 के अनुरूप एनसीवीईटी स्वीकृत तत्स्थानी ट्रेडों के लिए आवेदन कर सकते हैं. ऐसे उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले मैचिंग एनसीवीईटी ट्रेडों (जैसे कि टर्नर, टूल और डाई मेकर एनसीवीईटी प्रमाणपत्र धारक मशीनिस्ट ट्रेड के लिए आवेदन कर सकते हैं) की जांच कर लें. उम्मीदवारों के पास

(शेष पृष्ठ 19 पर)

(पृष्ठ 18 का शेष)

विकल्प होगा कि वे समान आवेदन में एक से अधिक विनिर्दिष्ट ट्रेड के लिए आवेदन कर सकते हैं. जिन उम्मीदवारों ने एक से अधिक ट्रेड के लिए आवेदन किया है, उन्हें मालूम होना चाहिए कि प्रत्येक परीक्षा के लिए केंद्र एक ही या भिन्न हो सकता है और परीक्षा समान दिवस/पारी में हो सकती है. यदि परीक्षाएं एक ही दिन दो भिन्न पारियों में हैं, आवंटित केंद्र पर पहुंचने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की होगी. यदि उम्मीदवार द्वारा आवेदित दो विनिर्दिष्ट ट्रेडों के लिए परीक्षा समान पारी में है, तो वह अपनी पसंद के अनुरूप केवल एक ही विनिर्दिष्ट ट्रेड की परीक्षा में उपस्थित हो सकेगा.

14. ऑनलाइन आवेदन के लिए खुलने और बंद होने की तिथि

आवेदनों का ऑनलाइन पंजीकरण (खुलने की तिथि)	**रोज़गार समाचार में अधिसूचना के प्रकाशन के पांचवें दिन 10:00 बजे से**
पंजीकरण की अंतिम तिथि (बंद होने की तिथि)	**पंजीकरण खुलने की तिथि से 21वां दिन (23:55 बजे से)**

व्याख्याः यदि विज्ञापन रोज़गार समाचार, 01-07 सितंबर, 2026 में प्रकाशित होता है, खुलने की तिथि 5 सितंबर, 2026 होगी और बंद होने की तिथि 25 सितंबर 2026 (2355 बजे) होगी.

15. ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए दिशानिर्देश

आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अधिसूचना में दिये गये अनुदेशों को बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ लें.

15.1 उम्मीदवारों के लिए **https://www.apprenticeshipregistration.com** के जरिए ऑनलाइन आवेदन करना अपेक्षित है. ऑनलाइन आवेदन फार्म भरने से पहले उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन फार्म भरने और प्रस्तुत करने के लिए अनुदेशों से युक्त ऑनलाइन सूचना दिशानिर्देशों को डाउनलोड कर लें.

15.2 उम्मीदवार के पास विज्ञापन में यथा वर्णित अपेक्षित मानदंड और शैक्षणिक अर्हता होनी चाहिए. इसी प्रकार, उम्मीदवार जिसने एक मान्यताप्राप्त बोर्ड/संस्थान से परीक्षा उत्तीर्ण की है जिसमें **'ग्रेड प्वाइंट'** प्रणाली है, आवेदन करने से पहले उचित प्राधिकारियों से अंकों की प्रतिशतता में अपने ग्रेड प्वाइंट कन्वर्ट कराने की आवश्यकता है. वैकल्पिक तौर पर ग्रेड प्वाइंटस और अंकों की प्रतिशतता के मध्य कनवर्जन चार्ट संबंधित बोर्ड से प्राप्त करना होगा. यदि ऐसा नहीं होता है अल्पसूचीकरण आदि के लिए प्रतिशतता के तौर पर प्वाइंट की निचली प्रतिशतता को विचार में लिया जायेगा.

15.3 ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुति के बाद उम्मीदवारों को आवेदन फार्म या किसी अन्य दस्तावेज की प्रति कहीं भी भेजने की आवश्यकता नहीं है. हालांकि उम्मीदवारों को आवेदन फार्म का एक प्रिंटआउट अपने निजी रिकॉर्ड के लिए ले लेना चाहिए. ई-प्रवेश पत्र **https://www.apprenticeshipregistration.com** से डाउनलोड करना अपेक्षित है.

15.4 उम्मीदवार द्वारा ऑनलाइन भरे गए आवेदन पत्र में किसी तरह की त्रुटियों के लिए नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई जिम्मेदार नहीं होगा.

15.5 उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि अपना आवेदन पत्र भरते समय वे अपना वैध और सक्रिय ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर उपलब्ध करा रहे हैं क्योंकि नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई नामांकन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में उनसे संपर्क करने के लिए संचार के माध्यम के तौर पर किसी का भी इस्तेमाल कर सकता है. एक बार प्रविष्ट कर दिए जाने के बाद ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर में कोई परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जायेगी. पंजीकृत मोबाइल नंबर/ई-मेल आईडी पर सूचना के प्राप्त नहीं होने के लिए नौसेना डॉकयार्ड मुंबई जिम्मेदार नहीं होगा.

15.6 उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे पंजीकरण के दौरान उनके द्वारा निर्धारित किए गए पासवर्ड को याद रखें. पोर्टल में आगे लॉगिन केवल निर्धारित पासवर्ड के साथ ही संभव हो पायेगी.


15.7 उम्मीदवारों को उनके अपने हित में सही सलाह दी जाती है कि वे बंद होने की तिथि से पर्याप्त पहले ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दें और ऑनलाइन आवेदनों की प्रस्तुति के लिए अंतिम तिथि तक इंतज़ार न करें.

15.8 उम्मीदवारों को मैट्रिकुलेशन प्रमाणपत्र में दिये अनुसार ही अपने नाम और जन्म तिथि का उल्लेख करना चाहिए. अन्यथा जब कभी भी नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई को इसका पता चलता है, उनकी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है.

15.9 उम्मीदवारों को एक से अधिक आवेदन नहीं प्रस्तुत करने चाहिए. हालांकि, यदि किसी अपरिहार्य कारणों से कोई उम्मीदवार एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत कर देता है तब उसे यह अवश्य सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि उच्चतर आवेदन संख्या के साथ आवेदन पत्र हर तरह से पूर्ण किया जाए, केवल जिस पर विचार किया जाना होगा. निचले आवेदन संख्या वाले आवेदन पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जायेगा.

15.10 उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से पहले निम्नलिखित दस्तावेजों की स्कैन की गई प्रति (जेपीईजी/जेपीजी/पीडीएफ, यथा लागू) तैयार रखें:-

15.1.1 सादा श्वेत पृष्ठभूमि के साथ चेहरे और आंखों को बगैर ढके/बाधा के बिना पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ. अपलोड किया जा रहा फोटोग्राफ तीन माह से अधिक पुराना न हो और पूरा चेहरा कवर किया जाना चाहिए. जेपीईजी/जेपीजी में फोटोग्राफ का आकार 50-100 केबी के बीच होना चाहिए और फोटोग्राफ बगैर टोपी/चश्मे के होना चाहिए और दोनों कान दिखाई देते हों. फोटो का आकार निम्नानुसार होना चाहिए:-



15.1.2 उम्मीदवार के हस्ताक्षर काली स्याही के साथ सादे सफेद कागज पर होने चाहिए. हस्ताक्षर डिजिटाइज्ड नहीं होने चाहिए. यह कागज पर पैन के साथ आपके स्वयं के हस्ताक्षर की स्कैन की गई प्रति होनी चाहिए. हस्ताक्षर दस्तावेज का आकार जेपीईजी/जेपीजी फार्मेट में 50 से 100 केबी के बीच होना चाहिए.

15.1.3 उम्मीदवार के जन्म प्रमाणपत्र/मैट्रिकुलेशन प्रमाणपत्र की एक प्रति जन्म तिथि के लिए (400 केबी से अधिक न हो)

15.1.4 पहचान के सबूत के तौर पर पीडीएफ फार्मेट में उम्मीदवार के आधार की एक प्रति (400 केबी से अधिक न हो)

15.1.5 रिगर की ट्रेड के अलावा काई भी विनिर्दिष्ट ट्रेड के लिए आवेदन करने के मामले में पीडीएफ फार्मेट में उम्मीदवार के मैट्रिकुलेशन प्रमाणपत्र की प्रति (400 केबी से अधिक नहीं)

15.1.6 यदि रिगर ट्रेड के लिए आवेदन कर रहे हैं, उम्मीदवार के जन्म प्रमाणपत्र और आठवीं श्रेणी के अंक प्रमाणपत्र की प्रति अनिवार्य है (400 केबी से अधिक नहीं).

15.1.7 यदि 30 विनिर्दिष्ट ट्रेडों में से किसी एक के लिए आवेदन कर रहे हैं जहां आईटीआई प्रमाणपत्र अनिवार्य है, उम्मीदवार के समेकित (सभी सेमेस्टर) आईटीआई अंक प्रमाणपत्र की प्रति पीडीएफ फार्मेट में (400 केबी से अधिक नहीं) होनी चाहिए.

15.1.8 यदि आरक्षित पद के तहत आवेदन कर रहे हैं उम्मीदवार के जाति प्रमाणपत्र की पीडीएफ फार्मेट में एक प्रति (400 केबी से अधिक नहीं).

15.1.9 पीडब्ल्यूबीडी के लिए, यदि लागू है, निःशक्तता दर्शाने वाले प्रमाणपत्र की प्रति (400 केबी से अधिक नहीं).

15.1.10 भूतपूर्व सैनिक के सबूत का विधिवत उल्लेख करने वाले प्रमाणपत्र/सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी सशस्त्र बल कार्मिक के पुत्र/पुत्री के प्रमाणपत्र की एक प्रति पीडीएफ फार्मेट में होनी चाहिए (400 केबी से अधिक नहीं)

16. परीक्षा केंद्र में रिपोर्टिंग के लिए दिशानिर्देशः

16.1 प्रवेश-पत्र में वर्णित रिपोर्टिंग समय और अनुदेशों का सख्ती से और कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए. प्रवेश पत्र में निर्धारित रिपोर्टिंग समय के उपरांत परीक्षा केंद्र में देरी से रिपोर्ट करने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा के लिए अनुमति नहीं दी जायेगी.

16.2 प्रत्येक उम्मीदवार के लिए प्रवेश पत्र, साथ में मूल फोटो आईडी (पासपोर्ट/आधार/ड्राइविंग लाइसेंस/सरकार से जारी पहचान पत्र) लेकर आना अनिवार्य है, ऐसा नहीं होने पर उम्मीदवार को परीक्षा के लिए प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी और अवैध माना जायेगा. इसके अलावा यदि उम्मीदवार की पहचान संदिग्ध है उम्मीदवार को परीक्षा के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जा सकती है.

16.3 दृष्टिबाधित, गतिविषयक निःशक्तता (दोनों बाजु प्रभावित-बीए) और प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात के अलावा चिकित्सा श्रेणियों में आने वाले पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए जिन्हें लिखने में कठिनाई है और जो ऑनलाइन आवेदन के दौरान स्क्राइब के इस्तेमाल के लिए आवेदन कर रहे होंगे, यह अनिवार्य है कि वे उचित चिकित्सा प्राधिकारी से जारी मूल संगत चिकित्सा प्रमाणपत्र लेकर आएं. इसे प्रस्तुत करने में असफल रहने पर उम्मीदवार को परीक्षा के लिए स्क्राइब के इस्तेमाल और किसी प्रकार के प्रतिपूर्ति समय की अनुमति नहीं दी जाएगी.

16.4 प्रवेश पत्र में उल्लिखित नाम एकदम उसी प्रकार से होना चाहिए जैसा कि, रिगर ट्रेड को छोड़कर, सभी ट्रेडों के लिए उम्मीदवार के मैट्रिकुलेशन प्रमाणपत्र में उल्लिखित है. रिगर ट्रेड के मामले में नाम आठवीं श्रेणी की अंक शीट के अनुरूप होगा. कुछेक परिस्थितियों में जहां उम्मीदवार ने 10वीं श्रेणी के बाद अपना नाम परिवर्तित कर लिया है और आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित है, बदले गये नाम का प्रयोग किया जाना है. ऐसी सभी परिस्थितियों में, उम्मीदवारों को परीक्षा में उपस्थित होने के लिए सत्यापन के लिए परीक्षक को आधिकारिक राजपत्र की प्रति प्रस्तुत करनी है.

17. उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण सामान्य अनुदेश/शर्तें

17.1 नौसेना डॉकयार्ड मुंबई लिखित परीक्षा के समय पात्रता और अन्य पहलुओं के लिए आवेदनों की विस्तृत जांच नहीं करेगा. अतएव, केवल **'अनंतिम'** रूप से उम्मीदवारी स्वीकार की जायेगी. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे शैक्षणिक अर्हताओं, आयु आदि की अपेक्षाओं को पढ़ लें और स्वयं को संतुष्ट कर लें कि वे पात्र हैं. अनिवार्य अर्हताएं साबित करने के लिए जरूरी सभी समर्थित दस्तावेजों को ऑनलाइन आवेदन भरने के समय प्रस्तुत करना अपेक्षित है. इनका सत्यापन नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई में दस्तावेज सत्यापन के समय उम्मीदवार द्वारा आवेदन प्रस्तुति के दौरान प्रस्तुत सभी समर्थित दस्तावेजों के साथ किया जायेगा. यदि किसी भी चरण में आवेदन में किया गया कोई भी दावा सही नहीं पाया जाता है तो उम्मीदवारी को निरस्त कर दिया जायेगा और नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई का निर्णय इस बारे में अंतिम होगा.

17.2 उम्मीदवार को सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वह विज्ञापन में वर्णित पात्रता और अन्य शर्तों

(शेष पृष्ठ 20 पर)

(पृष्ठ 19 का शेष)

को पूरा करता है. आवेदन पत्र में प्रेषित विवरण हर तरह से सही होना चाहिए. यदि उम्मीदवार द्वारा प्रेषित कोई भी झूठी या गलत सूचना का किसी भी चरण में पता चलता है, उसकी उम्मीदवारी पूर्वाग्रह बगैर कानूनी कार्रवाई के निरस्त कर दी जाएगी.

17.3 आयु, अपेक्षित अनिवार्य अर्हता आदि के संबंध में पात्रता का निर्धारण निर्णायक तिथि (अर्थात ऑनलाइन पंजीकरण के बंद होने की तिथि) को किया जायेगा.

17.4 उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे अद्यतनों/शुद्धिपत्र और किसी अन्य निर्देशों के लिए नामांकन पूरा होने तक नियमित रूप से **https://www.apprenticeshipregistration.com** की जांच करते रहें.

17.5 अजा/अजजा उम्मीदवारों के पास आयु/अन्य छूट और आरक्षण का दावा करने के लिए जाति प्रमाणपत्र की नवीनतम प्रति अपने पास रखनी चाहिए और मांगे जाने पर मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए.

17.6 अपिव के मामले में, उम्मीदवार के लिए मांगे जाने पर वैध जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित है जिसमें यह विनिर्दिष्ट किया गया हो कि उम्मीदवार 'संपन्न वर्ग' से संबंधित नहीं है. प्रमाण-पत्र भारत सरकार, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के का.ज्ञा. सं. 36033/1/2013-स्था. (आरक्षण) दिनांक 27 मई 2013 और 36036/2/2013-स्था. (आरक्षण) दिनांक 30 मई, 2014 में उल्लिखित प्रारूप के अनुरूप होना चाहिए. यदि अपिव (गैर संपन्न वर्ग) प्रमाण पत्र के जारी होने की तिथि का उल्लेख ऊपर वर्णित प्रारूप के अनुरूप नहीं है और वैधता अवधि के भीतर नहीं है, उम्मीदवार को सामान्य उम्मीदवार के तौर पर समझा जायेगा.

17.7 बेंचमार्क निःशक्तता ग्रस्त व्यक्ति, जो कि आरक्षण का लाभ लेना चाहता है, के पास सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की अधिसूचना जी एस आर 591 (ई) दिनांक 15 जून 2017 के नियम 18(1) में यथा वर्णित निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी से 40 प्रतिशत या अधिक की निःशक्तता की प्रकृति के साथ निःशक्तता प्रमाणपत्र होना चाहिए.

17.8 सभी ट्रेडों के लिए परीक्षा एक ही दिन केवल एक पारी में होने की संभावना है. ऐसे ट्रेड के लिए उम्मीदवार के आवेदन किए जाने के मामले में उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी जो कि उसके आईटीआई ट्रेड से संगत नहीं है.

17.9 लिखित परीक्षा के परिणाम लिंक **https://www.apprenticeshipregistration.com** के जरिए ऑनलाइन प्रकाशित किए जायेंगे. निजी जानकारी से बाहर रहने के विकल्प के लिए उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन भरने के समय उल्लेख करना होगा.

17.10 विज्ञापन में वर्णित सभी आदेश/परिपत्र और लागू प्रमाणपत्रों के विभिन्न प्रारूप भी **https://www.apprenticeshipregistration.com** पर उपलब्ध हैं. संगत दस्तावेज लिंक में **'संदर्भ दस्तावेज'** के तहत उपलब्ध हैं.

17.11 नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई के पास ऐसे उम्मीदवार की उम्मीदवारी निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है जो कि किसी तरह के कदाचार/अनुचित तरीकों में संलिप्त पाया जाता है या कोई तथ्यात्मक जानकारी छिपाई जाती है, तथ्यों की गलत प्रस्तुति की जाती है या उम्मीदवारी को लेकर सिफारिश करता है. मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा केंद्रों के परिसरों में प्रतिबंधित हैं. परीक्षा के दौरान ऐसे उपकरण रखने से, उपयोग में है या स्विच ऑफ मोड में है, इस परीक्षा के साथ साथ नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई द्वारा भविष्य में संचालित परीक्षाओं से प्रतिबंधित किया जा सकता है.

17.12 उम्मीदवार के लिए परीक्षा के दौरान ठहरने/खाने पीने के लिए स्वयं प्रबंध करना अपेक्षित है. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि परीक्षा केंद्र पर मूल्यवान/मंहगी वस्तुएं लेकर न आएं क्योंकि इनका सुरक्षित रखरखाव सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है. नौसेना डॉकयार्ड मुंबई इस संबंध में किसी तरह की हानि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा.

18. कदाचार का दोषी पाये जाने वाले उम्मीदवारों के विरुद्ध कार्रवाई

निम्नलिखित में से किसी में भी संलिप्त पाये जाने वाले उम्मीदवारों की बगैर पक्षपात के नामांकन के किसी भी चरण में आपराधिक कार्रवाई/परीक्षा से प्रतिबंध, जो भी आवश्यक है, उम्मीदवारी सरसरी तौर पर ही निरस्त कर दी जाएगी और उन्हें नीचे वर्णित अवधि के लिए नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई की परीक्षाओं से प्रतिबंधित कर दिया जायेगा:-

क्रम सं.	कदाचार की प्रकृति	प्रतिबंध की अवधि
1.	परीक्षा में निर्धारित स्थान से अलग स्थान पर बैठना	03 वर्ष
2.	परीक्षा हाल से परीक्षा संबंधी सामग्री जैसे कि प्रश्न पत्र, उत्तरपर्णी, रफ शीटें, नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई की उपस्थिति शीट की प्रति आदि ले जाना या परीक्षा के आयोजन के दौरान इसे अनधिकृत व्यक्तियों को सौंपना	03 वर्ष
3	गलत या झूठी जानकारी देना, तथ्यात्मक जानकारी छिपाना, बनावटी, जाली या कांटछांट करके दस्तावेज प्रस्तुत करना	03 वर्ष
4	अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी अनियमित या अनुचित माध्यमों से समर्थन/प्रभाव प्राप्त करना	03 वर्ष
5	'स्विच ऑन' या स्विच ऑफ मोड में मोबाइल रखना	03 वर्ष
6	परीक्षा से संबंधित अधिकारियों अर्थात पर्यवेक्षक, परीक्षक, सुरक्षा गार्ड अथवा नौसेना डॉकयार्ड मुंबई के प्रतिनिधियों आदि के साथ दुर्व्यवहार करना, डराना या धमकाना.	05 वर्ष
7	परीक्षा केंद्र पर उपद्रव या बाधा पैदा करना और परीक्षा के संचालन में बाधा डालना/अन्य उम्मीदवारों को परीक्षा नहीं देने के लिए उकसाना.	05 वर्ष
8	कोई उम्मीदवार जो कि समान परीक्षा में परीक्षा संबंधी मामलों के लिए भी कार्यरत है	05 वर्ष
9	परीक्षा संबंधी अवसंरचना/उपकरणों को नुकसान पहुंचाना	05 वर्ष
10	फर्जी प्रवेश पत्र, पहचान के सबूत आदि के साथ परीक्षा में उपस्थित होना	05 वर्ष
11	परीक्षा हाल में अनुचित साधनों का इस्तेमाल, जैसे कि अनधिकृत स्रोतों, किसी पेपर या शरीर के भाग पर लिखित सामग्री आदि से नकल करना	05 वर्ष
12	उम्मीदवार द्वारा अथवा उसकी ओर से छदमरूपण करना	07 वर्ष
13	परीक्षा हाल में ब्लूटूथ उपकरण, गुप्त कैमरे और कोई अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण रखना	07 वर्ष
14	प्रश्न पत्रों या परीक्षा सामग्री, प्रयोगशाला आदि के स्नैपशॉटस लेना, वीडियो बनाना	07 वर्ष
15	रिमोट डेस्कटॉप सॉफ्टवेयर/एप्स/लैन आदि के जरिए परीक्षा टर्मिनल साझा करना	07 वर्ष
16	परीक्षा से पहले, दौरान या उपरांत किसी भी समय परीक्षा सर्वर, डेटा और परीक्षा प्रणालियां को हैक या मैनिपुलेट करने का प्रयास करना	07 वर्ष
17	परीक्षा के दौरान आग्नेय अस्त्र/हथियार रखना	07 वर्ष

18.2 नामांकन के किसी भी चरण में किसी अन्य आधार पर भी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है, यदि सक्षम प्राधिकारी के विचार में उम्मीदवारी निरस्त करने के पर्याप्त कारण हैं या कोई उम्मीदवार परीक्षा के लिए अपनी उम्मीदवारी के संबंध में कोई अन्य अनियमित या अनुचित साधनों का इस्तेमाल करता है.

18.3 साथी को, यदि कोई है, परीक्षा स्थल या इसकी परिधि में आने की अनुमति नहीं दी जायेगी. अतः यह सलाह दी जाती है कि कोई साथी लेकर न आएं.

18.4 उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र की जांच ध्यानपूर्वक कर लेनी चाहिए और यदि कोई त्रुटि पाई जाती है तो उसे परीक्षा से पहले पर्यवेक्षक के नोटिस में लेकर आएं. इस संबंध में परीक्षा के उपरांत किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा.

18.5 आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने जोखिम पर लिखित परीक्षा में शामिल हों, अर्थात यह सत्यापित करने के बाद परीक्षा में बैठें कि आप विज्ञापन में दी गई अर्हताएं पूरी करते हैं और परीक्षा में प्रवेश पूर्णतः अनंतिम है.

19. चिकित्सा जांच: प्रशिक्षुता नियम 1992 के नियम 4 और अनुसूची II के अनुसार चयनित उम्मीदवारों को प्रशिक्षु के तौर पर विनियोजन से पूर्व सरकारी अस्पताल द्वारा प्रदत्त मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना है.

20. दस्तावेज सत्यापन: वेब पोर्टल में अपलोड किए गए मूल दस्तावेजों का सत्यापन डॉकयार्ड अप्रेंटिस स्कूल द्वारा संचालित किया जायेगा. दस्तावेज सत्यापन और ज्वाइनिंग की पुष्ट तिथियों के संबंध में चयनित उम्मीदवारों को ईमेल के माध्यम से बाद में सूचित किया जायेगा.

21. पूछताछ/शिकायत: पात्रता मैरिट सूची या अंतिम मैरिट सूची के संबंध में प्रश्नों /शिकायतों, यदि कोई है, को हेल्प डेस्क ई-मेल आईडी **supportnaval28@gmail.com** पर लिखित परीक्षा के लिए अनंतिम पात्र उम्मीदवारों की सूची और अनंतिम चयन सूची वेबसाइट **https://www.apprenticeshipregistration.com** पर अपलोड किए जाने के सात दिनों के भीतर अग्रेषित की जा सकती है. सात दिन की निर्धारित अवधि के बाद कोई भी प्रश्न/शिकायत को स्वीकार नहीं किया जायेगा.

22. रोजगार का प्रस्ताव और स्वीकृति: प्रशिक्षण पूरा होने के उपरांत किसी भी प्रशिक्षु को कोई रोजगार का प्रस्ताव करना नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई के लिए अनिवार्य नहीं होगा और न ही यह प्रशिक्षु के लिए बाध्यकारी होगा कि वह कोई रोजगार, यदि नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई कोई प्रस्ताव करता है, स्वीकार करे. प्रशिक्षुता प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरी करने के उपरांत पूर्व नौसेना प्रशिक्षु नौसेना डॉकयार्डस में कुशल ट्रेडसमैन के पद की भर्ती के लिए, जब कभी भी संचालित की जाती है, पद के लिए लागू भर्ती नियमों के अनुरूप आवेदन करने के पात्र होंगे. हालांकि नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई में कुशल ट्रेडसमैन के पद के लिए भर्ती नियमों में ऊपरी आयु सीमा निर्धारित की गई है और यह भारतीय नौसेना में ट्रेडसमैन कुशल के पद के लिए आवेदन करने वाले डॉकयार्ड अप्रेंटिस स्कूल, मुंबई के पूर्व-नौसेना प्रशिक्षुओं के लिए लागू होगी.

23. चिकित्सा इलाज: प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु नौसेना डॉकयार्ड औषधालय से, औषधालय में उपलब्ध सुविधाओं के भीतर, निःशुल्क चिकित्सा इलाज के लिए हकदार हैं.

24. प्रशिक्षण की शुरूआत: प्रशिक्षण नवंबर/दिसंबर 26 में आरंभ होने की संभावना है.

25. हॉस्टल सुविधा: केवल लड़कों के लिए सीमित हॉस्टल सुविधा उपलब्ध है जो कि मैरिट के आधार पर आवंटित की जायेगी तथा पहली प्राथमिकता बाहरी उम्मीदवारों को प्रदान की जायेगी. यदि बाहरी उम्मीदवारों के सभी आवेदनों की प्रोसेसिंग के उपरांत हास्टल के कमरे खाली रहते हैं तो इन्हें

(शेष पृष्ठ 21 पर)

(पृष्ठ 20 का शेष)

स्थानीय उम्मीदवारों को विस्तारित किया जा सकता है. उपर्युक्त के संबंध में, वर्तमान पते का सबूत उम्मीदवारों के लिए प्रेषित किया जाना अपेक्षित है. महिला उम्मीदवारों के लिए वर्तमान में कोई हास्टल या ठहरने की सुविधा नहीं है.

''सभी उम्मीदवारों के लिए चेतावनी''

दलालों/रोजगार का रैकेट चलाने वालों से सावधान जो कि गैर कानूनी तरीके से नामांकन हेतु आपका चयन कराने के झूठे वायदे के साथ आपको गुमराह कर सकते हैं. चयन पूरी तरह मैरिट के अनुसार होता है. किसी को भी, जो कोई भी है, कोई धनराशि का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे झूठे आश्वासन या उत्पीड़न का शिकार न बनें और किसी भी प्रकार से धोखेबाज तत्वों को बढ़ावा न दें. इस बात पर जोर दिया जाता है कि लिखित परीक्षा और चयन प्रक्रिया पूरी तरह मैरिट पर और पारदर्शी तरीके से संचालित की जाती है.

भारतीय नौसेना में नामांकन पूर्णतः निष्पक्ष होता है.

किसी भी शिकायत/सहायता के लिए, उम्मीदवार पर ई-मेल/संपर्क कर सकते हैं:

ई-मेलः supportnaval28@gmail.com

हेल्पडेस्क नंबरः 971842361

CBC 10206/11/0010/2627 **EN 27/7**

एन एस आई सी N S I C

रा.ल.उ.नि.लि. तकनीकी सेवा केन्द्र
राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम
(भारत सरकार का उपक्रम, एम.एस.एम.ई. मंत्रालय के तहत)

जॉब ओरिएंटेड कॉर्सों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं

क्र.	पाठ्यक्रम शीर्षक	अवधि	शुल्क	योग्यता
1	इंटीरियर और आर्किटेक्चर डिजाइन में पोस्ट डिप्लोमा	13 माह	70,000/-	10वीं पास
2	रिवर्स इंजीनियरिंग में पोस्ट डिप्लोमा	6 माह	40,000/-	डिप्लोमा/डिग्री मैकेनिकल/सिविल आर्क/प्रोड/इंटीरियर डिजाइन। आई.टी.आई./पास/ऑनगोइंग छात्र
3	भवन सूचना मॉडलिंग में डिप्लोमा (बीआईएम)	7 माह	30,000/-	
4	एमईपीएफ डिजाइन में एडवांस डिप्लोमा	6 माह	40,000/-	
5	सीएनसी टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा	6 माह	25,000/-	10वीं पास
6	सीएडी के साथ इंजीनियरिंग ड्राइंग	4 माह	10,000/-	
7	सीएडी/(2 डी और 3 डी टूल के साथ ऑटोकैड पर आधारित निम्नलिखित Creo / CATIA / Unigraphics-NX में से कोई एक)	3 माह	15,000/-	डिप्लोमा / डिग्री/ मैकेनिकल/सिविल आर्क / प्रोड/ इंटीरियर डिजाइन। आई. टी. आई./ पास/ऑनगोइंग छात्र
8	सीएनसी प्रोग्रामिंग और ऑपरेशन	2 माह	12,000/-	
9	SolidWorks के साथ CAD	3 माह	15,000/-	
10	रेविट आर्किटेक्चर में डिप्लोमा	3 माह	16,000/-	
11	सीएनसी के साथ सीएडी (2 डी और 3 डी टूल के साथ सिम्युलेटर + ऑटोकैड के साथ मिलिंग टर्निंग पर सीएनसी पर आधारित)	2 माह	12,000/-	
12	कंप्यूटर एडेड इंजीनियरिंग और कम्प्यूटेशनल फ्लूइड डायनामिक्स (सीएई + सीएफडी)	2 माह	14,000/-	
13	मोल्ड डिजाइन (सीएडी / सीएएम यूनिग्राफिक्स- एनएक्स सॉफ्टवेयर पर आधारित)	1 माह	8,000/-	
14	SolidWorks (SolidWorks का उपयोग कर CAD पर आधारित)	1 माह	7,000/-	
15	STAAD प्रो. (2 डी संरचनात्मक विश्लेषण और डिजाइन पर आधारित)	1 माह	8,000/-	
16	CAD (2 डी और 3 डी टूल के साथ AutoCAD पर आधारित)	1 माह	5,000/-	
17	CAD के साथ STAAD प्रो (2 डी और 3 डी उपकरण के साथ 3 डी संरचना विश्लेषण और डिजाइन + AutoCAD पर आधारित)	2 माह	11,000/-	

प्लेसमेंट सहायता उपलब्ध

जी एस टी अतिरिक्त प्रभार. किस्त सुविधा उपलब्ध

संदेश भेजें "DESIGN TRAINING" पर 9654578062 वापस कॉल के लिए

रा.ल.उ.नि.लि. तकनीकी सेवा केन्द्र
निकट गोविंद पुरी मेट्रो स्टेशन, ओखला तीसरा चरण
नई दिल्ली - 110020
☎ 011 -26921562 : 9971925196, 9654578062
ntscokhla.designtrg@nsic.co.in वेबसाइटः www.nsic.co.in

EN 27/75

सत्यमेव जयते
Government of India



सीएसआईआर
CSIR
भारत का नवाचार इंजन
The innovation Engine of India

सीएसआईआर – राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला
CSIR - NATIONAL CHEMICAL LABORATORY.

(वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार)
Ministry of Science & Technology, Government of India
डॉ. होमी भाभा मार्ग/Dr. Homi Bhabha Road, पुणे /Pune - 411 008

विज्ञापन संख्या/ Advertisement No. NCL/01-2026/MTS दिनांक / dated 03.10.2026

ऑनलाइन आवेदन आरंभ करने की तिथि / Date of commencement of online applications : 05.10.2026 (10:00 AM onwards)
ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि / Last date for receipt of online applications :04.11.2026 (till 05:00 PM)

"Hard copy of Application NOT to be sent"

सीएसआईआर – राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला (एनसीएल), पुणे, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), जो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय है, के तत्वावधान में एक प्रमुख वैज्ञानिक शोध एवं विकास संस्थान है। CSIR - National Chemical Laboratory (NCL),Pune, is a premier Scientific research and development institute under the aegis of the Council of Scientific and Industrial Research (CSIR), an autonomous body under the Ministry of Science & Technology, Government of India.

सीएसआईआर – एनसीएल निम्नलिखित पदों को भरने हेतु योग्य भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:
CSIR-NCL invites online applications from eligible Indian citizens for filling up the following positions:

Sr. No.	पदनाम Name of the Post	पदों की संख्या एवं आरक्षण/ No. of posts & Reservation	Upper Age Limit as on 04/11/2026	Classification and Pay Level as per 7th CPC Pay Matrix and approx. Total Emoluments
1	मल्टी टास्किंग स्टाफ/ Multi-Tasking Staff (MTS)	कुल / TOTAL - 24 , (अनारक्षित / UR-11) (अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल)/ OBC(NCL)-07) (अनुसूचित जाति/SC-02) (अनुसूचित जनजाति/ST-01) (आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग/EWS-03)	25 years (Age relaxation applicable as per CSIR/GoI guidelines)	लेवल / Level – 01 (18,000 – 56,900) Total Emoluments of Rs.40,000/- approx.

- Out of 24 posts, 01 post is reserved for PwBD(HH) category.
- Candidates belonging to PwBD category are encouraged to apply as per suitability of the post.
- The number of vacancies indicated are provisional and may increase or decrease.
- Age relaxation shall be applicable as per rules/guidelines prescribed by CSIR/Government of India.

"Government strives to have a workforce which reflects gender balance and women candidates are encouraged to apply"

विज्ञापन, नियम व शर्तों, उम्मीदवारों के लिए निर्देश और ऑनलाइन आवेदन के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया सीएसआईआर–एनसीएल की वेबसाइट **https://recruit.ncl.res.in** देखें। ऑनलाइन आवेदन करते समय किसी भी तकनीकी प्रश्न के लिए कृपया **recruit.ncl@csir.res.in** पर ई–मेल भेजें।

For further details regarding advertisement, terms and conditions, instructions to the candidates and Online Application, please visit CSIR-NCL's website **https://recruit.ncl.res.in** & for any technical query while applying online, please send an e-mail to **recruit.ncl@csir.res.in**

हस्ता/- Sd/-
(प्रशासन नियंत्रक/- Controller of Administration)

EN 27/78

---

tifr

राष्ट्रीय रेडियो खगोल भौतिकी केंद्र
टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान

NCRA • TIFR

पोस्ट बैग नं. 3, गणेशखिंड डाकघर, पुणे–411007
ई-मेल:dirncra@ncra.tifr.res.in; URL : http://www.ncra.tifr.res.in

संकाय पद

टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान के राष्ट्रीय रेडियो खगोल भौतिकी केंद्र (एनसीआरए–टीआईएफआर), पुणे, भारत आस्ट्रोनोमी, प्रौद्योगिकी विकास और वेधशाला समर्थन में संकाय पदों के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करता है.

एनसीआरए–टीआईएफआर प्रत्येक कैलेण्डर वर्ष में दो बार संकाय पदों के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करता है. मूल्यांकन अवधियां **1 जनवरी से 30 जून और 1 जुलाई से 31 दिसंबर** है. अधिक जानकारी **https://www.ncra.tifr.res.in/jobs/academic/faculty** पर प्राप्त की जा सकती है.

EN 27/80

CBIC-10A35(17)/4/2025-Ad-IIB

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

राजस्व विभाग

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड

संख्या 16049, कर्तव्य भवन-1, नई दिल्ली

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के अधीनस्थ कार्यालयों में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-11 (रु. 67,700-2,08,700) में उप निदेशक (राजभाषा) (समूह-'क' राजपत्रित) के सात (07) पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरना.

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के अधीनस्थ कार्यालयों में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-11 (रु. 67,700-2,08,700) में उप निदेशक (राजभाषा) (समूह-'क' राजपत्रित) के सात (07) पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने का प्रस्ताव है. उप निदेशक (राजभाषा) के संवर्ग में पद नई दिल्ली, मुंबई, कोलकाता एवं लखनऊ में स्थित हैं.

रिक्तियों का स्थानः 01 रिक्ति- सीजीएसटी, मुंबई, 04 रिक्तियां- नई दिल्ली (प्रत्येक 01 रिक्ति वस्तु एवं सेवा कर आसूचना महानिदेशालय, राजस्व आसूचना महानिदेशालय, सतर्कता महानिदेशालय तथा सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क एवं सेवा कर अपीलीय अधिकरण में), 01 रिक्ति- सीजीएसटी कोलकाता जोन एवं 01 रिक्ति- सीजीएसटी लखनऊ जोन.

2. पात्रता की शर्तें:

केंद्र सरकार के अधिकारी:

(i) मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर समकक्ष पद धारण किए हुए हों; **या**

वेतन मैट्रिक्स के स्तर-10 (रु. 56,100-1,77,500) में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात उस ग्रेड में पांच वर्ष की नियमित सेवा की हो; या मूल संवर्ग/विभाग में समकक्ष पद पर नियमित सेवा की हो; **और**

(ख) निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यताएं एवं अनुभव रखते हों, अर्थात्:-

अनिवार्यः (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी में मास्टर डिग्री, जिसमें डिग्री स्तर पर अंग्रेजी अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में अथवा परीक्षा के माध्यम के रूप में हो; **अथवा**

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में मास्टर डिग्री, जिसमें डिग्री स्तर पर हिंदी अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में अथवा परीक्षा के माध्यम के रूप में हो; **अथवा**

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी या अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य विषय में मास्टर डिग्री, हिंदी माध्यम से तथा अंग्रेजी डिग्री स्तर पर अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में अथवा परीक्षा के माध्यम के रूप में हो; **अथवा** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी या अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य विषय में मास्टर डिग्री, अंग्रेजी माध्यम से तथा हिंदी डिग्री स्तर पर अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में अथवा परीक्षा के माध्यम के रूप में हो; **अथवा** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी या अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य विषय में मास्टर डिग्री, जिसमें हिंदी और अंग्रेजी अनिवार्य या वैकल्पिक विषय हों अथवा दोनों में से कोई एक परीक्षा का माध्यम हो और दूसरा डिग्री स्तर पर अनिवार्य या वैकल्पिक विषय हो.

(ii) केंद्र या राज्य सरकार अथवा स्वायत्त निकाय अथवा सांविधिक संगठनों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा विश्वविद्यालयों अथवा मान्यताप्राप्त अनुसंधान या शैक्षणिक संस्थानों के अधीन हिंदी में पारिभाषिक शब्दावली के उपयोग या अनुप्रयोग (पारिभाषिक कार्य) तथा अंग्रेजी से हिंदी या इसके विपरीत, अधिमानतः तकनीकी या वैज्ञानिक साहित्य के अनुवाद कार्य में पांच वर्ष का अनुभव; **अथवा**

केंद्र या राज्य सरकारों अथवा स्वायत्त निकाय अथवा सांविधिक संगठनों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा विश्वविद्यालयों अथवा मान्यताप्राप्त अनुसंधान या शैक्षणिक संस्थानों के अधीन हिंदी और अंग्रेजी में अध्यापन या हिंदी अथवा अंग्रेजी में अनुसंधान का पांच वर्ष का अनुभव.

वांछनीयः मान्यताप्राप्त बोर्ड से दसवीं स्तर पर संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल हिंदी के अलावा किसी एक भाषा का अध्ययन किया हो.

3. जो विभागीय अधिकारी पदोन्नति की सीधी पंक्ति में फीडर श्रेणी में हैं, वे प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे. इसी प्रकार, प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत अधिकारी पदोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे.

4. वेतन तथा प्रतिनियुक्ति की अन्य शर्तों का विनियमनः

चयनित अभ्यर्थी के वेतन का विनियमन समय-समय पर यथासंशोधित DoP&T के कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/8/2009-Estt.(Pay-II) दिनांक 17/06/2010 में निहित प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा.

5. आयु-सीमाः प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी.

6. प्रतिनियुक्ति की अवधिः इस नियुक्ति से ठीक पहले उसी या केंद्र सरकार के किसी अन्य संगठन या विभाग में धारण किए गए किसी अन्य संवर्ग-बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः **तीन वर्ष** से अधिक नहीं होगी.

7. पात्र अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन केवल निर्धारित प्रोफॉर्मा **(अनुबंध-I)** में तीन प्रतियों में, जिनकी सेवाएं चयन होने पर तत्काल कार्यमुक्त की जा सकती हैं, संबंधित अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र **(अनुबंध-II)** के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया जाए:

(i) संवर्ग मंजूरी प्रमाण-पत्र (CC)

(ii) सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र (IC)

(iii) अधिकारी पर पिछले 10 वर्षों के दौरान लगाए गए प्रमुख/लघु दंडों (MMP) की सूची, यदि कोई हो (यदि कोई दंड नहीं लगाया गया है तो 'शून्य' प्रमाण-पत्र संलग्न किया जाए)

(iv) सतर्कता मंजूरी (VC) प्रमाण-पत्र

(v) पिछले पांच वर्षों (2018-19 से 2022-23) के APARs की सत्यापित छायाप्रतियां (प्रत्येक पृष्ठ पर भारत सरकार के अवर सचिव से नीचे के पद के अधिकारी द्वारा सत्यापित).

7.1 पूर्ण विज्ञापन, बायो-डाटा प्रारूप **(अनुबंध-I)** तथा CC, IC, VC एवं MMP का प्रमाण-पत्र प्रारूप **(अनुबंध-II)** आदि केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड की वेबसाइट **https://www.cbic.gov.in** (अंतर्गत Departmental Officers → Vacancy Circulars) से डाउनलोड किए जा सकते हैं.

8. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि इन पदों को उनके अधीन कार्यरत अधिकारियों के बीच परिचालित करें तथा निर्धारित प्रोफॉर्मा (Curriculum Vitae) में आवेदन, आवेदकों के पूर्ण एवं अद्यतन APARs के साथ, जिन्हें चयन होने की स्थिति में कार्यमुक्त किया जा सकता है, **श्री एस.के. जैन, अवर सचिव, एड.IIख, संख्या 16049, ए विंग, कर्तव्य भवन-1, नई दिल्ली-110001 को रोजगार समाचार/एम्प्लॉयमेंट न्यूज में इस परिपत्र के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर (प्रकाशन की तारीख को छोड़कर) भेजे जाएं.** उचित माध्यम से अग्रेषित न किए गए आवेदन अथवा अपेक्षित प्रमाण-पत्रों एवं आवश्यक दस्तावेजों के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा. आवेदकों को अपेक्षित शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियां अद्यतन बायो-डाटा/Curriculum Vitae के साथ प्रस्तुत करना आवश्यक है.

9. अभ्यर्थियों को यह स्पष्ट कर दिया जाए कि यदि चयन के पश्चात उन्हें नियुक्ति की पेशकश की जाती है, तो वे अपने नाम वापस नहीं ले सकेंगे और उन्हें अल्प सूचना पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए रिपोर्ट करना होगा.

(एस. के. जैन)
भारत सरकार के अवर सचिव (एड.IIख)
दूरभाषः 011-24012384
ई-मेलः sachin.jain@gov.in

EN 27/23

स्पाइसेस बोर्ड SPICES BOARD
(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)
(Ministry of Commerce & Industry, Govt. of India)
पीबी. नं. 2277, पालारिवट्टम, कोच्ची -25, केरल
PB No. 2277, Palarivattom, Kochi-25, Kerala

स्पाइसेस बोर्ड के विभिन्न कार्यालयों में प्रशिक्षुओं की नियुक्ति का प्रस्ताव

PROPOSES TO ENGAGE TRAINEES AT VARIOUS OFFICES OF SPICES BOARD

अधिक जानकारी के लिए कृपया बोर्ड की वेबसाइट देखें।
For more details please visit the Board's website

www.indianspices.com

प्रभारी निदेशक(प्रशासन)/
Director(Admn)i/c
स्पाइसेस बोर्ड / Spices Board

कोच्ची/Kochi-25

EN 27/64



इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी

(नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार के अन्तर्गत स्वायत्त निकाय)
फुरसतगंज एयरफील्ड, अमेठी -229302, उत्तर प्रदेश

अधिसूचना

इग्नुआ अनुबंध के आधार पर निम्न पदों हेतु इच्छुक एवं अनुभवी उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है-

क्रम संख्या	पद का नाम	विज्ञापन संख्या
01	पुस्तकालय सहायक	इग्नुआ/विज्ञापन/31/2026

अधिक जानकारी हेतु उम्मीदवार इग्नुआ की आधिकारिक वेबसाइट **https://igrua.gov.in/** पर कैरियर पेज पर विजिट कर सकते हैं.

निदेशक
इग्नुआ

EN 27/57

भा.कृ.अनु. परिषद्- राष्ट्रीय समेकित नाशीजीव प्रबंधन अनुसंधान संस्थान

राजपुर खुर्द पोस्ट ऑफिस, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110068

ICAR- National Research Institute for Integrated Pest Management

Rajpur Khurd, Maidan Garhi, New Delhi-110 068
E-mail: director.nriipm@icar.org.in, Web: http://nriipm.res.in
Phone: 011-20907410, 011-26303936, 011-26303931

File No. 1 (107)/NAIF-I/NRIIPM/2021-22/ dated 22nd September, 2026

वॉक् इन इंटरव्यू

भा. कृ. अनु. परिषद् - राष्ट्रीय समेकित नाशीजीव प्रबंधन अनुसन्धान संस्थान, राजपुर खुर्द, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-100068 के अंतर्गत "नेशनल एग्रीकल्चर इनोवेशन फंड-1 (आई.टी.एम.यू.)" परियोजना में एक पोजीशन शोध सहयोगी, यह पोजीशन विशुद्ध रूप से संविदा (PURELY CONTRACTUAL BASIS) के आधार पर हैं. विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया संस्थान की वेबसाइट **https://nriipm.res.in** देखें.

EN 27/72

सहायक प्रशासनिक अधिकारी

भारत सरकार
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

मानकीकरण, परीक्षण एवं गुणवत्ता प्रमाणन निदेशालय

इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, 6, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली

रिक्ति परिपत्र

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के संबद्ध कार्यालय, मानकीकरण, परीक्षण एवं गुणवत्ता प्रमाणन (STQC) निदेशालय द्वारा विभिन्न प्रयोगशालाओं/केंद्रों में तैनाती के लिए निम्नलिखित पदों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-

पद का नाम	वेतन स्तर एवं ग्रेड वेतन (पूर्व-संशोधित)	रिक्तियों की संख्या एवं संभावित तैनाती
संयुक्त निदेशक (प्रशासन)	वेतन मैट्रिक्स लेवल-12 ग्रेड वेतन 7,600/- रुपये (पूर्व-संशोधित)	02 (दिल्ली एवं बेंगलुरु में एक-एक पद)
प्रशासनिक अधिकारी	वेतन मैट्रिक्स लेवल-09 ग्रेड वेतन 5,400/- रुपये (पूर्व-संशोधित)	01 (मुंबई में एक पद)
निजी सचिव	वेतन मैट्रिक्स लेवल-06 ग्रेड वेतन 4,200/- रुपये (पूर्व-संशोधित)	03 (हैदराबाद और तिरुवनंतपुरम में एक-एक पद तथा गोवा/पुणे में एक पद)
सहायक अनुभाग अधिकारी	वेतन मैट्रिक्स लेवल-06 ग्रेड वेतन 4,200/- रुपये (पूर्व-संशोधित)	15 (दिल्ली, मुंबई, गोवा, कोलकाता, तिरुवनंतपुरम, अजमेर, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, मोहाली, पुणे, सोलन, जयपुर, गुवाहाटी और अगरतला में एक-एक पद)
वैयक्तिक सहायक	वेतन मैट्रिक्स लेवल-06 ग्रेड वेतन 4,200/- रुपये (पूर्व-संशोधित)	16 (मुंबई, कोलकाता, गोवा, तिरुवनंतपुरम, चेन्नई, अजमेर, बेंगलुरु, हैदराबाद, मोहाली, पुणे, सोलन, जयपुर, गुवाहाटी और अगरतला में एक-एक पद तथा दिल्ली में दो पद)
स्टाफ कार चालक (ग्रेड-I)	वेतन मैट्रिक्स लेवल-05 ग्रेड वेतन 2,800/- रुपये (पूर्व-संशोधित)	04 (बेंगलुरु, तिरुवनंतपुरम, मुंबई और पुणे में एक-एक पद)
स्टाफ कार चालक (ग्रेड-II)	वेतन मैट्रिक्स लेवल-04 ग्रेड वेतन 2,400/- रुपये (पूर्व-संशोधित)	01 (चेन्नई में एक पद)

पद-परिचय, पात्रता मानदंड, आवेदन प्रारूप और तैनाती स्थानों का विस्तृत विवरण एसटीक्यूसी की वेबसाइट **www.stqc.gov.in** पर उपलब्ध है. उचित माध्यम से आवेदन इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **30 दिनों के भीतर** पहुंच जाने चाहिए.

आवेदन करते समय किसी कठिनाई/तकनीकी समस्या के मामले में अभ्यर्थी निम्नलिखित ई-मेल पतों पर लिख सकते हैं: **pankajkr.singh@meity.gov.in** और **hq-pers@stqc.gov.in**

CBC 06116/11/0003/2627 EN 27/84

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर

Indian Institute of Technology Kharagpur

विज्ञापन संख्या : R/10/2026 **दिनांक 19 अगस्त 2026**

संस्थान डॉ. बी.सी. रॉय मल्टी- स्पेशलिटी मेडिकल रिसर्च सेंटर में निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों से **ऑनलाइन आवेदन** आमंत्रित करता है:

(i) ट्रेनर (अनुबंध पर)

(ii) केंद्र प्रबंधक (अनुबंध पर)

विस्तृत विवरण एवं अद्यतन जानकारी के लिए **(http://www.iitkgp.ac.in » Jobs»Temporary Jobs)** पर जाएं.

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 10.10.2026.

कुलसचिव/Registrar

CBC 21255/11/0009/2627 EN 27/48



फा. सं. S-12012/47/2025-NHA
भारत सरकार

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

(राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण)
तीसरी मंजिल, टावर-1, एलआईसी, जीवन दीप बिल्डिंग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001

दिनांक : 17 सितंबर, 2026

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के संबद्ध कार्यालय, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण में नीचे दिए गए विवरण के अनुसार केंद्रीय और राज्य सरकारों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, संबद्ध कार्यालयों, सांविधिक एवं स्वायत्त निकायों, मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालयों तथा अनुसंधान संस्थानों आदि के पात्र अधिकारियों से संबंधित प्रभागों में वेतन स्तर-14 के निम्नलिखित पदों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :-

क्र. सं.	पद का नाम	पदों की संख्या	वेतन मैट्रिक्स में स्तर	पात्र श्रेणी
1.	वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव	01	12	केंद्रीय/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों/स्वायत्त निकायों/सांविधिक संगठनों आदि के अधीन अधिकारी
2.	निजी सचिव	03	08	केंद्रीय/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों/स्वायत्त निकायों/सांविधिक संगठनों आदि के अधीन अधिकारी
3.	आशुलिपिक	01	04	केंद्रीय/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों/स्वायत्त निकायों/सांविधिक संगठनों आदि के अधीन अधिकारी

2. पदों से संबंधित विवरण, पात्रता मानदंड, अपेक्षित अनुभव, आयु-सीमा आदि राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की वेबसाइट **www.nha.gov.in** पर **संलग्नक-I** में उपलब्ध हैं.

3. प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के वेतन तथा अन्य नियम एवं शर्तें कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के समय-समय पर संशोधित दिनांक 17.06.2010 के कार्यालय ज्ञापन सं.6/8/2009-स्थापना (वेतन-II)के अनुसार विनियमित की जाएंगी. संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारियों/विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि वे ऐसे पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थियों के आवेदन अग्रेषित करें, जिनकी सेवाएं उपर्युक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के लिए उपलब्ध कराई जा सकती हैं. आवेदन इस प्रकार भेजे जाएं कि वे रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से **30 दिनों के भीतर** अधोहस्ताक्षरी **को राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, तीसरी मंजिल, टावर-1, एलआईसी, जीवन भारती बिल्डिंग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली**-110001 में प्राप्त हो जाएं. आवेदन प्रपत्र/जीवन-वृत्त का प्रारूप **संलग्नक-II** में दिया गया है.

4. इन पदों के लिए आवेदन करने के इच्छुक अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी और आवेदन प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की वेबसाइट देखें. सभी प्रकार से पूर्ण और वेबसाइट पर इन पदों के लिए जारी अधिसूचना में उल्लिखित आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन, रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से **30 दिनों** के भीतर अधोहस्ताक्षरी को प्राप्त हो जाने चाहिए.

EN 27/14 **अनुभाग अधिकारी (प्रशासन)**

सैनिक स्कूल कपूरथला, पंजाब-144601

सीबीएसई संबद्धता सं.1680001
फोन नं.-7880085091(एक्सटेंशन 1)

भर्ती सूचना

1. प्रधानाचार्य सैनिक स्कूल कपूरथला निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

क्र. सं.	पद का नाम	पद की संख्या	योग्यता
1.1	**प्रयोगशाला सहायक रसायन विज्ञान और भौतिकी** 11 माह के लिए संविदागत आधार पर, जिसे निष्पादन के आवधिक समीक्षा के आधार पर 03 वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है. **वेतन** रुपये 40,800/- प्रति माह समेकित **आयु** 01 सितम्बर 2026 के अनुसार 21-35 वर्ष	01-अना (रसायन विज्ञान) 01-अजा (भौतिकी)	**अनिवार्य योग्यता:** किसी एक विषय के रूप में रसायन विज्ञान/ भौतिकी के साथ विज्ञान में इंटर या विषय में समकक्ष (जैसा भी मामला हो). **वांछनीय योग्यता:** **क.** संबंधित विषय में आवासीय स्कूल में पढ़ाने का अनुभव. **ख.** संबंधित विषय में पढ़ाने में प्रवीणता. **ग.** अंग्रेजी में भाषाप्रवाह हो. **घ.** कम्प्यूटर एप्लीकेशन्स का ज्ञान. **च.** उच्च योग्यता के साथ उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी. **छ.** एनसीसी/खेलकूद/ अन्य गतिविधियों में उपलब्धता.
1.2	**सामान्य कर्मचारी (नियमित)** **वेतन** लेवल 1 कोष्ठ 1 रुपये 18,000/- से शुरू करते हुए, डीए, परिवहन भत्ता, किराया मुक्त आवास, यदि सैनिक स्कूल सोसायटी नियम और विनियमों के अनुसार उपलब्ध हैं. **आयु:** 01 सितम्बर 2026 के अनुसार 18-50 वर्ष.	03-अना 01-अजजा	**अनिवार्य योग्यता:** मैट्रिक या समकक्ष **वांछनीय योग्यता:** **क.** पंजाबी भाषा और हिन्दी की समझ. **ख.** आवासीय स्कूल जैसे मिलिट्री/सैनिक स्कूल में काम करने का अनुभव. 7 वर्ष से अधिक का सैनिक स्कूल में काम करने का अनुभव एक अतिरिक्त लाभ होगा. **ग.** प्रतिष्ठित होटल/ आवासीय स्कूल में खाना बनाने का अनुभव (03 बावर्ची). **घ.** पर्याप्त कार्य अनुभव के साथ बढ़ई व्यवसाय में अनुभवी (01 बढ़ई).

2. **भत्ते और अनुलब्धियां:** संविदागत पदों के लिए वेतन समेकित है. किराया मुक्त आवास, यदि परिसर में उपलब्ध है तो प्रदान किया जाएगा.

3. **आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर, 2026 है.** योग्यताएं, भर्ती पत्र, शुल्क का भुगतान कैसे करें, आदि के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए कृपया स्कूल की वेबसाइट **www.sskapurthala.com** देखें.

4. स्कूल प्रशासन, योग्य उम्मीदवारों की अनुपलब्धता या प्रशासनिक/ नीति कारणों से सभी या किसी रिक्ति को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है. केवल भारतीय नागरिक आवेदन कर सकते हैं.

EN 27/19 **प्रधानाचार्य**

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन निगमित निकाय)
चौथा तल, सेवा भवन, आर. के. पुरम
नई दिल्ली - 110066
वेबसाइट: www.beeindia.gov.in.
दूरभाष: 011-26766700

रिक्ति परिपत्र

भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अधीन ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) निम्नलिखित पदों के लिए पात्र और इच्छुक उम्मीदवारों से पूरी तरह से कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर कार्य करने के लिए निम्नलिखित आवेदन आमंत्रित करता है:

1. सेक्टर एक्सपर्ट (SE) - 04 पद 2. प्रोजेक्ट इंजीनियर (PE) - 01 पद

ये पद स्टैंडर्ड्स एंड लेबलिंग (S&L), अदिति, ईसीएसबीसी / भवन क्षेत्र, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार (NECA) के क्षेत्रों में रिक्त हैं.

जो इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित योग्यता मानदंडों को पूरा करते हैं, वे 'रोजगार समाचार' में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से **45 दिनों के भीतर निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक कागजातों के साथ अपना आवेदन भेज सकते हैं.** रिक्ति का विस्तृत विवरण, योग्यता मानदंड, नियम व शर्तें और आवेदन का प्रपत्र बीईई की वेबसाइट पर अपलोड किए गए हैं. पूरी जानकारी के लिए, आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले रिक्ति परिपत्र को ध्यान से पढ़ लें.

सचिव, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

"स्मार्ट बनें, इंडक्शन पर खाना बनायें"

CBC 34106/11/0013/2627 EN 27/71

Government of India/भारत सरकार
Ministry of Jal Shakti/जल शक्ति मंत्रालय
Department of Water Resources
River Development & Ganga Rejuvenation
जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

Central Water & Power Research Station
केंद्रीय जल और विद्युत अनुसंधान शाला

Khadakwasla, Pune-411 024 /खड़कवासला, पुणे-411024
फोन/Phone: 020-24103365/323
ई-मेल/Email : cao@cwprs.gov.in, वेबसाइट/Website: www.cwprs.gov.in

भर्ती विज्ञापन

केंद्रीय जल और विद्युत अनुसंधान शाला (CWPRS), खड़कवासला, पुणे-411024 (जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के अंतर्गत भारत सरकार का संगठन) में अधीक्षक (समूह 'ख', अराजपत्रित, मंत्रालयिक) के 10 पदों को वेतन मैट्रिक्स के लेवल-6 (पूर्व-संशोधित पीबी-2 रु. 9,300-34,800 + ग्रेड वेतन रु. 4,200/-) में प्रारंभिक तीन वर्ष की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

इच्छुक केंद्र सरकार के अधिकारियों से अनुरोध है कि पात्रता मानदंड, आवेदन प्रपत्र तथा निर्देशों/ विस्तृत जानकारी के लिए केंद्रीय जल और विद्युत अनुसंधान शाला की वेबसाइट http://www.cwprs.gov.in देखें.

पात्र अधिकारियों के आवेदन निर्धारित प्रपत्र में (दो प्रतियों में), उचित माध्यम से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, केंद्रीय जल और विद्युत अनुसंधान शाला, खड़कवासला, पुणे-411024 को रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर भेजे जा सकते हैं.

CBC 45106/11/0001/2627 EN 27/50

मेकॉन लिमिटेड

(इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम)
मुख्यालय: डोरंडा, रांची-834002, फोन: 0651-2483000
सीआईएन नं.: U74140JH1973GOI001199

रोजगार अधिसूचना

नियमित वेतनमान में कार्यपालकों की भर्ती
(संदर्भ- विज्ञापन सं: 2026 / Reg/07)

मेकॉन लिमिटेड को नीचे दिए गए विवरण के अनुसार नियमित वेतनमान में 111 (एक सौ ग्यारह) अनुभवी कार्मिकों की आवश्यकता है:

क्रम सं.	पद का नाम	पदों की सं.	ग्रेड	अधिकतम आयु सीमा	वेतनमान
1.	सहायक प्रबंधक	80	ई-1	50 वर्ष	रु. 50,000-3% -1,60,000/-
2	उप प्रबंधक		ई-2		रु. 60,000-3% -1,80,000/-
3	प्रबंधक		ई-3		रु. 80,000-3% -2,20,000/-
4	वरिष्ठ प्रबंधक	30	ई-4		रु. 90,000-3%- 2,40,000/-
5.	सहायक महाप्रबंधक	01	ई-5		रु. 1,00,000-3% -2,60,000/-

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.meconlimited.co.in के लिंक - "careers" सेक्शन पर जाएं.

नोट: इस विज्ञापन से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र/ संशोधन हमारी वेबसाइट www.meconlimited.co.in के "careers" सेक्शन में अपलोड किया जाएगा.

महाप्रबंधक प्रभारी (मानव संसाधन)
मेकॉन लिमिटेड, विवेकानंद पथ, डोरंडा, रांची -834002, झारखंड

CBC 40110/12/0018/2627 EN 27/70

राष्ट्रीय रेडियो खगोल भौतिकी केंद्र

टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान

NCRA • TIFR

पोस्ट बैग नं. 3, गणेशखिंड डाकघर, पुणे-411007
ई-मेल: dean_nf@ncra.tifr.res.in;
URL: http://www.ncra.tifr.res.in

पोस्ट-डॉक्टरल अध्येतावृत्तियां

टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान के राष्ट्रीय रेडियो खगोल भौतिकी केंद्र (एनसीआरए-टीआईएफआर), पुणे, भारत, पोस्ट डॉक्टरल अध्येतावृत्तियों के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करता है. अधिक जानकारी **https://www.ncra.tifr.res.in/jobs/academic/faculty** पर प्राप्त की जा सकती है. आवेदन प्राप्त करने के लिए अंतिम तिथि **31 अक्टूबर, 2026** है.

EN 27/81

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, सूरत

(संसद के अधिनियम के अंतर्गत राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
खोलवाड परिसर, कामरेज, सूरत-394190, गुजरात, भारत.

विज्ञापन सं.: आईआईआईटीएस/आरएनएफ/2026-27/02 दिनांक: 04-09-2026

गैर-शैक्षणिक पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, सूरत (आईआईआईटी सूरत), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के अंतर्गत संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है. इस संस्थान की स्थापना शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार तथा गुजरात सरकार द्वारा उद्योग जगत के भागीदारों-गुजरात नर्मदा वैली फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स (जीएनएफसी), गुजरात इन्फॉर्मेटिक्स लिमिटेड (जीआईएल) तथा गुजरात एनर्जी लिमिटेड-के सहयोग से की गई है.

संस्थान द्वारा इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में स्नातक (यूजी), स्नातकोत्तर (पीजी) तथा पीएच.डी. कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं.

संस्थान की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए योग्य, प्रतिभाशाली, गतिशील, अनुभवी एवं उपयुक्त भारतीय नागरिकों की आवश्यकता है. संस्थान अपने यहां सीधी भर्ती के आधार पर निम्नलिखित गैर-शैक्षणिक पद को भरने हेतु आवेदन आमंत्रित करता है.

क्र. सं.	पद का नाम तथा विशेषज्ञता/संबंधित क्षेत्र	पे लेवल (7वें सीपीसी के अनुसार)	रिक्त पदों की संख्या						ऊपरी आयु सीमा
			अना	अपिव-एनसीएल	अजा	अजजा	ईडब्ल्यू-एस	कुल	
1	कनिष्ठ अभियंता (सिविल/आर्किटेक्ट)	लेवल-6	01	-	-	-	-	01	35

इच्छुक अभ्यर्थी विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी **(जो संस्थान की वेबसाइट https://iiitsurat.ac.in पर उपलब्ध है)** के साथ आवश्यक स्व-सत्यापित दस्तावेज संलग्न कर 23/10/2026 को शाम 5:00 बजे तक जमा कर सकते हैं.

निदेशक
आईआईआईटी सूरत

EN 27/79

भा.कृ.अनु. प- राष्ट्रीय कृषि आर्थिकी एवं नीति अनुसंधान संस्थान (निआप)

देव प्रकाश शास्त्री मार्ग, पूसा, नई दिल्ली-110012

ICAR - National Institute of Agricultural Economics & Policy Research

Dev Prakash Shastri Marg, Pusa, New Delhi-110012

संख्या: 29(52)/2015-प्रोजेक्ट (निआप) दिनांक: 23.09.2026

वॉक्-इन इंटरव्यू

नीचे उल्लिखित विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत पदों को भरने के लिए आईसीएआर-राष्ट्रीय कृषि आर्थिकी एवं नीति अनुसंधान संस्थान (भा. कृ. अनु. प-निआप), डी.पी.एस. मार्ग, पूसा, नई दिल्ली-110012 में वॉक्-इन इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा.

क्र.सं	अस्थायी पद	पदों की संख्या (अनुमानित)	वेतन (प्रति माह)	वॉक्-इन इंटरव्यू की तारीख
1.	वरिष्ठ अनुसंधान फेलो	01	रुपये 37000/- प्रति माह+ स्वीकार्य मकान किराया भत्ता	दिनांक एवं समय: 08.10.2026 को प्रातः 10:00 बजे.
2.	वरिष्ठ अनुसंधान फेलो	01	रुपये 37000/- प्रति माह+ स्वीकार्य मकान किराया भत्ता	दिनांक एवं समय: 08.10.2026 को अपराह्न 02:00 बजे.

ऊपर बताए गए खाली पदों की संख्या बढ़ या घट सकती है. शैक्षणिक योग्यता, वेतन, आयु सीमा आदि के बारे में ज्यादा जानकारी के लिए उम्मीदवार संस्थान की वेबसाइट www.niap.res.in पर जा सकते हैं.

EN 27/76 (वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी)

आई सी एम आर-राष्ट्रीय पारम्परिक चिकित्साविज्ञान संस्थान
ICMR - NATIONAL INSTITUTE OF TRADITIONAL MEDICINE
Nehru Nagar, National Highway No. 4, BELAGAVI - 590 010.

संख्या. ICMR-NITM/2026-27/Rect./YP-III/01 दिनांक: 22-09-2026

आवेदन आमंत्रित करने हेतु सूचना / Call for Applications

आईसीएमआर-एनआईटीएम, बेलगावी, निम्नलिखित अस्थायी/अनुबंध-आधारित पद को भरने के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है:

ICMR-NITM, Belagavi, invites applications from the eligible candidates to fill the following temporary/contractual position:

पद क्रमांक	पद का नाम एवं अनुशासन	रिक्त पदों की कुल संख्या
1.	युवा पेशेवर-III (हिंदी अनुवाद) **Young Professional-III (Hindi Translation)**	01 (एक)

इस पद के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि **24.10.2026** है। अधिक विवरण और आवेदन पत्र आईसीएमआर (**www.icmr.nic.in**) और आईसीएमआर-एनआईटीएम (**https:// icmrnitm. res.in**) वेबसाइट पर उपलब्ध है।

The last date to apply for this position is **24.10.2026**.

Further details and application forms are available on the website of ICMR (**www.icmr.nic.in**) and ICMR-NITM (**https:// icmrnitm. res.in**)

तिथि/Date: **22.09.2026**
स्थान/Place: **बेलगावी/Belagavi**

हस्ताक्षरित
निदेशक

EN 27/73

भारतीय विज्ञान अकादमी, बेंगलुरु

IASc/Gen/Admin/2026/33 दिनांक : 21/09/2026

अनुवादक (हिंदी) सह-समन्वयकः राजभाषा के अनुबंधात्मक पद के लिए रिक्ति की अधिसूचना

भारतीय विज्ञान अकादमी, बेंगलुरु में अनुवादक (हिंदी) सह समन्वयकः राजभाषा के एक पद को पूर्णतः संविदात्मक आधार पर एक वर्ष की अवधि के लिए भरने हेतु भारतीय विज्ञान अकादमी पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले सेवानिवृत्त कर्मियों/अन्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है. विस्तृत नियम एवं शर्तें वेबसाइट (www.ias.ac.in/positions) पर उपलब्ध हैं.

आयु मानदंड को पूरा करने वाले तथा आवश्यक योग्यता, अनुभव आदि रखने वाले पात्र उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में डाक/कूरियर द्वारा अपना आवेदन निम्न पते पर भेज सकते हैं: **कार्यकारी सचिव, भारतीय विज्ञान अकादमी, पोस्ट बॉक्स नंबर 8005, सी.वी. रामन एवेन्यू, सदाशिवनगर पोस्ट, रामन रिसर्च इंस्टीट्यूट कैंपस, बेंगलुरु - 560080, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30/10/2026 तक है.** रिक्ति संबंधित परिपत्र के लिए इस लिंक पर जाएं - www.ias.ac.in/positions.

स्थानः बेंगलुरु
दिनांकः 21/09/2026

EN 27/60 कार्यकारी सचिव

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं रडार विकास प्रतिष्ठान (एलआरडीई)
रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), रक्षा मंत्रालय
सी.वी. रमन नगर, बेंगलुरु-560093

एलआरडीई विज्ञापन सं.: 03/2026/JRF

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार इंजीनियरिंग (ECE) विषय में कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति प्रदान करने हेतु वॉक-इन भर्ती विज्ञापन-2026

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं रडार विकास प्रतिष्ठान (एलआरडीई), रडार और संबद्ध प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में रक्षा सेवाओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारत सरकार के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के अंतर्गत स्थापित एक प्रमुख अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान है. एलआरडीई ऐसे युवा और मेधावी भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है, जो इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार इंजीनियरिंग (ECE) के क्षेत्र में कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता के रूप में रडार से संबंधित अनुसंधान करना चाहते हैं.

वॉक-इन की तिथिः 08 अक्टूबर, 2026

इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट https://drdo.gov.in देखें.

CBC 10301/11/0109/2627 EN 27/52

महत्वपूर्ण सूचना

हम सं.लो.से.आ., क.च.आ., रेलवे भर्ती बार्ड आदि द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणाम प्रकाशित करते समय पूरी सावधानी रखते हैं। यद्यपि, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आधिकारिक अधिसूचना/गजट की जांच कर लें। अनजाने में हुई मुद्रण त्रुटि के लिए रोज़गार समाचार जिम्मेदार नहीं होगा।

भारत के महापंजीयक का कार्यालय
नई दिल्ली-110011

भारत के महापंजीयक का कार्यालय, नई दिल्ली में विभिन्न पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने के संबंध में.

केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों अथवा मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालयों अथवा मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा सांविधिक निकायों/संगठनों अथवा स्वायत्त संगठनों/निकायों के पात्र एवं इच्छुक अधिकारियों से निम्नलिखित पदों को प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के आधार पर प्रारंभ में 3 (तीन) वर्ष की अवधि अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, भारत के महापंजीयक का कार्यालय, नई दिल्ली में भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. उपरोक्त के अतिरिक्त, अर्ध-सरकारी संस्थानों के पात्र एवं इच्छुक अधिकारी भी मैप एनालिस्ट (मानचित्र विश्लेषक) के पद के लिए आवेदन कर सकते हैं. उक्त पद भारत के महापंजीयक के कार्यालय, नई दिल्ली तथा राज्यों की राजधानियों में स्थित जनगणना संचालन निदेशालयों में स्थित हैं. पदों का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र. सं	पद का नाम	वेतनमान	पदों की संख्या
1.	सहायक महापंजीयक (मैप)	रुपये 78800-209200, लेवल-12	01
2.	अनुसंधान अधिकारी (मैप)	रुपये 56100-177500, लेवल-10	12
3.	अनुसंधान अधिकारी (ड्राइंग)	रुपये 56100-177500, लेवल-10	03
4.	अनुसंधान अधिकारी (भाषा)/भाषाविद्	रुपये 56100-177500, लेवल-10	01
5.	मैप एनालिस्ट (मानचित्र विश्लेषक)	रुपये 47600-151100, लेवल-8	09

2. पात्रता, सेवा की शर्तें (अनुलग्नक-I), आवेदन का प्रोफार्मा (अनुलग्नक-II) तथा उपर्युक्त पदों के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व (अनुलग्नक-III) भारत की जनगणना की वेबसाइट http://www.censusindia.gov.in पर देखे जा सकते हैं.

CBC 19108/11/0144/2627 EN 27/67

सरदार वल्लभभाई राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, सूरत
SARDAR VALLABHBHAI NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY, SURAT
સરદાર વલ્લભભાઇ રાષ્ટ્રીય પ્રૌદ્યોગિકી સંસ્થા, સુરત
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन)
डाकघर इच्छानाथ, सूरत-395007, गुजरात, भारत, वेबसाइट : https://www.svnit.ac.in

विज्ञापन सं. Estt./2026/Gr_A(R)/1330 दिनांक : 03 सितंबर, 2026

कुलसचिव के पद पर भर्ती

सरदार वल्लभभाई राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, सूरत, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है. संस्थान द्वारा अभियांत्रिकी/प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएच.डी. कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं. संस्थान अपनी प्रशासनिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिभाशाली, सक्रिय, योग्य, अनुभवी और उपयुक्त भारतीय नागरिकों की तलाश कर रहा है. निम्नलिखित गैर-शैक्षणिक (समूह 'क') पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :-

क्र. सं.	पद	वेतन स्तर	पदों की संख्या एवं श्रेणी	अधिकतम आयु-सीमा	भर्ती की पद्धति
1.	कुलसचिव	14	01 (अनारक्षित)	**58 वर्ष**	प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) पर 5 वर्ष की अवधि के लिए अथवा 62 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, अथवा भारत सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार निर्धारित अवधि के लिए.

उपर्युक्त पद के लिए पात्रता मानदंड, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के भर्ती नियम (2019) तथा शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा समय-समय पर अद्यतन नियमों के अनुसार होंगे. आवेदन प्रक्रिया, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, आरक्षण, आयु में छूट तथा अन्य नियम एवं शर्तों से संबंधित विवरण के लिए कृपया संस्थान की वेबसाइट **https://www.svnit.ac.in/** देखें.

- **ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख :19.10.2026 को रात 11:59 बजे तक.**
- **ऑनलाइन भरे गए आवेदन प्रपत्र की विधिवत हस्ताक्षरित मुद्रित प्रति एसवीएनआईटी, सूरत में प्राप्त होने की अंतिम तारीख : 26.10.2026 को शाम 5:00 बजे तक.**

EN 27/15 कुलसचिव

एफ नंबर : 14/1/2024 प्रशा. प्रभाग प्रशा. (सी. नं. 91810)

राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार
प्लॉट नं. जी-2, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली-110075

दिनांकः 21 सितंबर, 2026

राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान (एनआईएसडी), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय है. संस्थान द्वारा **उप निदेशक (प्रशिक्षण-एनसीडीएपी)** के पद पर प्रतिनियुक्ति के जरिए स्थानांतरण आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. इस पद का वेतनमान रुपये 10000-325-15200 (संशोधन-पूर्व) है. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि विज्ञापन प्रकाशित होने की तारीख से **30 (तीस)** दिनों के भीतर होगी.

योग्यता के विस्तृत मानदंड, अर्हता, अनुभव, नियम व शर्तें और आवेदन प्रारूप के लिए, कृपया एनआईएसडी की वेबसाइटः **www.nisd.gov.in** पर जाएँ.

उप निदेशक (प्रशासन एवं योजना)

CBC 38110/11/0008/2627 EN 27/66

भारतीय विज्ञान अकादमी, बेंगलुरु
भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली
राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, भारत, प्रयागराज

फोकस -एरिया साइंस टेक्नोलॉजी समर फ़ेलोशिप (एफएएसटी-एसएफ) कार्यक्रम - 2027

देश के विशिष्ट क्षेत्रों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतर-अकादमी पैनल ने फोकस एरिया साइंस टेक्नोलॉजी - समर फ़ेलोशिप (एफएएसटी - एसएफ) कार्यक्रम का आरंभ किया है. इस आगामी वर्ष (2027) में हमारा ध्यान देश के पूर्वोत्तर राज्यों अंडमान, बिहार, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख, उत्तराखंड पर रहेगा और एफएएसटी-एसएफ अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, अंडमान, बिहार, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर एवं लद्दाख तथा उत्तराखंड में अध्ययनरत/कार्यरत छात्रों व शिक्षकों को यह अध्येतावृत्ति प्रदान की जाएगी.

अस्तु, वर्ष 2027 के दौरान इन राज्यों में अध्ययनरत/कार्यरत छात्रों/शिक्षकों को लगभग 200 फेलोशिप प्रदान की जाएंगी, जिससे कि वे देश में कहीं भी तीन अकादमियों से जुड़े वैज्ञानिकों के साथ कार्य कर सकें.

इस संबंध में आवेदन प्रारूप की प्रति, पात्रता मानदंड सहित आवेदकों के लिए निर्देश तथा उन वैज्ञानिकों/संकायों के नामों की सूची, जिन्होंने छात्रों/शिक्षकों को अल्पकालिक परियोजनाओं में मार्गदर्शन देने की सहमति प्रदान की है, ऑनलाइन प्रदर्शित की गई है.

इस अध्येतावृत्ति के लिए भारत के पूर्वोत्तर राज्य, अंडमान, बिहार, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख, उत्तराखंड के यूजीसी/एआईसीटीई/एमसीआई/मान्यताप्राप्त संस्थानों/निजी विश्वविद्यालयों से संबद्ध विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के अभिप्रेरित छात्रों और शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. आवेदन में निम्न संलग्न होने चाहिए:

(क) निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र;

(ख) दसवीं कक्षा से अंतिम परीक्षा तक की अंक तालिकाओं की स्कैन प्रतियां;

(ग) आवेदक क्या सीखना एवं उपार्जित करना चाहता है, इस संबंध में एक लघु लेख (लगभग 150-250 शब्द).

छात्र आवेदकों को उनके कार्य से अवगत अपने किसी शिक्षक का ईमेल आईडी भी प्रदान करना होगा, जिससे कि अकादमी निर्धारित प्रारूप में अनुशंसा पत्र के लिए उनसे संपर्क कर सके. चयनित उम्मीदवार को चिन्हित वर्ष के दौरान किसी भी समय दो माह के लिए निर्दिष्ट निर्देशक के साथ कार्य करना होगा और इसके लिए मुख्य रूप से ग्रीष्मकालीन माह को प्राथमिकता दी जाएगी.

आवेदन हमारी किसी एक वेबसाइट **[www.ias.ac.in; www.insaindia.res.in एवं www.nasi.ac.in]** पर लॉगइन करके जमा करना होगा. ऑनलाइन आवेदन जमा करने के बाद प्रदान की गई पंजीकरण संख्या को भविष्य में होने वाले सभी पत्राचार में उल्लेखित करना होगा.

ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2026 है.

निर्देशक की सहमति सहित चयन की सूचना **मार्च-अप्रैल 2027** माह के आसपास भेजी जाएगी. चयनित छात्रों/शिक्षकों को अध्येतावृत्ति कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यस्थल तक आवागमन का रेल किराया और उनके आवासीय खर्च के लिए मासिक अध्येतावृत्ति प्रदान की जाएगी.

10 सितंबर 2026

प्रोफेसर
हेमलता बलराम
अध्यक्ष, जॉइंट साइंस एजुकेशन पैनल
भारतीय विज्ञान अकादमी, बेंगलुरु

EN 27/33

भारतीय विज्ञान अकादमी, बेंगलुरु
भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली
राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, भारत, प्रयागराज

छात्रों एवं शिक्षकों के लिए साइंस एकेडमीज़ समर रिसर्च फ़ेलोशिप कार्यक्रम - 2027

भारत के तीनों राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी छात्र/शिक्षकों (जो भारत में अध्ययनरत/अध्यापन से जुड़े हैं) को वर्ष 2027 के दौरान अपनी अकादमी से जुड़े वैज्ञानिकों के साथ कार्य करने के लिए दो माह की ग्रीष्मकालीन अध्येतावृत्ति प्रदान करेंगी. आवेदन प्रारूप की प्रति, पात्रता मानदंड सहित आवेदकों के लिए निर्देश तथा उन वैज्ञानिकों/संकायों के नामों की सूची, जिन्होंने छात्रों/शिक्षकों को अल्पकालिक परियोजनाओं में मार्गदर्शन देने की सहमति प्रदान की है, वह ऑनलाइन प्रदर्शित की गई है.

इन अध्येतावृत्ति के लिए यूजीसी/एआईसीटीई/एमसीआई/मान्यताप्राप्त संस्थानों/निजी विश्वविद्यालयों से संबद्ध सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के अभिप्रेरित छात्रों तथा

(शेष पृष्ठ 27 पर)

मेधावी खिलाड़ियों की भर्ती हेतु विंडो विज्ञापन आईटीबीपीएफ में खेल कोटा-2025 के अंतर्गत कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी) के पद पर भर्ती

खेल कोटा के अंतर्गत विभिन्न खेल विधाओं में कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी), समूह-'ग' (अराजपत्रित एवं गैर-मंत्रालयी) के 126 रिक्त पदों को भरने के लिए पात्र एवं इच्छुक पुरुष एवं महिला भारतीय नागरिकों (नेपाल एवं भूटान के विषयों सहित) से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 03.10.2026 को प्रातः 00:01 बजे से शुरू होगी और 01.11.2026 को रात्रि 11:59 बजे बंद हो जाएगी. यह भर्ती रिक्ति वर्ष 2025 के लिए है.

2. पद-आधारित रोस्टर के अनुसार रिक्तियों का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	खेल विधा	प्रतिस्पर्धा/श्रेणी-वार	पुरुष	महिला	कुल
01	एथलेटिक	200 मीटर	1	1	2
		5000 मीटर	-	1	1
		10000 मीटर	1	-	1
		ट्रिपल जंप (तिहरी कूद)	1	-	1
	कुल		03	02	05
02	जलीय खेल	वॉटर पोलो	02	-	04
		फ्री स्टाइल स्ट्रोकः 50/100/200/400/800/1500 मीटर		02	
		ब्रेस्ट स्ट्रोकः 50/100/200 मीटर			
		बैक स्ट्रोकः 50/100/200 मीटर			
		बटरफ्लाई स्ट्रोक : 50/100/200 मीटर			
		मेडले (Medle)			
	कुल		02	02	04
03	तीरंदाजी	रिकर्व	-	1	1
		कंपाउंड	1	2	3
		इंडियन राउंड	-	1	1
	कुल		01	04	05
04	बैडमिन्टन	बैडमिन्टन	03	03	06
	कुल		03	03	06
05	बास्केटबॉल	शूटिंग गार्ड	01	-	01
		प्वाइंट गार्ड	01	-	01
		पावर फारवर्ड	00	-	00
		सेंटर	01	-	01
	कुल		03	00	03
06	बॉक्सिंग	45-48 कि.ग्रा.	-	1	1
		47-50 कि.ग्रा.	1	-	1
		50-55 कि.ग्रा.	1	-	1
		57-60 कि.ग्रा.	-	1	1
		65-70 कि.ग्रा.	1	1	2
		70-75 कि.ग्रा.	-	1	1
		75-80 कि.ग्रा.	1	-	1
		80-85 कि.ग्रा.	1	-	1
	कुल		05	04	09
07	घुड़सवारी	शो जंपिंग	1	-	1
		ड्रेसेज			
		टेंट पेगिंग			
		इवेंटिंग			
	कुल		01	00	01
08	फुटबॉल	फुटबॉल	02	-	02
	कुल		02	00	02
09	जिम्नास्टिक	ऑलराउंड आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक	3	3	6
	कुल		03	03	06
10	हैंडबॉल	हैंडबॉल	3	-	3
	कुल		03	00	03
11	आइस हॉकी	आइस हॉकी	4	2	06
	कुल		04	02	06
12	हॉकी	हॉकी	3	-	3
	कुल		03	00	03

(शेष पृष्ठ 27 पर)

(पृष्ठ 26 का शेष)

13	जूडो	48 कि.ग्रा.	–	01	01
		52 कि.ग्रा.	–	02	02
		57 कि.ग्रा.	–	01	01
		60 कि.ग्रा.	1	–	01
		63 कि.ग्रा.	–	02	02
		66 कि.ग्रा.	1	–	01
		70 कि.ग्रा.	–	1	01
		73 कि.ग्रा.	1	–	01
		78 कि.ग्रा.	–	1	01
		81 कि.ग्रा.	1	–	01
	कुल		04	08	12
14	खो-खो	खो-खो	1	2	03
	कुल		01	02	03
15	पेनकैक सिलाट	45-50 कि.ग्रा.	–	1	1
		50-55 कि.ग्रा.	–	1	1
		60-65 कि.ग्रा.	1	–	1
		75-80 कि.ग्रा.	–	1	1
	कुल		01	03	04
16	पावर लिफ्टिंग	43 कि.ग्रा	01	–	01
		47 कि.ग्रा			
		52 कि.ग्रा			
		53 कि.ग्रा			
		57 कि.ग्रा			
		59 कि.ग्रा			
		63 कि.ग्रा			
		66 कि.ग्रा			
		69 कि.ग्रा			
		74 कि.ग्रा			
		84 कि.ग्रा			
		84+ कि.ग्रा			
		120 कि.ग्रा			
	कुल		01	00	01
17	सेंट्रल स्की	अल्पाइन	2	2	04
		नॉर्डिक	2	2	04
	कुल		04	04	08
18	खेल निशानेबाजी	10 मीटर पिस्टल	–	1	1
		50 मीटर पिस्टल	–	1	1
		25 मीटर आरपीएफ	1	–	1
		10 मीटर राइफल	1	1	2
		50 मीटर राइफल 3पी	2	1	3
	कुल		04	04	08
19	टेबल टेनिस	टेबल टेनिस	2	–	02
	कुल		02	00	02
20	ताइक्वांडो	62 किग्रा से कम क्योरुगी	–	1	1
		67 किग्रा से कम क्योरुगी	–	1	1
		68 किग्रा से कम क्योरुगी	1	–	1
		73 किग्रा से कम क्योरुगी	–	1	1
		73 किग्रा से अधिक क्योरुगी	–	1	1
		74 किग्रा से कम क्योरुगी	1	–	1
		80 किग्रा से कम क्योरुगी	1	–	1
	कुल		03	04	07
21	वालीबॉल	ब्लॉकर	2	–	2
		सेटर	2	–	2
		अटैकर	2	–	2
	कुल		06	00	06
22	भारोत्तोलन	53 कि.ग्रा	1	–	1
		60 कि.ग्रा	1	–	1
		65 कि.ग्रा	1	–	1
		69 कि.ग्रा	1	–	1
	कुल		04	00	04
23	कुश्ती	फ्रीस्टाइल	4	1	05
		ग्रीको-रोमन			
	कुल		04	01	05
24	कैनोइंग	कैनोइंग	1	2	03
	कुल		01	02	03
25	कयाकिंग	कयाकिंग	1	2	03
	कुल		01	02	03
26	रोइंग	रोइंग	00	1	1
	कुल		00	01	01

(शेष पृष्ठ 28 पर)

(पृष्ठ 26 का शेष)

शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. चयनित उम्मीदवार को चिन्हित वर्ष के दौरान किसी भी समय, अधिमानतः ग्रीष्मकाल के दौरान, दो माह के लिए निर्दिष्ट निर्देशक के साथ कार्य करना होगा.

आवेदन हमारी किसी एक वेबसाइट **[www.ias.ac.in; www.insaindia.res.in** एवं **www.nasi.ac.in]** पर लॉगइन करके जमा करना होगा. ऑनलाइन आवेदन करने के तुरंत बाद दी गई पंजीकरण संख्या को भविष्य में सभी पत्राचार में उल्लेखित करना होगा.

ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2026 है.

निर्देशक की सहमति सहित चयन की सूचना **मार्च-अप्रैल 2027** के आसपास भेजी जाएगी. चयनित छात्रों/शिक्षकों को अध्येतावृत्ति कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यस्थल पर आवागमन का रेल किराया और उनके आवासीय खर्च के लिए मासिक अध्येतावृत्ति प्रदान की जाएगी.

10 सितंबर 2026

प्रोफेसर
हेमलता बलराम
अध्यक्ष, संयुक्त विज्ञान शिक्षा पैनल
भारतीय विज्ञान अकादमी, बेंगलुरु

EN 27/34

राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्था (नीति आयोग)

नीति भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्था (नीति आयोग), नई दिल्ली निम्नलिखित पद के लिए प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) के आधार पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

क्र. सं.	पद का नाम	वेतन मैट्रिक्स में स्तर	पदों की संख्या	पद्धति
1.	नयाचार अधिकारी	स्तर-7	1	प्रतिनियुक्ति द्वारा, जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है.

विस्तृत रिक्ति परिपत्र नीति आयोग की वेबसाइट लिंक पर देखे जा सकते हैं: **https://www.niti.gov.in/work-niti/vacancy-circular** रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 42 दिनों के भीतर आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन उचित माध्यम से अवर सचिव (प्रशा.IV), कक्ष सं. 403, नीति आयोग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001 को अग्रेषित किया जाना चाहिए.

(अरविंद कुमार)
अवर सचिव (प्रशा. IV)

CBC 54102/11/0001/2627 EN 27/54

कृषि अर्थशास्त्र विभाग

भा.कृ.अ.प. -भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान

नई दिल्ली-110012

ऑनलाइन साक्षात्कार

"कृषि नीति विश्लेषण के लिए सहयोगात्मक अनुसंधान और क्षमता निर्माण प्रशिक्षण" और डीबीटी वेलकम इंडिया एलायंस द्वारा वित्त पोषित परियोजना "भारत के स्वदेशी जनजातीय समुदायों में कुपोषण दूर करने के लिए टिकाऊ खाद्य प्रणाली की विशेषता, पुनरुद्धार, समर्थन, निगरानी और प्रबंधन" शीर्षक वाली परियोजनाओं (CARISMMA टिकाऊ खाद्य प्रणाली अध्ययन) के तहत दो (02) **वरिष्ठ अनुसंधान अध्येताओं** की नियुक्ति के लिए **16.10.2026 को सुबह 10:00 बजे ऑनलाइन साक्षात्कार** में भाग लेने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं केवल इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन पत्र (एकल फाइल में) **11.10.2026 तक bioversityagecon@gmail.com** पर भेज सकते हैं. पात्रता विवरण के लिए आईएआरआई की वेबसाइट **https://www.iari.res.in** पर जाएं.

EN 27/63 **सहायक प्रशासन अधिकारी**



A comprehensive guide to modern career choices. "Career Calling" compiles notable career articles from recent editions of Employment News to help you in finding the perfect career path.

Buy online:

www.publicationsdivision.nic.in

Book Gallery
Soochna Bhawan, Lodhi Road
New Delhi

www.amazon.in

(पृष्ठ 27 का शेष)

27	माउंटेन बाइक साइक्लिंग	एमटीबी	1	1	02
कुल			01	01	02
28	कराटे	इंडिविजुअल काता	1	1	02
		+68 किग्रा कुमिते	1	1	02
कुल			02	02	04
कुल रिक्तियां			72	54	126

पद का नाम	लिंग	कुल रिक्तियां	वेतनमान और मैट्रिक्स लेवल	आयु
कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी) (खिलाड़ी)	पुरुष महिला	126	21,700 से 69,100/- (लेवल-3)	18 से 23 वर्ष (मेधावी खिलाड़ियों को ऊपरी आयु सीमा में अधिकतम 5 वर्ष तक की छूट दी जाएगी. अजा/अजजा वर्ग के अभ्यर्थियों के मामले में यह छूट अधिकतम 10 वर्ष तक होगी. यह छूट केवल उन खिलाड़ियों को प्रदान की जाएगी, जो शैक्षणिक योग्यता आदि से संबंधित अन्य सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हों तथा मेधावी खिलाड़ियों की नियुक्ति के संबंध में निर्धारित प्रारूप में और निर्धारित प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें.)

नोट :-

(क) रिक्तियां अनंतिम (अनुमानित) हैं और बिना किसी सूचना के इनमें वृद्धि या कमी की जा सकती है. आईटीबीपीएफ को इस विज्ञापन के प्रकाशन के बाद भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में परिवर्तन करने, भर्ती रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है. इसकी सूचना आईटीबीपीएफ की भर्ती वेबसाइट **https://recruitment.itbpolice.nic.in** के माध्यम से दी जाएगी.

(ख) आवेदन शुल्क :- अनारक्षित (अना), अन्य पिछड़ा वर्ग (अपिव) तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के पुरुष अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क रुपये 100/- (केवल एक सौ रुपये) है. शुल्क का भुगतान आईटीबीपीएफ की भर्ती वेबसाइट **https://recruitment.itbpolice.nic.in** के माध्यम से किया जाएगा. महिला अभ्यर्थियों, भूतपूर्व सैनिकों तथा अनुसूचित जाति (अजा) एवं अनुसूचित जनजाति (अजजा) वर्ग के अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क से छूट प्रदान की गई है.

(ग) अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे विस्तृत विज्ञापन देखने के लिए वेबसाइट: **https://recruitment.itbpolice.nic.in** पर जाएं. ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की सुविधा रोज़गार समाचार/एम्प्लॉयमेंट न्यूज में विज्ञापन प्रकाशित होने के बाद आईटीबीपीएफ की आधिकारिक भर्ती वेबसाइट पर उपलब्ध होगी.

(घ) ये रिक्तियां दिव्यांगजन अथवा भूतपूर्व सैनिकों के लिए उपलब्ध नहीं हैं.

(ङ) आईटीबीपी को विस्तृत विज्ञापन में दी गई भर्ती प्रक्रिया के क्रम में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित है.

उप महानिरीक्षक (भर्ती)

CBC 19143/11/0015/2627 EN 27/68

भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

समुद्रीय प्रशासन महानिदेशालय, मुंबई

शिपिंग मास्टर और निदेशक के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. इसका विवरण निम्नानुसार है:

क्र. सं.	पद का नाम	पदस्थापन का स्थान	रिक्तियों की संख्या	वेतनमान	भर्ती का माध्यम
1.	शिपिंग मास्टर और निदेशक	भारत में कहीं भी (मुंबई/ कोलकाता/ चेन्नई)	01	स्तर-11 (67700 - 208700)	प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण

संबंधित पद के लिए पात्रता, नियम एवं शर्तों तथा अन्य प्रासंगिक विवरण के लिए समुद्रीय प्रशासन महानिदेशालय (डीजीएमए) की आधिकारिक वेबसाइट **http://www.dgma.gov.in** का अवलोकन किया जा सकता है.

रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर आवेदन अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित किया जाए.

समुद्रीय प्रशासन उप महानिदेशक, (कार्मिक)
समुद्रीय प्रशासन महानिदेशालय
बीटा बिल्डिंग, 9वीं मंजिल
आई- थिंक टेक्नो कैंपस
कांजुर मार्ग (पूर्व), मुंबई-400042
फोन नं.: 022-25752015
ईमेल आईडी : singh.deependra@gov.in

CBC 37206/11/0004/2627 EN 27/69

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

अंसारी नगर, नई दिल्ली - 110029
परीक्षा अनुभाग

प्रवेश सूचना संख्या: 148/2026

एफ संख्या एम्स/एग्जाम.सेक/विज्ञापन/4-5(आईएनआई-सीईटी-पीजी-जन-27)/2026

02.09.2026

जनवरी 2027 सत्र में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आईएनआई-सीईटी

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली द्वारा **जनवरी 2027** सत्र के लिए राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों की **संयुक्त प्रवेश परीक्षा (आईएनआई-सीईटी)** हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. यह परीक्षा निम्नलिखित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाएगी: एम.डी./एम.एस./एम.सीएच.(6 वर्ष)/डी.एम. (6 वर्ष)/एम.डी.एस. इन पाठ्यक्रमों में एम्स, नई दिल्ली तथा अन्य एम्स, जेआईपीएमईआर, पुदुचेरी; निम्हंस, बेंगलुरु; पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ तथा एससीटीआईएमएसटी, तिरुवनंतपुरम में प्रवेश दिया जाएगा.

आवेदन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण	प्रारंभ होने की तारीख	अंतिम तारीख
आवेदन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रारंभ	16.09.2026	13.10.2026 (शाम 5:00 बजे तक)
पंजीकरण की स्थिति जानने की तारीख	17.10.2026	19.10.2026 (शाम 5:00 बजे तक)
एम्स वेबसाइट पर प्रवेश पत्रक अपलोड करने की तारीख	26 अक्टूबर, 2026 (सोमवार)	
परीक्षा की तारीख	01 नवम्बर, 2026 (रविवार)	

सभी नवीनतम अपडेट एवं विस्तृत जानकारी के लिए कृपया नियमित रूप से **www.aiimsexams.ac.in** वेबसाइट देखें.

सहायक नियंत्रक (परीक्षा)

CBC 17112/11/0042/2627 EN 27/65

दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड
(पी एंड पी शाखा)
एफसी-18, इंस्टीट्यूशनल एरिया, कड़कड़डूमा, दिल्ली-110092

एफ.सं.1(5)/पी एंड पी-1/डीएसएसएसबी/विज्ञापन/2022/5080-88 तिथि:17/09/2026

लोक सूचना

विज्ञापन सं.08/22 तिथि 14.10.2022 द्वारा पद कोड 41/22 के अधीन **शारीरिक शिक्षा शिक्षक (पीईटी)** के पद के लिए डीएसएसएसबी विज्ञापित रिक्तियां. विज्ञापन के जारी होने के समय पीईटी के पद को पत्र सं.डीई/ई-IV/रिक्यूजिशन/पीईटी/2021/1636 तिथि 11.11.2021 द्वारा शिक्षा निदेशालय(डीओई) से प्राप्त अपेक्षा के अनुसार पीडब्ल्यूडी श्रेणियों के लिए योग्य नहीं पाया गया है. इसके बाद शिक्षा निदेशालय(डीओई) ने अपने कम्युनिकेशन तिथि 05.06.2026 द्वारा पीईटी के पद को पीडब्ल्यूडी श्रेणियो के लिए योग्य पाए जाने की घोषणा के लिए सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन को पहुंचा दिया है. इसके अनुसार, पद कोड 41/22 के अधीन रिक्तियों को पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए आरक्षित रखा गया है. संशोधित रिक्तियां और पद के लिए उपश्रेणी वार पीडब्ल्यूडी योग्यता को आधिकारिक डीएसएसएसबी वेबसाइट पर उपलब्ध विज्ञापन सं. 08/22 में शुद्धिपत्र द्वारा अधिसूचित किया गया है.

इसके अनुसार पद कोड 41/22 के अधीन शारीरिक शिक्षा शिक्षक (पीईटी) के पद के लिए डीएसएसएसबी वेबसाइट https://dsssbonline.nic.in द्वारा केवल पात्र पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों से एतद्द्वारा ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं, पहले विज्ञापन सं.08/22 द्वारा विज्ञापित. ऑनलाइन आवेदन विंडो 23.09.2026 (दोपहर 12 बजे) से 22.10.2026 (रात 11:59) तक खुली रहेगी.

आवेदन को ऑनलाइन माध्यम द्वारा स्वीकार किया जाएगा. डाक, व्यक्तिगत रूप से, ईमेल द्वारा या अन्य किसी ऑफलाइन माध्यम द्वारा जमा किए गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा. इस संदर्भ में किसी भी पत्राचार या अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा.

इसके आगे, डीओई से प्राप्त संवाद के अनुसार शैक्षिक योग्यता, आयु अनुभव, आरक्षण लाभ के संदर्भ में पात्रता निर्धारित करने के लिए कट ऑफ तिथि/निर्णायक तिथि और अन्य शर्तें **18.11.2022 अर्थात् विज्ञापन सं. 08/22** में निर्धारित अनुसार समान कट ऑफ रहेगी.

यह सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन द्वारा जारी किया गया है.

उप सचिव (पी एंड पी)
डीएसएसएसबी

EN 27/17

हैदराबाद विश्वविद्यालय

(संसद के अधिनियम द्वारा वर्ष 1974 में स्थापित एक केंद्रीय विश्वविद्यालय)
डाकघर-सेंट्रल यूनिवर्सिटी, प्रो. सी.आर. राव रोड, गाचीबावली,
हैदराबाद-500046

हैदराबाद विश्वविद्यालय संकाय पदों के लिए पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है

1. 37 पदों के लिए विज्ञापन सं. UH/Rectt./Teaching/2026-02, दिनांक 07/09/2026.

2. ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि:12/10/2026

संपूर्ण विवरण के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखें: **https://www.uohyd.ac.in/careers-uoh/**

स्थान : हैदराबाद

दिनांक : 07/09/2026

कुलसचिव

CBC 21313/11/0001/2627 EN 27/55

आईसीएआर - नेशनल ब्यूरो ऑफ़ प्लांट जेनेटिक रिसोर्सेज़

पूसा कैंपस, नई दिल्ली - 110012, भारत

NBPGR

भाकृअनुप ICAR

आईसीएआर-एनबीपीजीआर, नई दिल्ली में डीबीटी-वित्तपोषित परियोजना के तहत **परियोजना वैज्ञानिक-I (1), परियोजना एसोसिएट-II/एसआरएफ (1)** और **CABin नेटवर्क परियोजना के तहत YP-II (1)** के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. योग्य उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे अपने आवेदन और मूल दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियां एक ही पीडीएफ फ़ाइल में **wheatrecruitment@gmail.com** पर ईमेल के ज़रिए अधिकतम **12.10.2026 तक भेजें.** आवेदनों की स्क्रीनिंग के बाद, केवल शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ही वॉक-इन इंटरव्यू के लिए ईमेल से सूचित किया जाएगा. साक्षात्कार के लिए व्यक्तिगत रूप से आने वाले उम्मीदवारों के मूल दस्तावेजों का सत्यापन साक्षात्कार की तिथि को किया जाएगा.

परियोजना और उप परियोजना का नाम	पद का नाम और संख्या	परिलब्धियां	अर्हता
डीबीटी वित्त पोषित गेहूं पर नेटवर्क परियोजना, जिसका शीर्षक है "जीनोमिक्स दृष्टिकोण का उपयोग करके गेहूं में जर्मप्लाज्म लक्षण वर्णन और लक्षण खोज तथा जलवायु लचीलेपन, उत्पादकता और पोषण संबंधी गुणवत्ता में सुधार के लिए इसका एकीकरण" उप-परियोजना-5, घटक-1: जीनोमिक चयन और उच्च थ्रूपुट फेनोटाइपिंग के क्षेत्र में क्षमता निर्माण और राष्ट्रीय प्रजनन कार्यक्रमों में इसका एकीकरण. (1012158) **परियोजना समाप्ति की तिथि: 28-02-2027**	**परियोजना वैज्ञानिक -I(1)**	रु. 56,000 + 27% म.कि.भ. (HRA) कार्यनिष्पादन की समीक्षा के आधार पर प्रत्येक 2 वर्ष के अनुभव पर 5% की वेतन वृद्धि.	**अनिवार्य योग्यता:** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर डिग्री, अथवा जीवन विज्ञान/प्लांट बायोटेक्नोलॉजी/मॉलिक्यूलर बायोलॉजी/बायोइन्फॉर्मेटिक्स या किसी अन्य संबंधित क्षेत्र में डॉक्टरेट की डिग्री. **वांछित योग्यताएं:** सांख्यिकीय और कम्प्यूटेशनल जीनोमिक्स/बायोइन्फॉर्मेटिक्स का ज्ञान, हाई-थ्रूपुट SNP जीनोटाइपिंग डेटा, NGS डेटा, री-सीक्वेंसिंग और ट्रांसक्रिप्टोमिक्स डेटा का विश्लेषण करने का अनुभव.
डीबीटी पोषित गेहूं पर नेटवर्क परियोजना, जिसका शीर्षक है "जीनोमिक्स दृष्टिकोण का उपयोग करके गेहूं में जर्मप्लाज्म लक्षण वर्णन और लक्षण खोज तथा जलवायु लचीलेपन, उत्पादकता और पोषण संबंधी गुणवत्ता में सुधार के लिए इसका एकीकरण" उप-परियोजना-6, घटक-1: समन्वय इकाई. (1012159) **परियोजना समाप्ति की तिथि: 28-02-2027**	**परियोजना एसोसिएट -II/ एसआरएफ (1)**	रु. 42,000 और 27% म.कि.भ. (HRA) उन शोधार्थियों के लिए जो निम्नलिखित के माध्यम से चयनित हैं: क) राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा - सीएसआईआर-यूजीसी नेट या गेट ख) केंद्र सरकार के विभागों और उनकी एजेंसियों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाएं	**अनिवार्य योग्यता** **i)** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से 4 या 5 वर्ष की स्नातक डिग्री के साथ जैव प्रौद्योगिकी या जैव सूचना विज्ञान या आणविक जीव विज्ञान या जीवन विज्ञान में विशेषज्ञता के साथ विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री अथवा समकक्ष योग्यता. **ii)** तीन वर्ष की स्नातक डिग्री धारकों के पास यूजीसी/सीएसआईआर/आईसीएआर-नेट/गेट योग्यता होना अनिवार्य है. **iii)** औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थानों या विज्ञान और प्रौद्योगिकी संगठनों तथा वैज्ञानिक गतिविधियों और सेवाओं में अनुसंधान और विकास का 2 वर्ष का अनुभव. **वांछित योग्यता** हाई-थ्रूपुट एसएनपी जीनोटाइपिंग, री-सीक्वेंसिंग और ट्रांसक्रिप्टोमिक्स डेटा के विश्लेषण का अनुभव
CABIN परियोजना, शीर्षक "गेहूं में फ्यूसेरियम हेड ब्लाइट और पाउडरी मिल्ड्यू प्रतिरोध का जीनोमिक विच्छेदन और एक कस्टम जीनोमिक पैनल का विकास" (1006445) **परियोजना समाप्ति की तिथि: 31-मार्च-2031**	**वाईपी-II (1)**	रु. 42,000/- समेकित	चार या पांच वर्ष की स्नातक डिग्री के साथ बायोइन्फॉर्मेटिक्स/बायोटेक्नोलॉजी/प्लांट ब्रीडिंग/एग्रीकल्चरल स्टैटिस्टिक्स/स्टैटिस्टिक्स/कंप्यूटर साइंस/कंप्यूटर एप्लीकेशन या समकक्ष में स्नातकोत्तर डिग्री. **वांछित योग्यता:** सांख्यिकीय और कम्प्यूटेशनल जीनोमिक्स / बायोइन्फॉरमैटिक्स का ज्ञान. LINUX/ R/ Perl/ JAVA/ PHP/ JSP में प्रोग्रामिंग और विभिन्न सॉफ्टवेयर तथा उपकरणों के उपयोग का ज्ञान.

आयु सीमा: साक्षात्कार की तिथि के अनुसार, परियोजना वैज्ञानिक-I और परियोजना एसोसिएट-II के पदों के लिए ऊपरी आयु सीमा 35 वर्ष और वाईपी-II के लिए 45 वर्ष निर्धारित है. ऊपरी आयु सीमा में महिलाओं को 5 वर्ष, अजा/अजजा को 5 वर्ष, अपिव को 3 वर्ष और पीडब्ल्यूडी को 10 वर्ष की छूट मिलेगी. अन्य पात्र श्रेणियों के लिए आयु सीमा भारत सरकार/भा.कृ.अ.प. के नियमों के तहत मान्य होगी.

EN 27/41

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान मंगलागिरी (आंध्र प्रदेश)

मंगलागिरी-522503
गुंटूर जिला, आंध्र प्रदेश

सत्यमेव जयते

विज्ञापन सं. AIIMS/MG/Admin/Recruitment/03/2026/Non Faculty/Deputation/03 दिनांक 22.09.2026

एम्स मंगलागिरी में विभिन्न गैर-संकाय समूह 'क' एवं 'ख' पदों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर भर्ती हेतु विज्ञापन

	विवरण	तिथि
कट ऑफ तिथि	वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि	22.09.2026
	ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि	22.09.2026
	ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि	रोज़गार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन (समय आने पर सूचित किया जाएगा)
	आवेदन की हार्ड कॉपी प्राप्त होने की अंतिम तिथि	ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि से 10 दिन

प्रतिनियुक्ति के आधार पर भर्ती

क्र. सं.	पद	समूह	सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार लेवल	पदों की संख्या	भर्ती का माध्यम
1.	सहायक परीक्षा नियंत्रक	क	लेवल-11	01	3 वर्ष के लिए प्रतिनियुक्ति
2.	लेखा अधिकारी	क	लेवल-10	01	3 वर्ष के लिए प्रतिनियुक्ति
3.	पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-I	ख	लेवल-7	01	3 वर्ष के लिए प्रतिनियुक्ति
			कुल	03	

टिप्पणी: अभ्यर्थियों को अधिसूचना का संपूर्ण विवरण देखने के लिए एम्स मंगलागिरी की वेबसाइट **www.aiimsmangalagiri.edu.in** देखने की सलाह दी जाती है।

कार्यकारी निदेशक
एम्स, मंगलागिरी

EN 27/103

सं. Admin-12011(16)/6/2024-eOffice
भारत सरकार

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

(प्रशासन अनुभाग)

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, केंद्रीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, मुंबई में नीचे उल्लिखित पद को प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित)के आधार पर भरने के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है. इच्छुक अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे अपना आवेदन पूर्ण जीवनवृत्त सहित अधोहस्ताक्षरी को **केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) एफडीए भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली-110002** के पते पर भेजें: आवेदन रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर पहुंच जाना चाहिए.

2. अधिक जानकारी के लिए मंत्रालय की वेबसाइट **https://www.mohfw-dohfw.gov.in/** अथवा सीडीएससीओ की वेबसाइट **https://cdsco.gov.in** देखें.

क्र. सं.	पद का नाम	सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन	पदों की संख्या	वह कार्यालय जिसके लिए पद भरा जाना है
1.	उप निदेशक	सातवें केंद्रीय वेतन आयोग का वेतन स्तर-12 (78,800-2,09,200 रुपये)	1	केंद्रीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, मुंबई

CBC 17194/11/0019/2627

उप निदेशक (प्रशासन)

EN 27/4

अस्वीकरण

रोज़गार समाचार में प्रकाशित आलेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने होते हैं। यह आवश्यक नहीं है कि ये विचार सरकार अथवा उस संगठन के हों, जिससे वे संबंधित हैं। रोज़गार समाचार में प्रकाशित विज्ञापनों की सामग्री संगठन अथवा उनके प्रतिनिधियों से संबंधित होती है। अभ्यर्थियों को आवेदन करने से पहले सामग्रियों के सही होने और उनके प्रभावों के बारे में स्वयं को अवश्य संतुष्ट कर लेना चाहिए। इन विज्ञापनों की विषयवस्तु/पाठ्य सामग्री को लेकर उत्पन्न किसी भी दायित्व के प्रति रोज़गार समाचार जिम्मेदार नहीं है।

-संपादक

एन टी पी सी लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम)

पंजी. कार्यालय : एनटीपीसी भवन, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 वेबसाइट : www.ntpc.co.in

विज्ञापन संख्या - 13/26

भारत की अग्रणी ऊर्जा कंपनी-एनटीपीसी के साथ अपने करियर को ऊर्जा दें

एनटीपीसी लिमिटेड, भारत की सबसे बड़ी एकीकृत विद्युत उत्पादन कंपनी, **91 गीगावाट** से अधिक की स्थापित क्षमता और संपूर्ण विद्युत उत्पादन मूल्य श्रृंखला में मजबूत उपस्थिति के साथ राष्ट्र की प्रगति को गति प्रदान कर रही है। हमारे देश की विकास संबंधी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, एनटीपीसी ने **वर्ष 2032** तक **149** गीगावाट की कुल स्थापित क्षमता प्राप्त करने की एक महत्वाकांक्षी योजना है।

एनटीपीसी नीचे दिए गए विवरण के अनुसार **एससी/एसटी उम्मीदवारों** के लिए **विशेष भर्ती** अभियान शुरू कर रहा है :

ए. पद का नाम : उप प्रबंधक (सिविल कंस्ट्रक्शन) – 01 पद (एससी)

योग्यता : किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सिविल/कंस्ट्रक्शन में बीई/बीटेक डिग्री।

अनुभव प्रोफाइल : पद हेतु निर्धारित योग्यता उपरांत 8 वर्षों का कार्यकारी अनुभव (प्रशिक्षण/प्रशिक्षु अवधि, यदि कोई हो, सहित) पावर/स्टील/रिफाइनरी/उर्वरक/ऑयल एवं गैस/सीमेंट क्षेत्र में, जिसमें सिविल कंस्ट्रक्शन में न्यूनतम 3 वर्षों का साइट अनुभव हो।

बी. पद का नाम : उप प्रबंधक (मैकेनिकल इरेक्शन) – 05 पद (एससी), 04 पद (एसटी)

योग्यता : किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से मैकेनिकल/प्रोडक्शन में बीई/बीटेक डिग्री।

अनुभव प्रोफाइल : पद हेतु निर्धारित योग्यता उपरांत न्यूनतम 8 वर्षों का कार्यकारी अनुभव (प्रशिक्षण/प्रशिक्षु अवधि, यदि कोई हो, सहित) पावर/स्टील/रिफाइनरी/उर्वरक/ऑयल एवं गैस/सीमेंट क्षेत्र में, जिसमें मैकेनिकल क्षेत्र में इरेक्शन/मेंटेनेंस/कमीशनिंग में न्यूनतम 3 वर्षों का साइट अनुभव हो।

सी. पद का नाम : उप प्रबंधक (इलेक्ट्रिकल इरेक्शन) – 01 पद (एससी), 01 पद (एसटी)

योग्यता : किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स में बीई/बीटेक डिग्री।

अनुभव प्रोफाइल : पद हेतु निर्धारित योग्यता उपरांत न्यूनतम 8 वर्षों का कार्यकारी अनुभव (प्रशिक्षण/प्रशिक्षु अवधि, यदि कोई हो, सहित) पावर/स्टील/रिफाइनरी/उर्वरक/ऑयल एवं गैस/सीमेंट क्षेत्र में, जिसमें इलेक्ट्रिकल क्षेत्र में इरेक्शन/मेंटेनेंस/कमीशनिंग में न्यूनतम 3 वर्षों का साइट अनुभव हो।

नोट : (पद ए, बी एवं सी के लिए)

वर्तमान में सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में कार्यरत उम्मीदवारों के लिए :

i. उपर्युक्त 8 वर्षों के पद हेतु निर्धारित योग्यता उपरांत अनुभव (प्रशिक्षण/प्रशिक्षु अवधि, यदि कोई हो, सहित) में से कार्यकारी संवर्ग में न्यूनतम 02 वर्षों का अनुभव ₹60000–180000 या उससे अधिक के वेतनमान (01.01.2017 से प्रभावी एनटीपीसी के ई3 ग्रेड के आईडीए वेतनमान) या समकक्ष वेतनमान में होना चाहिए।

ii. इसके अतिरिक्त, उम्मीदवारों को पद के लिए आवेदन करते समय अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

अधिकतम आयु सीमा : 45 वर्ष

भर्ती का स्तर/वेतनमान : ई4 ग्रेड/आईडीए (₹70000 – 200000/–)

डी. पद का नाम : सहायक प्रबंधक (ऑपरेशन/मेंटेनेंस), अनुशासन : मैकेनिकल – 02 पद (एसटी)

योग्यता : किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से मैकेनिकल/प्रोडक्शन/इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग/प्रोडक्शन एवं इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग/थर्मल/मैकेनिकल एवं ऑटोमेशन/पावर इंजीनियरिंग में बीई/बीटेक डिग्री।

अनुभव प्रोफाइल : 200 मेगावाट या उससे अधिक क्षमता की विद्युत परियोजना/प्लांट में पद हेतु निर्धारित योग्यता उपरांत न्यूनतम 5 वर्षों का कार्यकारी अनुभव (प्रशिक्षण/प्रशिक्षु अवधि, यदि कोई हो, को छोड़कर)।

वर्तमान में सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में कार्यरत उम्मीदवारों के लिए :

i. उपर्युक्त 5 वर्षों के पद हेतु निर्धारित योग्यता प्राप्त करने के बाद के अनुभव (प्रशिक्षण/प्रशिक्षु अवधि, यदि कोई हो, को छोड़कर) में से कार्यकारी संवर्ग में न्यूनतम 02 वर्षों का अनुभव ₹50000–160000 या उससे अधिक के वेतनमान (01.01.2017 से प्रभावी एनटीपीसी के ई2 ग्रेड के आईडीए वेतनमान या समकक्ष वेतनमान) में होना चाहिए।

ii. इसके अतिरिक्त, उम्मीदवारों को पद के लिए आवेदन करते समय अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

अधिकतम आयु सीमा : 40 वर्ष

भर्ती का स्तर/वेतनमान : ई3 ग्रेड/आईडीए (₹ 60000 – 180000/–)

ई. पद का नाम : इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल इरेक्शन) – 01 पद (एसटी)

योग्यता : किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स में बीई/बीटेक डिग्री।

अनुभव प्रोफाइल : इलेक्ट्रिकल इरेक्शन के क्षेत्र में साइट पर न्यूनतम 03 वर्षों का पद हेतु निर्धारित योग्यता उपरांत कार्यकारी अनुभव (प्रशिक्षण/प्रशिक्षु अवधि, यदि कोई हो, को छोड़कर), जिसमें सबस्टेशन एवं ट्रांसमिशन इरेक्शन कार्य/इलेक्ट्रिकल उपकरण (जैसे मोटर, /एचटी/एलटी पैनल या स्विचगियर/एचटी/एलटी केबल बिछाना)/रिले एवं प्रोटेक्शन/इलेक्ट्रिकल कंट्रोल सिस्टम/एचटी/एलटी ट्रांसफॉर्मर का अनुभव प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं जैसे थर्मल/हाइड्रो/नवीकरणीय/परमाणु विद्युत परियोजनाओं/ट्रांसमिशन/रिफाइनरी/उर्वरक/पेट्रोकेमिकल्स/स्टील/सीमेंट में हो।

वर्तमान में सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में कार्यरत उम्मीदवारों के लिए :

i. उम्मीदवारों को पद के लिए आवेदन करते समय अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

अधिकतम आयु सीमा : 40 वर्ष

भर्ती का स्तर/वेतनमान : ई2 ग्रेड/आईडीए (₹50000 – 160000/–)

एफ. पद का नाम : सहायक अधिकारी (सेफ्टी) – 01 पद (एससी), 03 पद (एसटी)

योग्यता : किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयध्संस्थान से मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/सिविल/प्रोडक्शन/केमिकल/कंस्ट्रक्शन/इंस्ट्रूमेंटेशन में बीई/बीटेक डिग्री, साथ में सेंट्रल लेबर इंस्टीट्यूट/रीजनल लेबर इंस्टीट्यूट, भारत सरकार से इंडस्ट्रियल सेफ्टी में डिप्लोमा/एडवांस डिप्लोमा/पीजी डिप्लोमा।

अधिकतम आयु सीमा : 50 वर्ष

भर्ती का स्तर/वेतनमान : ई0 ग्रेड/आईडीए (₹30000 –120000/–)

क्र. सं.	पद	ग्रेड	एससी	एसटी
ए	उप प्रबंधक (सिविल कंस्ट्रक्शन)	ई4	1	–
बी	उप प्रबंधक (मैकेनिकल इरेक्शन)	ई4	5	4
सी	उप प्रबंधक (इलेक्ट्रिकल इरेक्शन)	ई4	1	1
डी	सहायक प्रबंधक (ओ/एम) – मैकेनिकल	ई3	–	2
ई	इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल इरेक्शन)	ई2	–	1
एफ	सहायक अधिकारी (सेफ्टी)	ई0	1	3

पद ए से ई के लिए सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए आरक्षण लागू होगा। ऊपर दर्शाई गई कुल अनुमानित रिक्तियों की संख्या एनटीपीसी प्रबंधन के विवेक पर संगठनात्मक आवश्यकता के अनुसार बढ़ या घट सकती है।

उप प्रबंधक (सिविल कंस्ट्रक्शन) पद के लिए चिन्हित दिव्यांगताओं के प्रकार : a) D, HH b) OA, OL, LC, Dw, AAV c) SLD, MI d) MD जिसमें (a) से (c) शामिल हों। **उप प्रबंधक (मैकेनिकल इरेक्शन)** : a) D, HH इ) OA, OL, Dw, AAV C) SLD, MI d) MD जिसमें (a) से (c) शामिल हों। **उप प्रबंधक (इलेक्ट्रिकल इरेक्शन)** :) D, HH b) OA, OL, Dw, AAV c) ASD (M), SLD, MI d) MD जिसमें (a) से (c) शामिल हों। **सहायक प्रबंधक (O/M)–मैकेनिकल** :) D, HH b) OA, OL, Dw, AAV c) SLD, MI d) MD जिसमें (a) से (c) शामिल हों। **इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल इरेक्शन)** :) D, HH b) OA, OL,Dw, AAV c) ASD (M), SLD, MI d) MD जिसमें (a) से (c) शामिल हों। **सहायक अधिकारी (सेफ्टी)**: यह पद दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए चिन्हित नहीं है।

स्वास्थ्य

कार्यभार ग्रहण करने से पहले उम्मीदवारों को एनटीपीसी मेडिकल बोर्ड/अधिकारी द्वारा चिकित्सीय परीक्षण से गुजरना होगा और उनका निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। निर्धारित स्वास्थ्य मानकों में कोई छूट अनुमन्य नहीं है। विस्तृत चिकित्सा मानक वेबसाइट **careers.ntpc.co.in** पर उपलब्ध हैं। अतः सभी आवेदकों को सलाह दी जाती है कि आवेदन करने से पहले चिकित्सा मानकों को देख लें।

सामान्य शर्तें :

1. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।
2. सभी योग्यताएं भारत में मान्यता प्राप्त और अनुमोदित विश्वविद्यालयों/संस्थानों से पूर्णकालिक होनी चाहिए।
3. आयु/अनुभव संबंधी आवश्यकता/योग्यता आदि की सभी गणनाएं विज्ञापन में उल्लिखित ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि के अनुसार की जाएंगी।
4. ऑनलाइन आवेदन पत्र में एक बार भरी गई श्रेणी को बदला नहीं जा सकता और बाद में किसी अन्य श्रेणी का लाभ स्वीकार्य नहीं होगा। किसी विशेष श्रेणी से संबंधित होने का दावा करने वाले उम्मीदवारों के पास सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध एससी/एसटी/दिव्यांगता प्रमाण–पत्र, जैसा लागू हो, होना अनिवार्य है (भारत सरकार के नवीनतम निर्धारित प्रारूप में)। जहां ऐसी श्रेणी के लिए रिक्ति चिन्हित है, वहां दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट होगी। भूतपूर्व सैनिकों के लिए आयु में छूट सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार होगी।
5. आवश्यकता के आधार पर, कंपनी को बिना किसी अतिरिक्त सूचना और बिना कोई कारण बताए रिक्तियों की संख्या को रद्द/सीमित/कम/बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित है।
6. यदि आवश्यक हो, तो आगे की चयन प्रक्रिया के लिए उम्मीदवारों की संख्या सीमित करने हेतु प्रबंधन को बहु–स्तरीय चयन प्रक्रिया आयोजित करने का अधिकार है, जिसमें आवेदन शॉर्टलिस्टिंग/स्क्रीनिंग (योग्यता/अंकों के प्रतिशत, पद हेतु निर्धारित योग्यता प्राप्त करने के बाद के वर्षों के अनुभव/साइट अनुभव आदि के आधार पर), लिखित/कंप्यूटर–आधारित परीक्षा, व्यक्तिगत साक्षात्कार आदि या उपर्युक्त का संयोजन शामिल हो सकता है, अथवा आवश्यकता के अनुसार न्यूनतम पात्रता मानका/मानदंडों को बढ़ाया जा सकता है।
7. यह उल्लेख करना उचित है कि केवल इस तथ्य से कि कोई उम्मीदवार विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम पात्रता मानदंडों को पूरा करता है, उसे शॉर्टलिस्ट किए जाने/लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने या चयन प्रक्रिया में आगे विचार किए जाने का अधिकार प्राप्त नहीं होगा।
8. नियुक्ति एनटीपीसी के किसी भी कार्यालय/स्टेशन/परियोजना/संयुक्त उपक्रम/सहायक कंपनी में हो सकती है। सभी पद प्रबंधन के एकमात्र विवेकाधिकार पर स्थानांतरणीय हैं।
9. पद के लिए आवेदन करते समय आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह निर्दिष्ट तिथियों के अनुसार उपर्युक्त पात्रता और अन्य मानदंडों को पूरा करता/करती है तथा उसके द्वारा दी गई जानकारी सभी दृष्टियों से सही है। यदि भर्ती के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है और/या उसने कोई गलत/झूठी

(शेष पृष्ठ 31 पर)

(पृष्ठ 30 का शेष)

जानकारी दी है या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी स्वतः रद्द हो जाएगी। यदि उपर्युक्त में से कोई कमी नियुक्ति के बाद भी पाई जाती है, तो उसकी सेवाएं बिना किसी सूचना के समाप्त की जा सकती हैं। किसी भी रूप में अनुचित प्रभाव डालना उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर देगा।

10. इस विज्ञापन और/या इसके प्रत्युत्तर में किए गए आवेदन से उत्पन्न किसी भी मामले, दावे या विवाद के संबंध में कोई भी कार्यवाही केवल दिल्ली में ही शुरू की जा सकती है और ऐसे किसी मामले/विवाद की सुनवाई के लिए दिल्ली की अदालतों/न्यायाधिकरणों/मंचों का ही एकमात्र और विशिष्ट क्षेत्राधिकार होगा।

11. अंग्रेजी के अलावा अन्य भाषाओं के संस्करणों की व्याख्या के कारण किसी अस्पष्टता/विवाद की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

आवेदन कैसे करें

1. इच्छुक उम्मीदवार आवेदन करने के लिए हमारी वेबसाइट careers.ntpc.co.in पर लॉग ऑन करें। केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन का कोई अन्य साधन/माध्यम स्वीकार नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों के पास एक वैध ई–मेल आईडी होना आवश्यक है। उम्मीदवारों को भेजे गए किसी भी ई–मेल के वापस आने के लिए एनटीपीसी जिम्मेदार नहीं होगा।

2. ऑनलाइन आवेदन करने के बाद उम्मीदवार को सिस्टम द्वारा उत्पन्न विशिष्ट आवेदन संख्या वाली आवेदन पर्ची डाउनलोड करनी होगी। आवेदन पर्ची की प्रति उम्मीदवार भविष्य के संदर्भ के लिए अपने पास रख सकता है। हमें डाक द्वारा कोई दस्तावेज भेजने की आवश्यकता नहीं है।

3. यह अनिवार्य है कि पात्र उम्मीदवार आवेदन करते समय विज्ञापन का पूरा पाठ पढ़ें और उसमें दी गई सभी शर्तों से सहमत हों। आगे का कोई भी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र/अपडेट केवल हमारी वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

4. **दस्तावेज अपलोड करना** : उम्मीदवारों को आवेदन करते समय सभी दस्तावेज अनिवार्य रूप से अपलोड करने होंगे। अधूरे/अपर्याप्त दस्तावेजों वाले आवेदनों को अस्वीकार किया जा सकता है/आगे की प्रक्रिया के लिए विचार नहीं किया जा सकता है।

दस्तावेजों की सूची यहां दी गई है :

i. कक्षा X उत्तीर्ण प्रमाण–पत्र/अंकपत्र, पैन कार्ड और आधार कार्ड (सभी दस्तावेजों पर नाम एवं जन्मतिथि एकरूप होनी चाहिए)।

ii. बीई/बीटेक डिग्री (अंतिम/अनंतिम) प्रमाण–पत्र।

iii. सेपटी डिप्लोमा (अंतिम/अनंतिम) प्रमाण–पत्र (केवल पद एफ के लिए)।

iv. समेकित मार्कशीट/ट्रांसक्रिप्ट/सभी सेमेस्टर की मार्कशीट, जिसमें सभी सेमेस्टरों में प्राप्त अंकों का कुल प्रतिशत स्पष्ट रूप से दर्शाया गया हो।

v. सीजीपीए/सीजीपीआई/डीजीपीए/सीजीआई/सीपीआई आदि को प्रतिशत (%) में परिवर्तित करने के लिए विश्वविद्यालय/संस्थान का अंक रूपांतरण सूत्र।

vi. जाति/दिव्यांगता प्रमाण–पत्र (एससी/एसटी/दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए), जैसा लागू हो।

vii. दिव्यांगता प्रमाण–पत्र नवीनतम निर्धारित केंद्रीय सरकार के प्रारूप के अनुसार होना चाहिए और स्वावलंबन/यूडीआईडी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन तैयार किया गया होना चाहिए (जिसमें दिव्यांगता का प्रकार और प्रतिशत स्पष्ट रूप से दर्शाया गया हो), तथा इस विज्ञापन में उल्लिखित पदों के लिए चिन्हित दिव्यांगता के अनुरूप होना चाहिए।

viii. एक संगठन/कंपनी से संबंधित सभी अनुभव संबंधी दस्तावेजों को पहले से लेकर अंतिम/वर्तमान कंपनी तक कालानुक्रमिक क्रम में एक साथ रखा जाना चाहिए। दस्तावेजों के सेट में आवश्यक अनुभव पात्रता की पुष्टि करने के लिए निम्नलिखित दस्तावेज शामिल होने चाहिए (लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं) अनुभव/सेवा प्रमाण–पत्र (एनटीपीसी द्वारा निर्धारित नमूना प्रारूप के अनुसार), नियुक्ति का प्रस्ताव/नियुक्ति पत्र/ऑफर लेटर, प्रशिक्षण पूरा होने पर पुष्टि/समावेशन पत्र/आदेश (यदि कोई हो), ज्वाइनिंग आदेश/पत्र, भूमिका आवंटन आदेश, पदोन्नति आदेश, स्थानांतरण आदेश, संगठन चार्ट, फॉर्म–16 आदि, ताकि कार्य क्षेत्र/विभाग/अनुभाग की पुष्टि की जा सकेय प्रत्येक संगठन के प्रत्येक वर्ष के लिए 02 वेतन पर्चियां आदि।

ix. वर्तमान में सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत उम्मीदवारों को वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

x. वर्तमान में सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत उम्मीदवारों को आवश्यक संख्या में वर्षों के लिए आवश्यक वेतनमान में सेवा सत्यापित करने हेतु वेतनमान परिपत्र/मैट्रिक्स भी उपलब्ध कराना होगा।

ऑनलाइन आवेदन शुरू होने की तिथि	**29.09.2026**
ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि	**13.10.2026 (शाम 6 बजे तक)**

विद्युत क्षेत्र में अग्रणी

EN 27/99

इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम) / ENGINEERS INDIA LIMITED (A Govt. of India Undertaking)

पंजीकृत कार्यालय: इंजीनियर्स इंडिया भवन, 1, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली–110066

वॉक–इन–इंटरव्यू

एससीएम (निरीक्षण) में निश्चित अवधि के आधार पर अनुभवी इंजीनियरों की नियुक्ति हेतु

इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड, नवरत्न श्रेणी का सार्वजनिक उपक्रम तथा भारत की अग्रणी समग्र समाधान इंजीनियरिंग परामर्शी कंपनी, मैकेनिकल/धातुकर्म तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में अर्हता प्राप्त अनुभवी पेशेवरों की कंपनी की वर्तमान घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं सहित रिफाइनरी, पेट्रोकेमिकल तथा अन्य तेल एवं गैस परियोजनाओं के महत्वपूर्ण उपकरणों एवं सामग्रियों के शीघ्र निष्पादन तथा निगरानी हेतु अपने एससीएम–निरीक्षण विभाग में निश्चित अवधि के आधार पर आवश्यकता है।

क्रं सं-	पद	पात्रता	न्यूनतम पात्रता के बाद संबंधित अनुभव (31.08.26 को)	नियुक्ति की अवधि	पदों की अनुमानित संख्या	आरक्षण
1	एसोसिएट इंजीनियर ग्रेड I-निरीक्षण मैकेनिकल/धातुकर्म	मैकेनिकल/धातुकर्म इंजीनियरिंग में बी.ई./बी.टेक./बी.एससी. (इंजीनियरिंग)	2 वर्ष	3 वर्ष	16	अनारक्षित-6, अ.जा.-2, अ.ज.जा.-2, अ.पि.व-4, ईडब्ल्यूएस-2
2	एसोसिएट इंजीनियर ग्रेड I - निरीक्षण - इलेक्ट्रिकल	इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बी.ई./बी.टेक./बी.एससी. (इंजीनियरिंग)	2 वर्ष	3 वर्ष	4	अनारक्षित-2, अ.जा.-1, अ.पि.व.-1

उपर्युक्त पदों के लिए इच्छुक उम्मीदवार कंपनी की वेबसाइट "http://www.engineersindia.com" (Careers → Overview → Opportunities@eil) पर दिए गए विस्तृत विज्ञापन को ध्यान से पढ़ें और ऑनलाइन आवेदन करें। ऑनलाइन आवेदन हेतु लिंक दिनांक **26.09.2026 से 12.10.2026** तक उपलब्ध रहेगा। पात्र और इच्छुक उम्मीदवार उपर्युक्त निर्धारित अवधि के दौरान पंजीकरण पूर्ण करें और अपना आवेदन ऑनलाइन जमा करें।

(सावधानी: उम्मीदवारों को फर्जी/भ्रामक भर्ती विज्ञापनों से सावधान रहने की सलाह दी जाती है। प्रामाणिक सूचना हेतु सदैव "http://www.engineersindia.com" पर प्रकाशित विस्तृत विज्ञापन को देखें)

मा.सं.वि./भर्ती/विज्ञापन/2026–27/10

EN 27/107

भारत सरकार

MINISTRY OF MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES
GOVERNMENT OF INDIA

CFTI

एम.एस.एम.ई.– प्रौद्योगिकी विकास केन्द्र केन्द्रीय पादुका प्रशिक्षण संस्थान, आगरा

(सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार)
सी–41 व 42,साईट–सी, औद्योगिक क्षेत्र, सिकन्दरा, आगरा–282007

CFTI

रोज़गार परक पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश सूचना

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त NCVET द्वारा संचालित कोर्स

क्र. सं.	कोर्स	अवधि	योग्यता	आयु	सीट	कुल फीस सामान्य/ओ.बी.सी.	कुल फीस अनु० जाति/अनु० जनजाति
1.	TM-FT	18 माह/1800 घण्टे	स्नातक	19 वर्ष या उससे अधिक	30	1,49,950/-	48,520/-
2.	AD-FMD • Jr. TS-FDM (1st Year) • TS-FDM (2nd Year)	2 वर्ष/2400 घण्टे	12वीं पास	17 वर्ष या उससे अधिक	60	1,78,600/-	43,360/-
3.	MT-FDPD	1 वर्ष/1200 घण्टे	12वीं पास		60	1,11,800/-	44,180/-
4.	T-FM	1 वर्ष/1200 घण्टे	10वीं पास	17 वर्ष या उससे अधिक	60	93,000/-	25,380/-
5.	Jr.T-FDP	6 माह/600 घण्टे	10वीं पास		60	47,650/-	13,840/-

विशेष छूट – क्रमांक 01 से 05 तक SC/ST अभ्यर्थियों का शिक्षण शुल्क माफ है

क्र. सं.	कोर्स	अवधि	योग्यता	सीट	आयु	सभी वर्ग के लिए फीस
1.	SHOE CAD & DIGITAL 3D	06 माह	10वीं पास	15	17 वर्ष या उससे अधिक	32,800/-
2.	SPECIALISED COURSE	03 माह	10वीं पास	10		96,760/-
3.	WEEKEND COURSE : Manual Designing or CAD Engineering	04 माह सप्ताह में 2 दिन	–	10		96,760/-

अपना व्यवसाय शुरू करने एवं रोज़गार पाने का अवसर

प्रवेश प्रक्रिया:– काउंसलिंग /साक्षात्कार द्वारा पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर।

Scan QR code for Prospectus

Scan QR code for Apply Online

पाठ्यक्रम प्रारम्भ होने की प्रस्तावित तिथि – 28 अक्टूबर 2026

अधिक जानकारी के लिए कृपया संस्थान की वेबसाइट को देखें
सम्पर्क करें: 9411204684, 9411029121, 7017204375

Ph: 0562-2642005
E-Mail: info@cftiagra.org.in

CFTI, AGRA

Website: www.cftiagra.org.in

EN 27/62

दक्षिण रेलवे

रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ
चेन्नई – 600008
www.rrcmas.in

रोजगार सूचना सं. RRC-03/Cultural/2026-27 **दिनांकः 03-10-2026**

वर्ष 2026-27 के लिए सांस्कृतिक कोटा के अंतर्गत भर्ती

दक्षिण रेलवे में वर्ष 2026-2027 के लिए सांस्कृतिक कोटा के अंतर्गत सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स के लेवल-2 में दो (02) पदों को भरने हेतु अपेक्षित सांस्कृतिक अर्हता रखने वाले पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

विवरण	दिनांक एवं समय
आवेदन प्रारंभ होने की तिथि एवं समय	**03/10/2026 को प्रातः 09:00 बजे**
आवेदन बंद होने की तिथि एवं समय	**02/11/2026 को रात्रि 23:59 बजे**

1.1 इस अधिसूचना में दिए गए सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि आप आवेदन करने के पात्र हैं. ऑनलाइन आवेदन भरने से संबंधित विस्तृत निर्देश रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, चेन्नई की वेबसाइट **www.rrcmas.in** पर उपलब्ध हैं.

1.2 अभ्यर्थियों को नियमित अद्यतन सूचनाओं के लिए रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, चेन्नई की वेबसाइट बार-बार देखने की सलाह दी जाती है. अभ्यर्थियों को अपने हित में अंतिम तिथि से काफी पहले ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की सलाह दी जाती है, ताकि वेबसाइट पर अधिक भार होने के कारण आवेदन प्रस्तुत न हो पाने की संभावना से बचा जा सके.

1.3 यदि अभ्यर्थी के पास वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी नहीं है, तो वह ऑनलाइन आवेदन करने से पहले अपनी ई-मेल आईडी बना ले तथा भर्ती प्रक्रिया की समाप्ति तक उसी ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर को सक्रिय रखे. चयन प्रक्रिया पूरी होने तक अभ्यर्थी अपना मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी न बदलें. इस दौरान मोबाइल नंबर अथवा ई-मेल आईडी बदले जाने के कारण सूचना प्राप्त न होने के लिए प्रशासन उत्तरदायी नहीं होगा. इस संबंध में किसी भी परिस्थिति में प्रशासन द्वारा कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा.

1.4 **पदों एवं विधाओं का विवरण**

क्र. सं.	विधा	पदों की संख्या	अनिवार्य व्यावसायिक योग्यता
1	**शास्त्रीय नृत्य**	1	सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त संस्थान से किसी भी भारतीय शास्त्रीय नृत्य में डिग्री/डिप्लोमा प्रमाणपत्र.
2	**मृदंगम**	1	सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त संस्थान से मृदंगम में डिग्री/डिप्लोमा प्रमाणपत्र.

2.0 शैक्षणिक योग्यताएं

1. अनिवार्य न्यूनतम निर्धारित योग्यता

(i) एनटीपीसी श्रेणियों के लिए 12वीं (+2 स्तर) अथवा समकक्ष परीक्षा कुल मिलाकर न्यूनतम 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण.

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/भूतपूर्व सैनिक/दिव्यांगजन अभ्यर्थियों तथा अनिवार्य न्यूनतम निर्धारित योग्यता से उच्च योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों के मामले में 50% अंकों की शर्त लागू नहीं होगी.

टिप्पणीः लिपिक-सह-टंकक की श्रेणी में नियुक्त व्यक्तियों को नियुक्ति की तिथि से दो वर्ष की अवधि के भीतर अंग्रेजी में 30 शब्द प्रति मिनट अथवा हिंदी में 25 शब्द प्रति मिनट की टंकण दक्षता प्राप्त करनी होगी. तब तक इस श्रेणी में उनकी नियुक्ति अनंतिम रहेगी.

अथवा

(ii) तकनीशियन श्रेणियों के लिए मैट्रिकुलेशन के साथ NCVT/SCVT द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रम पूर्ण एक्ट अप्रेंटिसशिप.

अथवा

(iii) तकनीशियन श्रेणियों के लिए मैट्रिकुलेशन के साथ NCVT/SCVT द्वारा अनुमोदित आईटीआई.

2. वांछनीय योग्यता

(क) संबंधित क्षेत्र में अनुभव तथा आकाशवाणी/दूरदर्शन आदि पर प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों का वैध प्रमाणपत्र.

(ख) राष्ट्रीय स्तर पर संबंधित अकादमी अथवा सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त संस्था द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त करने का वैध प्रमाणपत्र.

टिप्पणी

(क) पैरा 1.4 के अनुसार व्यावसायिक योग्यता न रखने वाले अभ्यर्थियों को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है.

(ख) आवेदन करने से पहले अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि इस अधिसूचना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को उनके पास मान्यताप्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय/संस्थान से अपेक्षित योग्यता है. निर्धारित योग्यता की अंतिम परीक्षा के परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे अभ्यर्थी पात्र नहीं हैं और उन्हें आवेदन नहीं करना चाहिए.

(ग) अधिसूचित पद सभी अभ्यर्थियों के लिए खुले हैं. इस अधिसूचना के अंतर्गत आवेदन करने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांगजन/भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अभ्यर्थियों को सामान्य खुले बाजार की भर्ती में अनुमन्य छूट प्रदान की जाएगी.

(घ) अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती प्रक्रिया के दौरान अपना व्यक्तिगत मोबाइल नंबर और वैध व्यक्तिगत ई-मेल सक्रिय रखें, क्योंकि रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, चेन्नई से सभी सूचनाएं केवल वेबसाइट/SMS/ई-मेल के माध्यम से भेजी जाएंगी. भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में मोबाइल नंबर अथवा ई-मेल पता बदलने का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा.

भर्ती प्रक्रिया के विभिन्न चरणों की तिथियां केवल रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, चेन्नई की वेबसाइट पर सूचित की जाएंगी. रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ के नियंत्रण से बाहर के कारणों से अभ्यर्थियों तक SMS/ई-मेल पहुंचने में विफलता हो सकती है. अतः अभ्यर्थियों को आगे की अद्यतन सूचनाओं के लिए **https://www.rrcmas.in** नियमित रूप से देखने की सलाह दी जाती है.

(ङ) पात्रता की सभी शर्तें पूरी करने के अधीन, चयन प्रक्रिया के सभी चरणों में आवेदक की अभ्यर्थिता अनंतिम रहेगी.

3.0 आयु-सीमाः 18 से 30 वर्ष

3.1 न्यूनतम और अधिकतम आयु की गणना **01/01/2027** के आधार पर की जाएगी. अपेक्षित प्रमाणपत्र अपलोड किए जाने के अधीन अधिकतम आयु-सीमा में निम्नानुसार छूट दी जाएगीः

क्र. सं.	समुदाय/श्रेणी	अधिकतम आयु-सीमा में छूट अथवा अधिकतम अनुमेय आयु		
1	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी	5 वर्ष		
2	अन्य पिछड़ा वर्ग - गैर-क्रीमी लेयर के अभ्यर्थी	3 वर्ष		
3	सत्यापन के बाद 6 माह से अधिक की सेवा पूरी कर चुके भूतपूर्व सैनिक	रक्षा सेवा की अवधि के बराबर तथा अतिरिक्त 3 वर्ष		
4	दिव्यांगजन अभ्यर्थी, 40% अथवा उससे अधिक दिव्यांगता	**अनारक्षित**	**अन्य पिछड़ा वर्ग-गैर-क्रीमी लेयर**	**अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति**
		10 वर्ष	13 वर्ष	15 वर्ष
5	01/01/1980 से 31/12/1989 की अवधि के दौरान जम्मू एवं कश्मीर राज्य में सामान्यतः अधिवासित रहे अभ्यर्थी	5 वर्ष		
6	न्यूनतम 3 वर्ष की सेवा, चाहे निरंतर हो अथवा खंडित अवधि में, पूरी कर चुके सेवारत ग्रुप 'C', पूर्ववर्ती ग्रुप 'D' रेलवे कर्मचारी, आकस्मिक श्रमिक तथा रेलवे के स्थानापन्न कर्मचारी	**अनारक्षित**	**अन्य पिछड़ा वर्ग-गैर-क्रीमी लेयर**	**अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति**
		40 वर्ष वर्ष की आयु	43 वर्ष की आयु	45 वर्ष की आयु
7	रेलवे संगठन के अर्ध-प्रशासनिक कार्यालयों, जैसे रेलवे कैंटीन, सहकारी समितियों एवं संस्थानों में कार्यरत अभ्यर्थी	प्रदान की गई सेवा की अवधि तक अथवा 5 वर्ष, जो भी कम हो		
8	विधवा, तलाकशुदा अथवा पति से न्यायिक रूप से अलग हुई, परंतु पुनर्विवाह न करने वाली महिला अभ्यर्थी	**अनारक्षित**	**अन्य पिछड़ा वर्ग-गैर-क्रीमी लेयर**	**अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति**
		35 वर्ष	38 वर्ष	40 वर्ष

3.2 जन्मतिथि की सीमा

अभ्यर्थियों की जन्मतिथि नीचे दी गई तिथियों के बीच होनी चाहिए. दोनों तिथियाँ सम्मिलित हैं:

आयु-वर्ग	अधिकतम आयु हेतु जन्मतिथि की ऊपरी सीमा –			जन्मतिथि की निचली सीमा
	अनारक्षित	**अन्य पिछड़ा वर्ग, गैर-क्रीमी लेयर**	**अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति**	**सभी समुदायों/श्रेणियों के लिए**
18 से 30 वर्ष	02/01/1997 से पूर्व नहीं	02/01/1994 से पूर्व नहीं	02/01/1992 से पूर्व नहीं	01/01/2009 के बाद नहीं

टिप्पणी

(क) कोई भी पद विशेष रूप से अन्य पिछड़ा वर्ग अथवा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित नहीं है. तथापि, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदाय से संबंधित होने का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी समुदाय प्रमाणपत्र प्रस्तुत एवं अपलोड करना होगा.

(ख) अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत समुदाय प्रमाणपत्र में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए कि अभ्यर्थी क्रीमी लेयर के व्यक्तियों/वर्गों से संबंधित नहीं है. उपयुक्त अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय प्रमाणपत्र प्रस्तुत न करने वाले अभ्यर्थियों को अनारक्षित माना जाएगा.

(ग) दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु-सीमा में पैरा 3.1 की सारणी के क्रमांक 4 के अनुसार छूट दी जाएगी. आयु में छूट का दावा करने के प्रमाण के रूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी संबंधित दिव्यांगता प्रमाणपत्र अपलोड किया जाना चाहिए.

(घ) प्रमाणपत्र निर्धारित प्रारूप में होने चाहिए. प्रारूप रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, चेन्नई की वेबसाइट पर उपलब्ध है. ऑनलाइन आवेदन भरते समय उनकी प्रतियाँ अपलोड की जानी चाहिए.

(ङ) अभ्यर्थी ध्यान दें कि आवेदन के साथ प्रस्तुत 10वीं कक्षा/मैट्रिकुलेशन/माध्यमिक परीक्षा प्रमाणपत्र अथवा समकक्ष प्रमाणपत्र में दर्ज जन्मतिथि ही स्वीकार की जाएगी. जन्मतिथि में किसी प्रकार का अंतर पाए जाने पर अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा.

(च) अभ्यर्थी यह भी ध्यान दें कि उनके द्वारा जन्मतिथि का दावा किए जाने और प्रशासन के अभिलेखों में दर्ज हो जाने के बाद किसी भी आधार पर उसमें परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी.

4. परीक्षा शुल्क/छूट

	श्रेणी	परीक्षा शुल्क
(i)	नीचे उप-पैरा (ii) में उल्लिखित अभ्यर्थियों को छोड़कर अन्य सभी अभ्यर्थियों के लिए	रु. 500/- (केवल पांच सौ रुपये). अधिसूचना के अनुसार पात्र पाए जाने तथा लिखित परीक्षा/कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में वास्तव में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को बैंक शुल्क काटने के बाद रु. 400/- वापस किए जाने का प्रावधान है.
(ii)	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/भूतपूर्व सैनिक/40% अथवा उससे अधिक दिव्यांगता वाले व्यक्ति/महिलाएं/अल्पसंख्यक* तथा आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग**	रु. 250/- (केवल दो सौ पचास रुपये). अधिसूचना के अनुसार पात्र पाए जाने तथा लिखित परीक्षा/कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में वास्तव में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को बैंक शुल्क काटने के बाद उक्त राशि वापस किए जाने का प्रावधान है.

(क) *अल्पसंख्यक से तात्पर्य मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध तथा पारसी समुदाय से है.

परीक्षा शुल्क से छूट/वापसी का दावा करने के लिए अल्पसंख्यक अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन भरते समय 'स्व-घोषणा' अपलोड करनी होगी. इसका प्रारूप रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, चेन्नई की वेबसाइट पर उपलब्ध है.

दस्तावेज सत्यापन के समय परीक्षा शुल्क में छूट का दावा करने वाले ऐसे अभ्यर्थियों को गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर पर 'अल्पसंख्यक समुदाय घोषणा' का शपथ-पत्र भी प्रस्तुत करना होगा, जिसमें यह घोषित किया गया हो कि वह उपर्युक्त अल्पसंख्यक समुदायों में से किसी एक से संबंधित है. दस्तावेज सत्यापन के समय शपथ-पत्र प्रस्तुत न करने पर उनकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी.

(शेष पृष्ठ 33 पर)

(पृष्ठ 32 का शेष)

(ख) **आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग (EBC) से तात्पर्य ऐसे अभ्यर्थियों से है जिनकी पारिवारिक आय रु. 50,000/- प्रतिवर्ष से कम है.

नीचे उल्लिखित प्राधिकारियों द्वारा जारी आय प्रमाणपत्र रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, चेन्नई की वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में होना चाहिए. इसे जारी करने वाले प्राधिकारी के पत्र-शीर्ष पर जारी किया जाना चाहिए. आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग से संबंधित अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन भरते समय इसे अपलोड करना होगा तथा दस्तावेज सत्यापन के समय इसका मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.

आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों (EBC) की पहचान के उद्देश्य से आय प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए अधिकृत प्राधिकारी:-

(i) जिला मजिस्ट्रेट अथवा तहसीलदार स्तर तक का कोई अन्य राजस्व अधिकारी.

(ii) अपने निर्वाचन क्षेत्र के व्यक्तियों के लिए लोकसभा के वर्तमान सांसद.

(iii) केंद्र सरकार की किसी मान्यताप्राप्त गरीबी उन्मूलन योजना के अंतर्गत जारी बीपीएल कार्ड अथवा कोई अन्य प्रमाण-पत्र या रेलवे द्वारा जारी इज्जत एमएसटी.

(iv) केंद्रीय मंत्री देश में कहीं के भी किसी व्यक्ति की संस्तुति कर सकते हैं.

(v) जिस जिले में वे सामान्यतः निवास करते हैं, उस जिले के व्यक्तियों के लिए राज्यसभा के वर्तमान सांसद.

4.0 शुल्क का भुगतान

4.1 ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के भाग के रूप में शुल्क का भुगतान केवल भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन किया जाएगा.

4.2 आवेदन-पत्र में दर्ज विवरणों की शुद्धता सुनिश्चित करने के बाद अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन के साथ एकीकृत भुगतान गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना होगा.

4.3 भुगतान स्क्रीन पर मांगी गई जानकारी उपलब्ध कराकर डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग आदि से किया जा सकता है. ऑनलाइन भुगतान का लेन-देन शुल्क, यदि कोई हो, अभ्यर्थी द्वारा वहन किया जाएगा.

4.4 लेन-देन सफलतापूर्वक पूरा होने पर ई-रसीद तैयार होगी, जिसे अभ्यर्थी को सुरक्षित/प्रिंट करके अपने पास रखना होगा.

4.5 ऑनलाइन लेन-देन सफलतापूर्वक पूरा न होने पर कृपया पुनः ऑनलाइन भुगतान करें.

4.6 आवेदन-पत्र भरते समय अभ्यर्थियों को उस लाभार्थी बैंक खाते का सही विवरण देना होगा, जिसमें वे धनवापसी प्राप्त करना चाहते हैं, जैसे- लाभार्थी का नाम, बैंक का नाम, खाता संख्या और आईएफएससी कोड. इससे ऊपर पैरा 4 (i) और (ii) के अनुसार पात्र अभ्यर्थियों को बैंक शुल्क की कटौती के बाद शुल्क वापस करने में सुविधा होगी.

4.7 अपात्र पाए गए अभ्यर्थियों का शुल्क वापस नहीं किया जाएगा.

4.8 उपर्युक्त पैरा 4 के अनुसार धनवापसी, बैंक शुल्क काटने के बाद केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को की जाएगी, जो अधिसूचना के अनुसार पात्र पाए जाते हैं और वास्तव में लिखित परीक्षा/कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में उपस्थित होते हैं.

4.9 नकद/चेक/केंद्रीय भर्ती शुल्क टिकट अथवा मनीऑर्डर के साथ प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे और निरस्त कर दिए जाएंगे.

4.10 प्रक्रिया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस/हस्तांतरित/समायोजित नहीं किया जाएगा.

5.0 भर्ती प्रक्रिया

5.1 भर्ती लिखित परीक्षा/कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT), उसके बाद व्यावहारिक प्रदर्शन और दस्तावेज सत्यापन के आधार पर होगी. नियुक्ति के लिए अनुशंसित अभ्यर्थियों को चिकित्सीय परीक्षण कराना होगा तथा चयनित पद के लिए निर्धारित चिकित्सा वर्गीकरण के अनुसार चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ और अपेक्षित चिकित्सा उपयुक्तता वाला पाया जाना चाहिए.

5.2 सभी प्रकार से पात्र पाए गए अभ्यर्थियों पर निम्नलिखित आधार पर विचार किया जाएगा:-

परीक्षा/मूल्यांकन	अंक
लिखित परीक्षा/कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे. लिखित परीक्षा/CBT में ऋणात्मक अंकन होगा तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिए उस प्रश्न हेतु निर्धारित अंकों का 1/3 भाग काटा जाएगा. लिखित परीक्षा की अवधि 1 घंटा होगी. लिखित परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने के लिए न्यूनतम अंक: अनारक्षित-40%, ओबीसी-30%, एससी-30%, एसटी-25%	50 अंक
संबंधित क्षेत्र में व्यावहारिक प्रदर्शन सहित प्रतिभा परीक्षा	35 अंक
प्रशंसापत्रों/प्रमाण-पत्रों/पुरस्कारों के माध्यम से प्रतिभा की पुष्टि	15 अंक
कुल	100 अंक

5.3 लिखित परीक्षा/कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT), व्यावहारिक प्रदर्शन/दस्तावेज सत्यापन की तिथि, समय और स्थान आरआरसी-चेन्नई द्वारा निर्धारित किए जाएंगे और दक्षिण रेलवे के रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ की वेबसाइट **www.rrcmas.in** पर प्रदर्शित किए जाएंगे. लिखित परीक्षा/कंप्यूटर आधारित परीक्षा, व्यावहारिक प्रदर्शन/दस्तावेज सत्यापन स्थगित करने के अनुरोध पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा.

5.4 लिखित परीक्षा/कंप्यूटर आधारित परीक्षा में बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे, जिनमें सामान्य ज्ञान, अंकगणित और सांस्कृतिक विषय शामिल हो सकते हैं. लिखित परीक्षा की अवधि 60 मिनट होगी.

5.5 अभ्यर्थियों को निम्नलिखित में से केवल एक भाषा चुनकर आवेदन-पत्र में उसका उल्लेख करना होगा:-

हिंदी अथवा अंग्रेजी

5.6 अभ्यर्थी की पात्रता की स्थिति आरआरसी चेन्नई की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी.

5.7 लिखित परीक्षा/कंप्यूटर आधारित परीक्षा के पात्र अभ्यर्थियों के बुलावा-पत्र से संबंधित जानकारी आरआरसी चेन्नई की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी. लिखित परीक्षा/कंप्यूटर आधारित परीक्षा की तिथि बाद में घोषित की जाएगी.

5.8 व्यावहारिक प्रदर्शन और दस्तावेज सत्यापन:

(i) लिखित परीक्षा/कंप्यूटर आधारित परीक्षा में योग्यता क्रम के अनुसार अर्हता प्राप्त करने वाले पात्र अभ्यर्थियों को व्यावहारिक प्रदर्शन और दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा.

(ii) आवेदक को अपना वाद्ययंत्र स्वयं लाना होगा. व्यावहारिक प्रदर्शन के समय रेलवे प्रशासन अभ्यर्थियों को कोई वाद्ययंत्र उपलब्ध नहीं कराएगा.

6.0 आवेदन कैसे करें

I) पात्र अभ्यर्थी आरआरसी चेन्नई की वेबसाइट **www.rrcmas.in** पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं.

II) भर्ती से संबंधित सभी मामलों में रेलवे प्रशासन का निर्णय अंतिम और अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी होगा.

7.0 अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज

अभ्यर्थियों को निम्नलिखित सुपाठ्य दस्तावेज अपलोड करने होंगे:-

7.1 अधिसूचना के पैरा 2 में निर्धारित अनिवार्य न्यूनतम शैक्षिक योग्यता की अंकतालिका/प्रमाण-पत्र अथवा उसके समकक्ष दस्तावेज की स्कैन की हुई स्व-सत्यापित प्रति.

7.2 अधिसूचना के पैरा 1.4 में निर्धारित अनिवार्य व्यावसायिक योग्यता के प्रमाण-पत्र की स्कैन की हुई स्व-सत्यापित प्रति.

7.3 जन्मतिथि के प्रमाण-पत्र की स्कैन की हुई स्व-सत्यापित प्रति- 10वीं कक्षा अथवा उसके समकक्ष प्रमाण-पत्र या जन्मतिथि दर्शाने वाली अंकतालिका अथवा जन्मतिथि दर्शाने वाला विद्यालय छोड़ने का प्रमाण-पत्र.

7.4 एससी/एसटी/ओबीसी अभ्यर्थियों के लिए, जहां लागू हो, सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी जाति प्रमाण-पत्र की स्कैन की हुई स्व-सत्यापित प्रति.

7.5 पैरा 3.1 के अंतर्गत आयु में छूट तथा पैरा 4 के अंतर्गत परीक्षा शुल्क से छूट का दावा करने के प्रमाणस्वरूप संबंधित प्रमाण-पत्रों की स्व-सत्यापित/सत्यापित प्रतियां.

7.6 स्कैन किया हुआ फोटो/फोटो की सॉफ्ट कॉपी

अभ्यर्थियों को अपना रंगीन फोटो अपलोड करना होगा. फोटो का आकार 3.5 सेमी × 3.5 सेमी, जेपीजी/जेपीईजी प्रारूप, 100 DPI तथा फाइल का आकार 50 केबी से 100 केबी के बीच होना चाहिए. फोटो आवेदन की तिथि से तीन महीने से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए और उसमें अभ्यर्थी का बिना टोपी तथा धूप के चश्मे के सामने से लिया गया स्पष्ट चित्र होना चाहिए.

7.7 स्कैन किए हुए हस्ताक्षर/हस्ताक्षर की सॉफ्ट कॉपी

अभ्यर्थियों को अपने हस्ताक्षर भी अपलोड करने होंगे. हस्ताक्षर का आकार 3.5 सेमी × 2.5 सेमी, जेपीजी/जेपीईजी प्रारूप, 100 DPI तथा फाइल का आकार 20 केबी से 30 केबी के बीच होना चाहिए. स्कैन किए गए हस्ताक्षर अंग्रेजी अथवा हिंदी में, प्रवाहपूर्ण हस्तलेख में होने चाहिए; वे बड़े अक्षरों अथवा अलग-अलग अक्षरों में नहीं होने चाहिए.

8.0 अमान्य आवेदन/निरस्तीकरण

निम्नलिखित कमियों वाले आवेदन निरस्त कर दिए जाएंगे:-

(i) स्कैन किए हुए हस्ताक्षर के बिना आवेदन.

(ii) स्कैन किए हुए फोटो के बिना आवेदन.

(iii) ऐसा स्कैन किया हुआ फोटो जिसमें अभ्यर्थी ने धूप का चश्मा, टोपी, विग अथवा रंगीन चश्मा पहना हो या फोटो विकृत, छोटे आकार का अथवा पहचान में न आने योग्य हो.

(iv) पद के लिए निर्धारित शैक्षिक और सांस्कृतिक योग्यता के बिना आवेदन.

(v) दावा किए जाने पर उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा उचित प्रपत्र में जारी वैध समुदाय प्रमाण-पत्र के बिना आवेदन.

(vi) दावा किए जाने पर आयु में छूट अथवा शुल्क में छूट के प्रमाणस्वरूप संबंधित प्रमाण-पत्रों के बिना आवेदन.

(vii) आयु के प्रमाण के बिना आवेदन.

(viii) अधिक आयु अथवा कम आयु वाले अभ्यर्थियों के आवेदन; अथवा ऐसे आवेदन जिनमें अपलोड किए गए जन्मतिथि प्रमाण-पत्र अस्पष्ट हों या जन्मतिथि दर्ज न की गई हो अथवा गलत भरी गई हो.

(ix) किसी भी रूप में गलत/अधूरे आवेदन निरस्त किए जा सकते हैं.

(x) एक ही पद के लिए सूचना और/या तथ्यों में मामूली परिवर्तन अथवा अलग-अलग विवरण के साथ एकाधिक आवेदन.

(xi) जहां लागू हो, रु. 500/- अथवा रु. 250/- परीक्षा शुल्क के बिना आवेदन अथवा निर्धारित शुल्क से कम शुल्क.

(xii) आरआरसी चेन्नई द्वारा देखी गई और अमान्य मानी गई किसी अन्य प्रकार की अनियमितता.

9.0 सामान्य निर्देश

9.1 आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते हैं.

9.2 आयु, समुदाय, शैक्षिक योग्यता तथा सांस्कृतिक योग्यता आदि के समर्थन में प्रमाण-पत्रों की स्व-सत्यापित प्रतियां अपलोड की जानी चाहिए. शुल्क में छूट आदि का दावा करने के लिए आवश्यक अन्य प्रमाण भी ऑनलाइन आवेदन भरते समय अपलोड किए जाने चाहिए.

9.3 अंग्रेजी अथवा हिंदी के अतिरिक्त अन्य भाषाओं में प्रमाण-पत्रों के साथ अंग्रेजी/हिंदी में सत्यापित अनुवाद संलग्न होना चाहिए.

9.4 ऑनलाइन आवेदन में प्रस्तुत सभी सूचनाएं सत्य हैं, इसे वैध दस्तावेजों से प्रमाणित करने का दायित्व अभ्यर्थी का होगा.

9.5 **यात्रा व्यय:** केवल एससी/एसटी अभ्यर्थियों को उनके निकटतम रेलवे स्टेशन से लिखित परीक्षा स्थल के निकटतम रेलवे स्टेशन तक की यात्रा के लिए द्वितीय श्रेणी का निःशुल्क पास जारी किया जाएगा. अन्य अभ्यर्थियों को अपनी व्यवस्था स्वयं करनी होगी. किसी भी आधार पर यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी. चयन प्रक्रिया में उपस्थित होने के लिए कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता/आवास नहीं दिया जाएगा.

9.6 रेलवे सहित किसी केंद्रीय/राज्य सरकार के विभाग अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में कार्यरत अभ्यर्थी अपने नियोक्ता को विधिवत सूचित करते हुए सीधे आरआरसी चेन्नई में आवेदन कर सकते हैं. चयनित सूची में शामिल अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन की तिथि पर अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा; ऐसा न करने पर उनकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी.

9.7 रेलवे प्रशासन भर्ती के किसी भी चरण में हुई अनजानी त्रुटि अथवा चूक को सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

9.8 रेलवे प्रशासन इस रोजगार सूचना में अधिसूचित पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया के किसी भाग अथवा पूरी प्रक्रिया को किसी भी चरण में, बिना कोई कारण बताए, निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

9.9 परीक्षा में किसी भी प्रकार के अनुचित साधन का उपयोग करने, अपने स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को परीक्षा में बैठाने अथवा प्रतिरूपण का प्रयास करने वाला अभ्यर्थी अयोग्य घोषित किया जाएगा और उसे सभी रेलवे भर्ती बोर्डों/रेलवे भर्ती प्रकोष्ठों की परीक्षाओं में आजीवन भाग लेने से वंचित कर दिया जाएगा. उसे रेलवे में किसी भी नियुक्ति से भी वंचित किया जाएगा और यदि वह पहले से नियुक्त है तो सेवा से हटा दिया जाएगा. ऐसे अभ्यर्थी विधिक अभियोजन के भी भागी होंगे.

9.10 सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे पूरी भर्ती प्रक्रिया संपन्न होने तक अपने आवेदन की स्थिति अर्थात् पात्र/अपात्र, लिखित परीक्षा/व्यावहारिक प्रदर्शन का परिणाम, दस्तावेज सत्यापन की तिथि और पैनल की जानकारी के लिए आरआरसी चेन्नई की वेबसाइट **www.rrcmas.in** देखते रहें.

10.0 कदाचार

10.1 अभ्यर्थी ध्यान दें कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान/बाद में निम्नलिखित में से किसी एक का दोषी पाए जाने पर उनकी अभ्यर्थिता/नियुक्ति किसी भी चरण पर बिना सूचना के निरस्त/समाप्त की जा सकती है. ऐसे अभ्यर्थियों के विरुद्ध आपराधिक अभियोजन भी किया जा सकता है.

10.2 अभ्यर्थियों को चेतावनी दी जाती है कि वे आवेदन भरते समय कोई झूठा विवरण प्रस्तुत न करें और न ही किसी महत्वपूर्ण सूचना को छिपाएं.

10.3 अभ्यर्थी भर्ती के संबंध में अपने हित को आगे बढ़ाने के लिए किसी राजनीतिक अथवा अन्य प्रभाव का उपयोग या उपयोग करने का प्रयास न करें. किसी भी चरण पर ऐसा उल्लंघन अभ्यर्थिता को अयोग्य घोषित करने का आधार होगा, भले ही अभ्यर्थी अन्यथा पात्र हो.

10.4 चयन प्राप्त करने अथवा निःशुल्क यात्रा सुविधा का लाभ लेने के लिए जाली/कूटरचित प्रमाण-पत्र या दस्तावेज प्रस्तुत करना अथवा दस्तावेजों में छेड़छाड़ करना.

10.5 किसी व्यक्ति द्वारा प्रतिरूपण करना अथवा प्रतिरूपण की व्यवस्था करना.

10.6 भर्ती प्रक्रिया के दौरान किसी भी समय अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार करना.

महत्वपूर्ण परामर्श

रेलवे में नौकरी दिलाने के झूठे वादों, प्रभाव अथवा अनुचित एवं अनैतिक साधनों के उपयोग से अभ्यर्थियों को धोखा देने का प्रयास करने वाले नौकरी दिलाने वाले गिरोहों से सावधान रहें. दक्षिण रेलवे ने किसी एजेंट अथवा प्रशिक्षण संस्था को नियुक्त नहीं किया है. दक्षिण रेलवे की सभी भर्तियां पूर्णतःयोग्यता के आधार पर की जाती हैं.

अध्यक्ष

EN 27/104 **रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, चेन्नई**

एपीडा APEDA

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय भारत सरकार

कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा)

(वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)

तीसरी मंजिल, एन. सी. यू. आई बिल्डिंग, 3 सीरी इंस्टीट्यूटनल एरिया, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली–110016

दिनांक: 03 अक्टूबर, 2026

परिपत्र

कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा), कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1985 के अंतर्गत गठित स्वायत्त निकाय द्वारा प्रतिनियुक्ति के आधार पर निम्नलिखित पदों को भरने हेतु, नीचे पैराग्राफ संख्या 2 में वर्णित विवरणानुसार, पात्र अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन आमंत्रित किए जाते है:

1) निदेशक (वेतन स्तर – 13) – 1 पद
2) सचिव (वेतन स्तर – 12) – 1 पद
3) महाप्रबंधक (वेतन स्तर – 12) – 2 पद
4) उप महाप्रबंधक (वेतन स्तर – 11) – 3 पद

2. पदों के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यताएँ और पात्रता मानदंड निम्नानुसार हैं:

क्र. सं.	पदनाम	पद संख्या एवं वेतन स्तर	पात्रता मानदंड
1)	निदेशक	1 (वेतन स्तर – 13) (रु. 123100–215900)	केंद्र सरकार की संगठित समूह 'क' सेवाओं के अधिकारी जो नियमित आधार पर समरूप पद धारण किए हुए हैं या वेतन स्तर 12** में पांच वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके हैं; या एपीडा के महाप्रबंधक/सचिव जो पद पर पांच वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके हैं।
2)	सचिव	1 (वेतन स्तर – 12) (रु. 78800–209200)	केंद्र सरकार की संगठित समूह 'क' सेवाओं के अधिकारी जो नियमित आधार पर समरूप पद धारण किए हुए हैं या वेतन स्तर 11** में पांच वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके हैं; या एपीडा के उप महाप्रबंधक जो पद पर पांच वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके हैं।
3)	महाप्रबंधक	2 (वेतन स्तर – 12) (रु. 78800–209200)	केंद्र सरकार या राज्य सरकार / केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या विश्वविद्यालयों या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों या अर्ध–सरकारी या स्वायत्त निकायों या वैधानिक संगठनों के अधिकारी:– (a) (i) मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर समरूप पद धारण किए हुए हैं; या (ii) वेतन स्तर–11 में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद ग्रेड में पांच वर्ष की सेवा पूरी कर चुके हैं; **और** (b) निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव रखते हैं: अनिवार्य: (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कृषि/बागवानी/वृक्षारोपण/कृषि अभियांत्रिकी/कृषि एवं सहकारिता/पशुचिकित्सा विज्ञान/डेयरी विज्ञान/डेयरी प्रौद्योगिकी/खाद्य प्रसंस्करण/खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी / खाद्य प्रौद्योगिकी / खाद्य विज्ञान/खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी/विदेश व्यापार/अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय/अंतर्राष्ट्रीय व्यापार / कृषि व्यवसाय प्रबंधन/बागवानी व्यवसाय प्रबंधन / कृषि विपणन/बागवानी विपणन/सस्य विज्ञान (एग्रोनॉमी)/कृषि अर्थशास्त्र/एग्रोनॉमी या कृषि अर्थशास्त्र में विशेषज्ञता के साथ कृषि/वित्त/वित्तीय प्रबंधन/एमबीए (वित्त) में स्नातकोत्तर डिग्री या ICAI से चार्टर्ड एकाउंटेंसी पूरी की हो; **और** (ii) उपरोक्त शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के बाद उपरोक्त क्षेत्रों में पांच वर्ष का अनुभव। वांछनीय: उपरोक्त क्षेत्रों में अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में शोध पत्रों का प्रकाशन।
4)	उप महाप्रबंधक	3 (वेतन स्तर – 11) (रु. 67700–208700)	केंद्र सरकार या राज्य सरकार / केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या विश्वविद्यालयों या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों या अर्ध–सरकारी या स्वायत्त निकायों या वैधानिक संगठनों के अधिकारी:– (a) (i) मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर समरूप पद धारण किए हुए हैं; या (ii) वेतन स्तर–10 में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद ग्रेड में पांच वर्ष की सेवा पूरी कर चुके हैं; और (b) निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव रखते हैं:				अनिवार्य: (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कृषि / बागवानी / वृक्षारोपण / कृषि अभियांत्रिकी / कृषि एवं सहकारिता / पशुचिकित्सा विज्ञान / डेयरी विज्ञान / डेयरी प्रौद्योगिकी / खाद्य प्रसंस्करण / खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी / खाद्य प्रौद्योगिकी / खाद्य विज्ञान/खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी/विदेश व्यापार/अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय/अंतर्राष्ट्रीय व्यापार / कृषि व्यवसाय प्रबंधन/बागवानी व्यवसाय प्रबंधन / कृषि विपणन / बागवानी विपणन/सस्य विज्ञान (एग्रोनॉमी)/कृषि अर्थशास्त्र/एग्रोनॉमी या कृषि अर्थशास्त्र में विशेषज्ञता के साथ कृषि / वित्त / वित्तीय प्रबंधन / एमबीए (वित्त) में स्नातकोत्तर डिग्री या ICAI से चार्टर्ड एकाउंटेंसी पूरी की हो; **और** (ii) उपरोक्त शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के बाद उपरोक्त क्षेत्रों में पांच वर्ष का अनुभव। वांछनीय: उपरोक्त क्षेत्रों में अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में शोध पत्रों का प्रकाशन।

नोट :

(1) फीडर श्रेणी में विभागीय अधिकारी जो पदोन्नति की सीधी श्रेणी में हैं, वे प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्ति पर तैनात अधिकारी पदोन्नति द्वारा नियुक्ति के विचार हेतु पात्र नहीं होंगे।

(2) फीडर श्रेणी में विभागीय अधिकारियों की नियुक्ति की स्थिति में, पद/रिक्ति को पदोन्नति द्वारा भरा हुआ माना जाएगा।

(3) प्रतिनियुक्ति की प्रारंभिक अवधि **दो वर्ष** होगी जिसे वर्ष–दर–वर्ष आधार पर बढ़ाया जा सकता है। प्रतिनियुक्ति की अधिकतम निरंतर अवधि पांच वर्ष होगी। प्रतिनियुक्ति की अवधि (केंद्र सरकार/राज्य सरकार/वैधानिक/स्वायत्त निकाय(यों) के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारण किए गए किसी अन्य कैडर–बाहर (ex-cadre) पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि) साधारणतः पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी।

(4) प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**केंद्र सरकार की संगठित समूह 'क' सेवाओं की सूची के लिए, डीओपीटी (DoPT) द्वारा जारी 3 अप्रैल 2017 का कार्यालय ज्ञापन सं. 1–11019/5/2017–CRD संदर्भित किया जा सकता है।

3. अनुबंध–I के अनुसार (निदेशक/सचिव के पद के लिए) और अनुबंध–II के अनुसार (महाप्रबंधक/उप महाप्रबंधक के पद के लिए) निर्धारित प्रारूप विधिवत रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र, सभी संबंधित दस्तावेजों की प्रतियों के साथ उचित माध्यम से उप महाप्रबंधक (कार्मिक), एपीडा, तीसरी मंजिल, एनसीयूआई भवन, 3 इंस्टीट्यूशनल एरिया, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली–110016 को प्रेषित किया जाना चाहिए।

4. आवेदन अग्रसारित करते समय, प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा पिछले पांच वर्षों के ACRs/APARs की प्रतियां (प्रत्येक पृष्ठ सहायक निदेशक/अनुसचिव के स्तर से नीचे के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित), काडर क्लीयरेंस, सतर्कता क्लीयरेंस (Vigilance Clearance), सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र (Integrity Certificate) और पिछले दस वर्षों के दौरान यदि कोई बड़ा या छोटा दंड लगाया गया हो तो उसका विवरण प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

5. चयनित अधिकारियों के पास DoPT के समय–समय पर यथासंशोधित कार्यालय ज्ञापन O.M. संख्या 2/12/87-Estt (Pay II) दिनांक 29.04.1988 के अनुसार अपने वेतन के साथ प्रतिनियुक्ति भत्ता प्राप्त करने अथवा पद के वेतनमान/पे लेवल में अपना वेतन निर्धारित कराने का विकल्प होगा।

6. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **30 दिन** है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। चयन की स्थिति में, उम्मीदवार को बाद में किसी भी आधार पर अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

अनुबंध-I

एपीडा में निदेशक/सचिव के पद के लिए प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदन पत्र

आवेदित पद: निदेशक/सचिव (कृपया उस पद पर का निशान लगाएं जिसके लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है)

1. नाम (स्पष्ट अक्षरों में)	
2. पत्राचार के लिए आवासीय पता, यदि कोई है	
3. ई–मेल	
4. मोबाइल नं.	
5. जन्म तिथि	
6. केंद्र/राज्य सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तिथि:	
7. (i) कृपया उस संगठित समूह 'क' सेवा का नाम बताएं (DoPT OM सं. 1–11019/5/2017–CRD दिनांक 3 अप्रैल 2017 के अनुसार) जिससे आप संबंधित हैं:	
8. नियमित आधार पर धारित वर्तमान पद और इसका वेतन–स्तर:	
9. शैक्षणिक योग्यताएं एवं अनुभव:	

(शेष पृष्ठ 35 पर)

(पृष्ठ 34 का शेष)

10. रोज़गार का विवरण (कालानुक्रमिक क्रम में): यदि नीचे दी गई जगह अपर्याप्त है, तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत सत्यापित एक अलग शीट संलग्न करें।

कार्यालय/संस्थान	नियमित आधार पर धारित पद	से	तक	*नियमित आधार पर धारित पद का वेतन स्तर	कर्तव्यों की प्रकृति (विस्तार से) (आवेदन किए गए पद के लिए आवश्यक अनुभव को उजागर करते हुए)

*महत्वपूर्ण: ACP/MACP के तहत दिए गए पे–लेवल/पे–बैंड और ग्रेड पे अधिकारी के व्यक्तिगत हैं, इसलिए उनका उल्लेख नहीं किया जाना चाहिए। केवल **नियमित आधार पर** धारित पदों के पे–बैंड और ग्रेड पे/वेतनमान का ही उल्लेख किया जाना चाहिए। जिन मामलों में अभ्यर्थी द्वारा एसीपी/एमएसीपी उम्मीदवार का लाभ लिया गया है, उसका विवरण निम्नानुसार दर्शाया जा सकता है :–

कार्यालय/संस्थान	ACP/MACP योजना के तहत प्राप्त वेतन स्तर	से	तक

11. वर्तमान रोजगार की प्रकृति (जैसे: तदर्थ, अस्थायी, अर्ध–स्थायी या स्थायी सेवा और मूल संगठन/कैडर के विवरण के साथ।	

12. यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति/अनुबंध आधार पर है, तो कृपया बताएं:

(a)प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि	(b)प्रतिनियुक्ति/अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि	(c)मूल कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आवेदक संबंधित है	(d) मूल संगठन में मूल ....

नोट 1: जो अधिकारी पहले से प्रतिनियुक्ति पर हैं, उनके आवेदन मूल कैडर/विभाग द्वारा कैडर क्लीयरेंस, सतर्कता क्लीयरेंस (Vigilance Clearance) और सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र (Integrity Certificate) के साथ अग्रेषित किए जाने चाहिए।)

नोट 2: कॉलम 12(c) और (d) के तहत जानकारी उन सभी मामलों में दी जानी चाहिए जहां कोई व्यक्ति कैडर/संगठन के बाहर प्रतिनियुक्ति पर पद धारण कर रहा है, लेकिन फिर भी अपने मूल कैडर/संगठन में पूर्वाधिकार बनाए हुए है।

13.यदि अतीत में आवेदक द्वारा प्रतिनियुक्ति पर कोई पद धारण किया गया है, तो अंतिम प्रतिनियुक्ति से वापसी की तिथि और अन्य विवरण।	
14. अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जो आपके द्वारा पद के लिए उपयुक्तता के समर्थन में प्रासंगिक हो। यह अन्य बातों के अलावा (i) अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता (ii) व्यवसायिक प्रशिक्षण और (iii) रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित से अधिक कार्य अनुभव के संबंध में जानकारी इंगित कर सकता है) **(नोट: यदि स्थान अपर्याप्त हो तो एक अलग शीट संलग्न करें)**	
15. उपलब्धियां: (i) अनुसंधान प्रकाशन और रिपोर्ट तथा विशेष परियोजनाएं (ii) पुरस्कार/छात्रवृत्तियां/आधिकारिक प्रशंसा (iii) एकस्व निकायों/संस्थानों/समितियों के साथ संबद्धता (iv) अपने नाम पर पंजीकृत या संगठन के लिए प्राप्त पेटेंट (v) आधिकारिक मान्यता से जुड़ा कोई भी शोध/अभिनव उपाय (vi) कोई अन्य प्रासंगिक जानकारी, यदि कोई हो। **(नोट: यदि स्थान अपर्याप्त हो तो एक अलग शीट संलग्न करें)**	
16. क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित हैं?	
17. कोई अन्य जानकारी	

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ा है और मैं इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हूँ कि अनिवार्य योग्यता/कार्य अनुभव के संबंध में मेरे द्वारा जमा किए गए दस्तावेजों द्वारा समर्थित जानकारी का मूल्यांकन पद के चयन के समय चयन समिति द्वारा किया जाएगा। मेरे द्वारा प्रदान की गई जानकारी/विवरण मेरी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार सही और सत्य हैं और मेरे चयन को प्रभावित करने वाले किसी भी महत्वपूर्ण तथ्य को छुपाया/दबाया नहीं गया है।

दिनांक (उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

नियोक्ता/कैडर नियंत्रक प्राधिकरण द्वारा प्रमाणन

आवेदक द्वारा उपरोक्त आवेदन में दी गई जानकारी/विवरण रिकॉर्ड पर उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सत्य और सही हैं। यदि उनका चयन होता है, तो उन्हें तुरंत कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि;

i) श्री/श्रीमती .....के विरुद्ध कोई सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लंबित/विचाराधीन नहीं है।

ii) उनकी निष्ठा प्रमाणित की जाती है।

iii) उनकी मूल सीआर डोजियर (CR Dossier) संलग्न है/भारत सरकार के अपर सचिव या उससे ऊपर के स्तर के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित पिछले 5 वर्षों की एसीआर (ACR) की फोटोकॉपी संलग्न हैं।

iv) पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर कोई बड़ी/छोटी शास्ति (Penalty) नहीं लगाई गई है या पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर लगाई गई बड़ी/छोटी शास्तियों की सूची संलग्न है। (जो भी लागू हो)

प्रतिहस्ताक्षरित

(मुहर सहित नियोक्ता/कैडर नियंत्रक प्राधिकरण)

अनुबंध-II

एपीडा में महाप्रबंधक/उप महाप्रबंधक के पद के लिए प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदन पत्र

आवेदित पद: महाप्रबंधक/उप महाप्रबंधक

(कृपया उस पद पर का निशान लगाएं जिसके लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है)

1. नाम (स्पष्ट अक्षरों में)	
2. पत्राचार के लिए आवासीय पता, यदि कोई है	
3. ई–मेल	
4. मोबाइल नं.	
5. जन्म तिथि	
6. केंद्र/राज्य सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तिथि:	
7. नियमित आधार पर धारित वर्तमान पद और इसका वेतन–स्तर:	

8. शैक्षणिक योग्यताएं एवं अनुभव विज्ञापन परिपत्र में उल्लिखित आवश्यक अनुभव	संबंधित अधिकारी द्वारा प्राप्त योग्यताएँ एवं अनुभव
अनिवार्य : (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कृषि/बागवानी/वृक्षारोपण/कृषि अभियांत्रिकी/कृषि एवं सहकारिता/पशुचिकित्सा विज्ञान/डेयरी विज्ञान/डेयरी प्रौद्योगिकी/खाद्य प्रसंस्करण/खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी/खाद्य प्रौद्योगिकी/खाद्य विज्ञान/खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी/विदेश व्यापार/अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय/अंतर्राष्ट्रीय व्यापार/कृषि व्यवसाय प्रबंधन/ बागवानी व्यवसाय प्रबंधन/कृषि विपणन/बागवानी विपणन/सस्य विज्ञान (एग्रोनॉमी)/कृषि अर्थशास्त्र/एग्रोनॉमी या कृषि अर्थशास्त्र में विशेषज्ञता के साथ कृषि/वित्त/वित्तीय प्रबंधन/एमबीए (वित्त) में स्नातकोत्तर डिग्री या ICAI से चार्टर्ड एकाउंटेंसी पूरी की हो; **और**	
(ii) उपरोक्त शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के बाद उपरोक्त क्षेत्रों में पांच वर्ष का अनुभव।	
(iii) वांछनीय: उपरोक्त क्षेत्रों में अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में शोध पत्रों का प्रकाशन।	
9. कृपया स्पष्ट रूप से उल्लेख करें कि ऊपर दी गई प्रविष्टियों के आलोक में, क्या आप पद के लिए अपेक्षित अनिवार्य योग्यता और कार्य अनुभव को पूरा करते हैं।	हां/नहीं
नोट: प्रतिनियुक्ति विभाग/उधारकर्ता विभाग द्वारा आवेदित पद के संदर्भ में अभ्यर्थी द्वारा बायो–डाटा में दर्शाई गई संबंधित अनिवार्य योग्यताओं और कार्य अनुभव की पुष्टि करते हुए अपनी स्पष्ट टिप्पणी/मंतव्य दिया जाना अनिवार्य है।	-

10. रोजगार का विवरण (कालानुक्रमिक क्रम में): यदि नीचे दी गई जगह अपर्याप्त है, तो अपने तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत सत्यापित एक अलग शीट संलग्न करें।

कार्यालय/संस्थान	नियमित आधार पर धारित पद	से	तक	*नियमित आधार पर धारित पद का वेतन स्तर	कर्तव्यों की प्रकृति (विस्तार से) (आवेदन किए गए पद के लिए आवश्यक अनुभव को उजागर करते हुए)

*महत्वपूर्ण: ACP/MACP के तहत दिए गए पे–लेवल/पे–बैंड और ग्रेड पे अधिकारी के व्यक्तिगत हैं, इसलिए उनका उल्लेख नहीं किया जाना चाहिए। केवल नियमित आधार पर धारित पदों के पे–बैंड और ग्रेड पे/वेतनमान का ही उल्लेख किया जाना चाहिए। जिन मामलों में अभ्यर्थी द्वारा एसीपी/एमएसीपी का लाभ लिया गया है, उसका विवरण नीचे दिया जा सकता है:

कार्यालय/संस्थान	ACP/MACP योजना के तहत प्राप्त वेतन स्तर	से	तक

11. वर्तमान रोज़गार की प्रकृति (जैसे: तदर्थ, अस्थायी, अर्ध–स्थायी या स्थायी सेवा और मूल संगठन/कैडर के विवरण के साथ।	

12. यदि वर्तमान रोज़गार प्रतिनियुक्ति/अनुबंध आधार पर है, तो कृपया बताएं:

(शेष पृष्ठ 36 पर)

(पृष्ठ 35 का शेष)

(a)प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि	(b)प्रतिनियुक्ति/अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि	(c)मूल कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आवेदक संबंधित है	(d) मूल संगठन में मूल

नोट 1: जो अधिकारी पहले से प्रतिनियुक्ति पर हैं, उनके आवेदन मूल कैडर/विभाग द्वारा कैडर क्लीयरेंस, सतर्कता क्लीयरेंस (Vigilance Clearance) और सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र (Integrity Certificate) के साथ अग्रेषित किए जाने चाहिए।)

नोट 2: कॉलम 12(c) और (d) के तहत जानकारी उन सभी मामलों में दी जानी चाहिए जहां कोई व्यक्ति कैडर/संगठन के बाहर प्रतिनियुक्ति पर पद धारण कर रहा है, लेकिन फिर भी अपने मूल कैडर/संगठन में पूर्वाधिकार बनाए हुए है।

13.यदि अतीत में आवेदक द्वारा प्रतिनियुक्ति पर कोई पद धारण किया गया है, तो अंतिम प्रतिनियुक्ति से वापसी की तिथि और अन्य विवरण।	
14. वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त विवरण: कृपया बताएं कि क्या आप निम्नलिखित के अंतर्गत कार्यरत हैं (संबंधित कॉलम के सामने अपने नियोक्ता का नाम निर्दिष्ट करें): a) केंद्र सरकार b) राज्य सरकार c) स्वायत्त संगठन d) सरकारी उपक्रम e) विश्वविद्यालय f) अन्य	
15. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हाँ, तो वह तिथि बताएं जिससे संशोधन हुआ था और पुनरीक्षित–पूर्व वेतनमान भी निर्दिष्ट करें।	

16. वर्तमान में प्राप्त कुल प्रतिमाह परिलब्धियां

पे लेवल में मूल वेतन	कुल परिलब्धियां

17. यदि आवेदक किसी ऐसे संगठन से संबंधित है जो केंद्र सरकार के वेतनमान का पालन नहीं कर रहा है, तो संगठन द्वारा जारी नवीनतम वेतन पर्ची संलग्न की जा सकती है जिसमें निम्नलिखित विवरण दर्शाया गया हो।

वेतनमान और वेतन वृद्धि दर के साथ मूल वेतन	महंगाई वेतन/अंतरिम राहत/अन्य भत्ते आदि (विस्तृत विवरण के साथ)	कुल परिलब्धियां

18.A अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जो आपके द्वारा आवेदन किए गए पद के लिए आपकी उपयुक्तता के समर्थन में प्रासंगिक हो। यह अन्य बातों के अलावा निम्नलिखित के संबंध में जानकारी प्रदान कर सकती है (i) अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यताएं (ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण और (iii) रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित सीमा से अधिक कार्य अनुभव **(टिप्पणी: यदि स्थान अपर्याप्त है, तो एक अलग पृष्ठ संलग्न करें)**	
18.B उपलब्धियां: उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित के संबंध में जानकारी दर्शाएं; (i) अनुसंधान प्रकाशन एवं रिपोर्ट और विशेष परियोजनाएं (ii) पुरस्कार/छात्रवृत्तियां/आधिकारिक प्रशंसा पत्र (iii) व्यावसायिक निकायों/संस्थाओं/समितियों के साथ संबद्धता; और (iv) स्वयं के नाम पर पंजीकृत या संगठन के लिए प्राप्त पेटेंट (v) आधिकारिक मान्यता से जुड़ा कोई भी अनुसंधान/नवाचारी उपाय (vi) कोई अन्य जानकारी। **(टिप्पणी: यदि स्थान अपर्याप्त है, तो एक अलग पृष्ठ संलग्न करें)**	
19. क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (SC/ST) से संबंधित हैं?	
20. कोई अन्य प्रासंगिक जानकारी, यदि कोई हो	

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है और मैं अच्छी तरह से अवगत हूँ कि मेरे द्वारा प्रस्तुत आवश्यक योग्यता/कार्य अनुभव के संबंध में दस्तावेजों द्वारा समर्थित बायोडाटा में दी गई जानकारी का मूल्यांकन चयन समिति द्वारा पद के चयन के समय भी किया जाएगा। मेरे द्वारा प्रदान की गई जानकारी/विवरण मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सही और सत्य हैं और मेरे चयन को प्रभावित करने वाले किसी भी महत्वपूर्ण तथ्य को छुपाया/दबाया नहीं गया है।

दिनांक (उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

नियोक्ता/कैडर नियंत्रक प्राधिकरण द्वारा प्रमाणन

आवेदक द्वारा उपरोक्त आवेदन में दी गई जानकारी/विवरण रिकॉर्ड पर उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सत्य और सही हैं। यदि उनका चयन होता है, तो उन्हें तुरंत कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि;

i) श्री/श्रीमती .....के विरुद्ध कोई सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लंबित/विचाराधीन नहीं है।

ii) उनकी निष्ठा प्रमाणित की जाती है।

iii) उनकी मूल सीआर डोजियर (CR Dossier) संलग्न है/भारत सरकार के अपर सचिव या उससे ऊपर के स्तर के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित पिछले 5 वर्षों की एसीआर (ACR) की फोटोकॉपी संलग्न हैं।

iv) पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर कोई बड़ी/छोटी शास्ति (Penalty) नहीं लगाई गई है या पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर लगाई गई बड़ी/छोटी शास्तियों की सूची संलग्न है। (जो भी लागू हो)

प्रतिहस्ताक्षरित

EN 27/113

(मुहर सहित नियोक्ता/कैडर नियंत्रक प्राधिकरण)

ए-35018/04/2026-प्रशा.-I

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली–110001

दिनांक: 23.09.2026

प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक अनुबंध आधार पर केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण में अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करना.

विद्युत मंत्रालय के संलग्न कार्यालय, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण, नई दिल्ली में भारत सरकार के सचिव की पदेन स्थिति में पे-मैट्रिक्स के लेवल-17 (रु. 2,25,000/-) के वेतनमान में **अध्यक्ष** के रिक्त पद को भरने के लिए विद्युत मंत्रालय को उपयुक्त उम्मीदवार की सेवाओं की आवश्यकता है.

2. केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण में **अध्यक्ष** के पद पर नियुक्ति विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 70 में समाविष्ट प्रावधानों के अनुसार जो विद्युत मंत्रालय की वेबसाइट **"https://www.powermin.gov.in/static/uploads/2025/06/018106d4ffe575aa7c4222a2c7cba34d.pdf"** पर उपलब्ध है, के साथ पठित केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों की सेवा की नियंत्रण एवं शर्तें) नियमावली, 2024, जो विद्युत मंत्रालय की वेबसाइट **"https://www.powermin.gov.in/static/uploads/2025/06/833d54a90e8c808f34dc7e9d5ec7d47d.pdf"** पर उपलब्ध है, की जाती है.

3. अध्यक्ष के उपर्युक्त पद से संबद्ध विस्तृत कार्य एवं उत्तरदायित्व रिक्त परिपत्र में उल्लिखित किया गया है, जिसे **"https://www.powermin.gov.in/offerings/vacancies"** पर देखा जा सकता है. जिस प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है, उसे विद्युत मंत्रालय की वेबसाइट **"https://www.powermin.gov.in/offerings/vacancies"** से डाउनलोड किया जा सकता है.

4. **पदों की पात्रता शर्तें निम्नानुसार हैं:**

(i) अधिकतम आयु सीमा : पद रिक्ति की तिथि अर्थात 01.06.2027 को 58 वर्ष से अधिक आयु नहीं होनी चाहिए.

(ii) अर्हताएं : केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र या स्वायत्त या कानूनी संगठन या पब्लिक सेक्टर उपक्रम या विश्वविद्यालय या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्था के अधिकारी जो;

(क) (i) नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों; **या**

(ii) उस श्रेणी में न्यूनतम एक वर्ष की नियमित सेवा के साथ स्तर-16 में पद धारण किए हुए हों; **या**

(iii) उस श्रेणी में दो वर्ष की नियमित सेवा के साथ स्तर-15 में पद धारण किए हुए हों; **या**

(iv) उस श्रेणी में पाँच वर्ष की नियमित सेवा के साथ स्तर-14 में पद धारण किए हुए हों; **और**

(ख) अनुभव: जिनके पास विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 70 की उपधारा (5) में किए गए प्रावधान के अनुसार सुसंगत क्षेत्र में तीन वर्ष का क्षेत्रीय अनुभव हो.

5. यह नियुक्ति पात्रता की शर्तों के अधीन प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक अनुबंध आधार पर की जाएगी. अध्यक्ष, पांच वर्ष से अधिक अवधि के लिए अथवा अपनी अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, पद पर रहेगा.

परंतु जहां अध्यक्ष की विहित पदावधि उसकी अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने से पूर्व समाप्त हो जाती है, वहां केंद्रीय सरकार ऐसे अध्यक्ष की पदावधि को उसकी अधिवर्षिता की तारीख से अनधिक की अवधि के लिए बढ़ा सकती है. प्रतिनियुक्ति की अधिकतम अवधि, यदि कोई विस्तार किया गया हो तो उसे सम्मिलित करते हुए, सात वर्ष होगी.

6. अध्यक्ष के पद के लिए आवेदकों की पात्रता निर्धारण हेतु निर्णायक तिथि, रिक्ति की तारीख अर्थात् 01.06.2027 होगी.

7. भावी उम्मीदवार अपने आवेदन विद्युत मंत्रालय की वेबसाइट **"https://www.powermin.gov.in/offerings/vacancies"** पर उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र में भरकर 'एम्प्लॉयमेंट न्यूज'/'रोजगार समाचार' में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से **45 दिनों के भीतर** उपयुक्त माध्यम से भेज सकते हैं. पिछले 5 वर्षों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों/वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन रिपोर्टों की प्रमाणित फोटोप्रतियों, सतर्कता निकासी प्रमाण पत्र एवं सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र (जिसे ऐसे अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित किया गया हो जो उप सचिव, भारत सरकार से नीचे के पद का न हो) के साथ नियोक्ता द्वारा विधिवत रूप से सत्यापित एवं प्रतिहस्ताक्षरित चार प्रतियों में आवेदन **अवर सचिव (प्रशा.- I), कमरा नं. 24, विद्युत मंत्रालय, श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली–110001** को भेजें.

अंतिम तिथि के पश्चात् अथवा निर्धारित दस्तावेजों/सूचनाओं के बिना प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा.

EN 27/100

PUBLICATIONS DIVISION
Ministry of Information & Broadcasting Government of India



Available at
www.publicationsdivision.nic.in
&
Book Gallery
Publications Division
Ministry of Information & Broadcasting
Government of India
Soochna Bhawan, Lodhi Road, New Delhi-110003
For business related queries on this book, contact: 011-24365609 or businesswng@gmail.com

चेन्नई मेट्रो रेल लिमिटेड

(भारत सरकार एवं तमिलनाडु सरकार का संयुक्त उद्यम)
ISO 9001:2015 एवं ISO 14001:2015 प्रमाणित
मेट्रोस, अन्ना सलाई, नंदनम, चेन्नई-600035



रोज़गार अधिसूचना सं. CMRL-HR-CON-DEP-05-2026 दिनांक 23-09-2026

चेन्नई मेट्रो रेल लिमिटेड निम्नलिखित पदों पर प्रतिनियुक्ति/संविदा के आधार पर नियुक्ति के लिए योग्य एवं अनुभवी कार्मिकों से आवेदन आमंत्रित करता है:

क्र. सं.	पद का नाम	पदों की संख्या	संविदा/प्रतिनियुक्ति के लिए समेकित मासिक वेतन*	अधिकतम आयु (वर्ष)	अपेक्षित योग्यता
1.	संयुक्त महाप्रबंधक (परियोजना प्रबंधन सूचना प्रणाली)	01	रु. 1,45,000/-	43	बी.ई./बी.टेक. (सिविल)
2.	संयुक्त महाप्रबंधक (रोलिंग स्टॉक)	01	रु. 1,45,000/-	43	बी.ई./बी.टेक. (ECE/EEE)
3.	उप महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)	01	रु. 1,25,000/-	40	सीए/सीएमए सहित स्नातक/स्नातकोत्तर
4.	प्रबंधक (वित्त एवं लेखा)		रु. 85,000/-	38	सीए/सीएमए सहित स्नातक/स्नातकोत्तर
5.	प्रबंधक (डिज़ाइन)	01	रु. 85,000/-	38	बी.ई./बी.टेक. (सिविल)
6.	सहायक प्रबंधक (डिज़ाइन)	01	रु. 62,000/-	30	बी.ई./बी.टेक. (सिविल)
7.	सहायक प्रबंधक (परिवहन नियोजन)	01	रु. 62,000/-	30	एम.ई./एम.टेक. (परिवहन नियोजन/परिवहन अभियांत्रिकी/यातायात अभियांत्रिकी/शहरी अभियांत्रिकी).

टिप्पणी

(i) प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त कार्मिक के पास निम्नलिखित में से किसी एक विकल्प को चुनने का अधिकार होगा:
मूल संगठन में प्राप्त हो रहा वेतन, साथ में मूल वेतन के 10 प्रतिशत की दर से प्रतिनियुक्ति भत्ता तथा 10 प्रतिशत की दर से परियोजना भत्ता;
अथवा
चेन्नई मेट्रो रेल लिमिटेड में समकक्ष संवर्ग का आईडीए वेतनमान, साथ में आईडीए, मकान किराया भत्ता और कैफेटेरिया भत्ता (मूल वेतन का 31.5 प्रतिशत).

(ii) विस्तृत रोज़गार अधिसूचना चेन्नई मेट्रो रेल लिमिटेड की वेबसाइट के 'करियर' अनुभाग में 25-09-2026 को अथवा उससे पहले निम्नलिखित यूआरएल पर प्रकाशित की जाएगी: **https://chennaimetrorail.org**

(iii) उपर्युक्त पदों के लिए निर्धारित आयु, योग्यता एवं अनुभव की गणना 23-09-2026 के अनुसार की जाएगी. योग्य एवं अनुभवी अभ्यर्थियों को आयु-सीमा में छूट दी जाएगी.

(iv) योग्य अभ्यर्थियों के लिए वेतन पर बातचीत की जा सकती है.

(v) ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि **13-10-2026** है.

प्रबंध निदेशक के लिए
मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं विधि)
चेन्नई मेट्रो रेल लिमिटेड

DIPR/826/Display/2026 EN 27/106

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

इग्नू जन-जन का विश्वविद्यालय
ignou THE PEOPLE'S UNIVERSITY

मैदान गढ़ी, नई दिल्ली - 110 068

विज्ञापन सं. 69 / 2026 / प्रशासन

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), नई दिल्ली सीधी भर्ती कोटा के तहत सहायक निदेशक, तकनीकी प्रबंधक और तकनीकी सहायक के पदों पर नियुक्ति हेतु भारतीय नागरिकें से आवेदन आमंत्रित करता है:

पद का नाम	वेतन लेवल / वेतन मैट्रिक्स	पदों की संख्या
सहायक निदेशक	लेवल – 10, रु. 56100 – 177500/-	02
तकनीकी प्रबंधक	लेवल – 10, रु. 56100 – 177500/-	04
तकनीकी सहायक	लेवल – 8, रु. 47600 – 151100/-	08

रिक्तियों, योग्यताओं, आयुसीमा, सामान्य अनुदेशों इत्यादि से संबंधित विवरण हेतु मुख्य विज्ञापन विश्वविद्यालय की वेबसाइट अर्थात www.ignou.ac.in पर **'Career'** और **'Job at IGNOU'** शीर्षक के अंतर्गत उपलब्ध है।
सभी प्रकार से पूर्ण रूप से भरे हुए ऑनलाइन आवेदनों को जमा करने की अंतिम तिथि 02.11.2026 होगी।
इस विज्ञापन से संबंधित किसी भी प्रकार का अनुरोध/शुद्धि-पत्र केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

Web Portal www.ignou.ac.in

IG/PIU/Admn-20/2026-27 EN 27/95

कुलसचिव (प्रशासन)

संचिका संख्या-2-9/2026 (यूडीसी)
भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय

राजकुमारी अमृत कौर कॉलेज ऑफ नर्सिंग

राजकुमारी अमृत कौर कॉलेज ऑफ नर्सिंग में **अपर डिवीजन क्लर्क** (यू. डी. सी.) के एक रिक्त पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर तीन साल की अवधि के लिए, जिसकी अवधि कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के मौजूदा नियम के अनुसार बढ़ाया जा सकता है, भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. आवेदन जमा करने के अंतिम दिन को आवेदक की आयु 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए. नियम और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय और संस्थान की वेबसाइट **www.mohfw.gov.in (what's new), www.dghs.mohfw.gov.in** और **www.rackon.com** ("नोटिस बोर्ड") पर उपलब्ध है. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोज़गार समाचार में प्रकाशन की तारीख से 60 दिन है.

प्रवर श्रेणी लिपिक (यू.डी.सी) 1 पद वेतन स्तर-4 (रु. 25,500-81,100)	केंद्र सरकार या राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन के अधिकारी (उनके संलग्न और अधीनस्थ कार्यालयों सहित): (i) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर समान पद धारण करना; या (ii) वेतन स्तर-2 में अवर श्रेणी लिपिक के रूप में आठ साल की नियमित सेवा होना.

डॉ. (श्रीमती) डेज़ी थॉमस
कार्यवाहक उप प्रधानाचार्य

EN 27/93

पादप कार्यिकी संभाग

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान
नई दिल्ली-110012
साक्षात्कार
(ऑफलाइन)

इच्छुक अभ्यर्थियों से केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (CCRH) द्वारा वित्तपोषित परियोजना के अंतर्गत **परियोजना सहयोगी-I** के एक संविदात्मक अनारक्षित पद के लिए साक्षात्कार में उपस्थित होने का अनुरोध है.

परियोजना सहयोगी-I - एक पद

अनिवार्य एवं अन्य योग्यताओं की जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.iari.res.in** देखें.

EN 27/87

राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद (एनसीसीटी)

(सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार)
3 सीरी इंस्टीट्यूशनल एरिया, अगस्त क्रांति मार्ग, हौज खास, नई दिल्ली–110016

राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद (एनसीसीटी) द्वारा अपने प्रशिक्षण इकाई, वैकुंठ मेहता राष्ट्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान (वैमनीकॉम), पुणे में सहायक रजिस्ट्रार के एक पद एवं लेखा अधिकारी के एक पद तथा एनसीसीटी मुख्यालय, नई दिल्ली में लेखा परीक्षा अधिकारी के एक पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर, प्रारंभ में 3 वर्ष की अवधि के लिए, भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। उक्त पद 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स लेवल–9 (₹53,100-1,67,800) में होंगे तथा केंद्र सरकार के कर्मचारियों को समय–समय पर अनुमन्य सामान्य भत्ते भी देय होंगे। रिक्तियों, पात्रता मानदंड तथा आवेदन पत्र के प्रारूप से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए एनसीसीटी की वेबसाइट www.ncct.ac.in पर जाएं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि विज्ञापन प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर है अर्थात 19.10.2026

उप निदेशक (कार्मिक), रा.स.प्र.प.

EN 27/97

फाइल सं. K-15017/01/2026-Trg.Part (397022)
भारत सरकार
ग्रामीण विकास विभाग
(प्रशिक्षण प्रभाग)
कर्तव्य भवन-3, नई दिल्ली-110001
भर्ती सूचना

इस मंत्रालय ने राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (NIRD&PR), हैदराबाद में **उप महानिदेशक** का पद प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे. यह पद 37,400-67,000 रुपये के वेतन बैंड और 10,000 रुपये के ग्रेड वेतन (छठा केंद्रीय वेतन आयोग) में है. इस संबंध में विज्ञापन 04-10 जुलाई, 2026 के 'रोजगार समाचार' में प्रकाशित किया गया था, जिसमें आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31.07.2026 निर्धारित की गई थी. एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर **31 अक्तूबर, 2026** कर दी गई है. निर्धारित प्रारूप में सभी आवेदन संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी के माध्यम से इस पते पर भेजे जाने चाहिए: **उप सचिव (प्रशिक्षण), ग्रामीण विकास विभाग, कमरा सं. 16 (5A), द्वितीय तल, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003**
विस्तृत जानकारी के लिए निम्नलिखित वेबसाइटें देखें: **https://rural.gov.in, https://dord.gov.in, www.nird.org.in**
अंतिम तिथि: 31 अक्तूबर, 2026 (विस्तारित तिथि)

(प्रदीप कुमार)
उप सचिव, भारत सरकार

CBC 35101/11/0007/2627

EN 27/96



राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान, मध्य प्रदेश

राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान
National Institute of Design
मध्यप्रदेश Madhya Pradesh

(डीपीआईआईटी, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के तहत राष्ट्रीय महत्व का एक स्वायत्त संस्थान)

विज्ञापन संख्या एनआईडीएमपी/1-70(27) भर्ती-प्रशा/2025 दिनांक : 21.09.2026

प्रशासनिक पद पर भर्ती

राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान, मध्य प्रदेश (एनआईडी एमपी) निम्नलिखित पद प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑफ़लाइन आवेदन आमंत्रित करता है:

क्र.सं.	पद का नाम और पे लेवल	पदों की सख्या	भर्ती की पद्धति	अधिकतम आयु	पात्रता मानदंड
1.	**वित्त एवं लेखा नियंत्रक** प्रतिनियुक्ति पर – पे लेवल–7वें सीपीसी के पे मैट्रिक्स का लेवल-12	01	प्रतिनियुक्ति के आधार पर	प्रतिनियुक्ति के लिए अधिकतम आयु 56 वर्ष से अधिक न हो.	**अनिवार्य योग्यता:** (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से वाणिज्य/वित्तीय प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री अथवा सी.ए. या समकक्ष योग्यता प्राप्त की हो. (ii) सरकारी/शैक्षणिक/अनुसंधान संस्थान में न्यूनतम 10 वर्ष का प्रासंगिक अनुभव तथा केंद्र सरकार/संघ राज्य क्षेत्र के नियमों के अंतर्गत वित्त एवं लेखा संबंधी कार्यों का ज्ञान. **वांछनीय योग्यता:** (i) किसी शैक्षणिक संस्थान/भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित स्वायत्त निकाय में समकक्ष पद पर पूर्व अनुभव. (ii) विभागीय लेखा परीक्षा उत्तीर्ण (iii) भारत सरकार/राज्य सरकार के संगठित लेखा संवर्ग के सदस्य **प्रतिनियुक्ति की शर्तें:** केंद्र सरकार/राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र सरकार/विश्वविद्यालयों/सांविधिक निकायों/स्वायत्त निकायों अथवा अनुसंधान एवं विकास संगठनों के ऐसे अधिकारी, जो समकक्ष पद पर कार्यरत हों अथवा रुपये 6,600 के ग्रेड पे वाले पद पर कम से कम दो वर्ष की सेवा कर चुके हों.

विस्तृत विज्ञापन तथा ऑफ़लाइन आवेदन, अनिवार्य शैक्षणिक योग्यताओं एवं अनुभव आदि से संबंधित जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट **https://nidmp.ac.in** पर जाएं. अभ्यर्थियों को एनआईडी एमपी की वेबसाइट से आवेदन-पत्र डाउनलोड करना होगा तथा विधिवत भरे हुए आवेदन-पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करके जमा करना होगा: पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ; आयु के प्रमाण के लिए प्रमाण-पत्र/दस्तावेज; शैक्षणिक योग्यताओं के प्रमाण-पत्र; जाति/श्रेणी प्रमाण-पत्र; भूतपूर्व सैनिक स्थिति से संबंधित प्रमाण-पत्र; अनुभव प्रमाण-पत्र; वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण-पत्र आदि. प्रतिनियुक्ति के आधार पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट प्रदान की गई है. प्रतिनियुक्ति के आधार पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु सीमा 56 वर्ष तक होगी. विधिवत भरे हुए आवेदन-पत्र की हार्ड कॉपी प्राप्त होने की **अंतिम तिथि 20.11.2026** है. आवेदन केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से विज्ञापन में दिए गए पते पर भेजा जाना है. किसी भी परिशिष्ट, शुद्धिपत्र, तिथि में विस्तार आदि की सूचना केवल उपर्युक्त वेबसाइट पर ही दी जाएगी.

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी

EN 27/109

एनटीपीसी–सेल पावर कम्पनी लिमिटेड

(एनटीपीसी एवं सेल का संयुक्त उद्यम)

विज्ञापन 02ए/2026

गेट–2027 के माध्यम से इंजीनियरिंग कार्यपालक प्रशिक्षु–2027 की भर्ती

नोट: एनएसपीसीएल के विज्ञापन संख्या 02/2026 को संशोधित करके विज्ञापन संख्या 02ए/2026 कर दिया गया है; यह संशोधित विज्ञापन पिछले विज्ञापन की जगह लेगा।

एनटीपीसी सेल पावर कंपनी लिमिटेड (एनएसपीसीएल), दो महारत्न कंपनियों, एनटीपीसी लिमिटेड एवं स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) का एक प्रतिष्ठित संयुक्त उपक्रम है। एनएसपीसीएल भिलाई, दुर्गापुर एवं राउरकेला में विद्युत उत्पादन इकाइयों का संचालन करती है, जिनकी कुल स्थापित क्षमता 1119 मेगावाट है। कंपनी सेल की इकाइयों तथा अन्य लाभार्थियों की विद्युत आवश्यकताओं की पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

अपने परिचालन संबंधी आवश्यकताओं एवं भविष्य की विकास योजनाओं के अनुरूप, एनएसपीसीएल **गेट–2027** के माध्यम से **इंजीनियरिंग कार्यपालक प्रशिक्षु–2027** के पदों पर भर्ती हेतु उत्कृष्ट शैक्षणिक अभिलेख रखने वाले प्रतिभाशाली, ऊर्जावान एवं समर्पित युवा स्नातक अभियंताओं से आवेदन आमंत्रित करती है।

मैकेनिकल (एमई), इलेक्ट्रिकल (ईई), इलेक्ट्रॉनिक्स (ईसी), इंस्ट्रुमेंटेशन (आईएन), सिविल (सीई)

सभी इच्छुक और योग्य उम्मीदवारों को ऊपर बताए गए इंजीनियरिंग विषयों में से किसी एक में **ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट)–2027** परीक्षा में शामिल होना चाहिए।

गेट–2027 में प्रदर्शन और संगठन की जरूरतों के आधार पर उम्मीदवारों को आगे की चयन प्रक्रिया के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। ईईटी–2027 भर्ती के लिए पिछले वर्षों के गेट अंक या किसी अन्य परीक्षा के अंक स्वीकार नहीं किए जाएंगे। गेट–2027 के बारे में विस्तृत जानकारी वेबसाइट **https://gate2027.iitm.ac.in/** पर उपलब्ध है।

एनएसपीसीएल उन उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करने के लिए एक और विस्तृत विज्ञापन जारी करेगा जो गेट–2027 परीक्षा में शामिल होंगे। ऑनलाइन आवेदन की सही तिथि और समय की जानकारी उचित समय में वेबसाइट **www.nspcl.co.in** के करियर सेक्शन में दी जाएगी। उम्मीदवारों को नवीनतम जानकारी के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहना चाहिए।

*** यहाँ बताई गई आवश्यकता संगठन की आवश्यकताओं के आधार पर किसी भी समय बदली जा सकती हैं। कंपनी के पास बिना किसी पूर्व सूचना और बिना कोई कारण बताए वर्णित विषयों/पदों को पूरी तरह या आंशिक रूप से बदलने, उनमें संशोधन करने, उनकी संख्या बढ़ाने या घटाने, या उन्हें रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है। कोई भी आगे का परिशिष्ट/शुद्धिपत्र/अपडेट केवल हमारी करियर वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

NSPCL/HR-Rectt/02A/26

Invicta

EN 27/94

आयुध निर्माणी चांदा

म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड की इकाई
भारत सरकार का उद्यम
रक्षा मंत्रालय
चंद्रपुर, महाराष्ट्र-442501

म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड
Munitions India Limited

Ordnance Factory Chanda

Unit of Munitions India Ltd.
Govt. of India Enterprise
Ministry of Defence
Chandrapur, Maharashtra-442501

दूरभाष सं./Phone No. : 07175-254051/52 फैक्स/Fax: 07175-254043/254276 Email id : ofch@ord.gov.in

अनुबंध के आधार पर सलाहकार की नियुक्ति

आयुध निर्माणी चांदा में सेवानिवृत्त राजस्व अधिकारी (जो नायब तहसीलदार या उप तहसीलदार से कम रैंक के न हों और महाराष्ट्र राज्य राजस्व प्राधिकरण के प्रादेशिक अधिकार क्षेत्र में सेवा दे चुके हों) से 03 महीने की अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर **'सलाहकार'** के 01 पद हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित हैं. ऐसे अधिकारियों को केवल 'म्यूनिशन्स इंडिया लिमिटेड' के पक्ष में भूमि के नामांतरण में सहायता करने और उसे शीघ्रता से पूरा करने के उद्देश्य से सलाहकार के रूप में नियुक्त किया जाएगा और वे निम्नलिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों. इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा **perotiv.ofch@munitionsindia.in** पर भेज सकते हैं.

(2) पदों, पारिश्रमिक और रिक्तियों का विवरण इस प्रकार है:

पद का नाम	पारिश्रमिक	रिक्तियों की संख्या	अधिकतम आयु	अनुबंध की अवधि
अनुबंध के आधार पर सलाहकार	रु. 1,00,000 प्रति माह	01	65 वर्ष	03 माह (अधिकतम)

(3) पात्रता मानदंड:

a) सेवानिवृत्त राजस्व अधिकारी, जो नायब तहसीलदार/उप तहसीलदार के पद से नीचे के न हों और जिन्होंने पहले महाराष्ट्र राज्य राजस्व प्राधिकरण के प्रादेशिक अधिकार क्षेत्र के भीतर सेवा की हो.

b) आवेदक को पद और सेवा का दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करना होगा, जिसे संबंधित जिला तहसीलदार या जिला कलेक्टर द्वारा सत्यापित किया गया हो.

c) आवेदक को यह पुष्टि करते हुए एक घोषणा-पत्र जमा करना होगा कि उनके खिलाफ कोई विभागीय, सतर्कता या आपराधिक कार्यवाही लंबित नहीं है. संबंधित भूमि के मामले में उनका हितों का कोई टकराव नहीं है.

(4) आवेदन शुल्क: कोई नहीं

(5) आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि: समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से **15 दिन.**

(6) (i) विनियोजन के लिए मानदंड: यह अनुबंध नियुक्ति की तिथि से तीन (03) महीने की अवधि या नामांतरण प्रक्रिया पूरी होने तक, जो भी पहले हो, प्रभावी रहेगा. नियोजन, कार्यकाल के दौरान किसी भी पक्ष द्वारा एक महीने का नोटिस देकर या नोटिस के एवज में एक महीने का पारिश्रमिक देकर कभी भी समाप्त किया जा सकता है. उम्मीदवार को स्थायी कर्मचारी के रूप में समायोजित करने या कार्यकाल को आगे बढ़ाने का कोई आश्वासन नहीं दिया जाएगा.

(ii) नियुक्त किए जाने वाले कर्मी का शारीरिक रूप से स्वस्थ और मानसिक रूप से सतर्क होना आवश्यक है.

(iii) नियुक्त किए जाने वाले सलाहकार के पास संबंधित क्षेत्र में उपयुक्त कार्य-अनुभव होना चाहिए.

(7) (i) पारिश्रमिक: सलाहकार को अधिकतम तीन (03) महीने की अवधि के लिए 1,00,000 रुपये (केवल एक लाख रुपये) प्रति माह की दर से पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा.

(ii) विनियोजित कार्मिक पर प्रचलित नियमों के तहत आयकर सहित सभी वैधानिक कटौतियां लागू होंगी.

(8) चयन का तरीका/नियुक्ति की प्रक्रिया: अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार/संवाद के माध्यम से किया जाएगा. आवेदकों में से योग्य अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट करके साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा.

(9) काम का दायरा

सलाहकार का उत्तरदायित्व:

a) राज्य सरकार के राजस्व अभिलेखों में आयुध निर्माणी चांदा को हस्तांतरित भूमि का नामान्तरण "म्यूनिशन्स इंडिया लिमिटेड" के पक्ष में सुनिश्चित करना.

b) आयुध निर्माणी चांदा से भूमि विभाजन के विवरण और संबंधित अभिलेखों को एकत्र करना और उनका सत्यापन करना.

c) संबंधित राजस्व अधिकारियों के समक्ष आवेदन, हलफनामे, नक्शे, अनुलग्नक और अन्य आवश्यक दस्तावेज तैयार करना और प्रस्तुत करना.

d) मामलों के त्वरित निपटान के लिए तहसीलदार, उप-मंडल अधिकारी, जिला कलेक्टर और अन्य सक्षम अधिकारियों के साथ संपर्क और समन्वय स्थापित करना.

e) राजस्व अधिकारियों द्वारा उठाई गई आपत्तियों, प्रश्नों या कमियों का उचित समय के भीतर उत्तर देना.

f) यूनिट के नामित अधिकारी को साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करना.

g) "म्यूनिशन्स इंडिया लिमिटेड" का नाम दर्शाने वाले म्यूटेशन प्रविष्टियों और अद्यतन राजस्व उद्धरणों (7/12 या समकक्ष) की प्रमाणित प्रतियों के साथ एक अंतिम पूर्णता रिपोर्ट प्रस्तुत करना.

(10) अन्य लाभ और नियम व शर्तें:

i. कंपनी के नियमों के अनुसार उन्हें सुरक्षा और संरक्षात्मक गियर, उपकरण, किट आदि प्राप्त करने का अधिकार होगा.

ii. महिला कर्मियों को मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के तहत मातृत्व लाभ प्राप्त करने का अधिकार होगा.

iii. इस विनियोजन से कार्मिक को कंपनी का नियमित कर्मचारी होने का दावा करने का कोई अधिकार नहीं मिलेगा.

iv. नियुक्त किए गए कर्मी सौंपे गए कार्यों के निष्पादन और अपने आचरण के संबंध में कंपनी/फ़ैक्टरी के विभिन्न नियमों और विनियमों, जैसे कि स्थाई आदेशों, का पालन करेंगे.

v. ऐसे कार्मिकों को लागू नियमों के अनुसार आयकर, सेवा कर, व्यावसायिक कर आदि के दायरे में रखा जाएगा और ऐसे सभी करों का भुगतान उनके द्वारा किया जाएगा.

vi. वे निम्नलिखित के लिए पात्र नहीं होंगे:

a) पदोन्नतियां;
b) समयोपरि भत्ता;
c) ऋण, अग्रिम और ब्याज सब्सिडी;
d) चिकित्सा सुविधाएं;
e) आकस्मिक अग्रिम;
f) स्कूल फीस की प्रतिपूर्ति;
g) एलटीसी/एलटीए सुविधाएं;
h) अध्ययन अवकाश की स्वीकृति;
i) उच्च शिक्षा के लिए प्रायोजन;
j) नियमित कर्मचारी को मिलने वाले कोई अन्य लाभ जिनका विज्ञापन में विशेष रूप से उल्लेख नहीं किया गया है.

vii. कर्मचारी इस विज्ञापन में बताए गए भत्तों या लाभों के अलावा किसी अन्य भत्ते या लाभ के हकदार नहीं होंगे.

viii. नियुक्त किए गए कर्मियों को आधिकारिक यात्राओं पर टीए/डीए दिया जाएगा. सीजीएम/ओएफसीएच की स्वीकृति से नियुक्त कर्मियों को अधिकतम इकोनॉमी क्लास हवाई यात्रा/एसी 2 टियर ट्रेन/एसी टैक्सी की अनुमति होगी. वेतन मैट्रिक्स के लेवल 12 के अनुसार डीए दरें देय होंगी.

ix. यदि उम्मीदवार समयावधि पूरी होने से पहले नौकरी छोड़ देता है या कंपनी की संपत्ति को कोई नुकसान पहुंचाता है, तो कंपनी के हितों की सुरक्षा हेतु नियुक्ति प्रस्ताव में विस्तार से उचित जोखिम खंड भी शामिल किए जाएंगे.

(11) अभ्यर्थियों के लिए सामान्य शर्तें एवं अन्य सूचना:

(i) आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता, आयु प्रमाण-पत्र और अनुभव प्रमाण-पत्र की स्व-प्रमाणित प्रतियां संलग्न की जानी चाहिए.

(ii) गलत, अशुद्ध या अधूरी जानकारी और/या संदिग्ध या फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करने से उम्मीदवारी अयोग्य घोषित कर दी जाएगी.

(iii) फ़ोन या मैसेंजर के ज़रिए किसी भी तरह के पत्राचार या पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा.

(iv) किसी भी तरह से सिफारिश करने पर अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा.

(v) आवेदन पत्र जमा कर देने मात्र से साक्षात्कार हेतु "कॉल लेटर" मिलने का आश्वासन नहीं मिलता.

(vi) केवल शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार के लिए उचित समय पर डाक/ई-मेल द्वारा सूचित किया जाएगा.

(vii) आयुध निर्माणी, चांदा डाक में देरी या अन्य कारणों से भरे हुए आवेदन पत्र या बुलावा पत्र आदि के विलंब से मिलने या न मिलने के लिए उत्तरदायी नहीं होगी.

(viii) चयन प्रक्रिया के समाप्त होने तक ई-मेल आईडी और फोन/मोबाइल नंबर चालू रहने चाहिए.

(ix) चयन प्रक्रिया के सभी चरणों में उनका प्रवेश निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने के अधीन पूरी तरह से अनंतिम होगा.

(x) परीक्षा/साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थी को बुलावा पत्र/प्रवेश पत्र जारी करने मात्र से यह नहीं माना जाएगा कि आयुध निर्माणी चांदा द्वारा उसकी उम्मीदवारी को अंतिम रूप से स्वीकार कर लिया गया है.

(xi) मूल दस्तावेजों के संदर्भ में पात्रता शर्तों का सत्यापन निर्माणी में दस्तावेज़ सत्यापन के समय किया जाएगा.

(xii) इस विज्ञापन के तहत की गई नियुक्ति से संबंधित कोई भी विवाद केवल चंद्रपुर स्थित न्यायालयों के अधिकार क्षेत्र में होगा.

(xiii) सक्षम प्राधिकारी के पास यह अधिकार सुरक्षित है कि किसी आपात स्थिति में चयन के लिए आंशिक या पूर्ण रूप से किसी वैकल्पिक वैध तरीके को अपनाया जा सके.

(xiv) जो भारतीय नागरिक विज्ञापन में उल्लिखित आवश्यक योग्यता रखते हैं, वे इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं.

(कमल गुप्ता)
अतिरिक्त महाप्रबंधक कृते मुख्य महाप्रबंधक

CBC 10201/11/0036/2627 EN 27/85

दिल्ली जल बोर्ड : राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार

उप निदेशक (डी) का कार्यालय
कमरा सं. 211, वरुणालय फेज-II, करोल बाग
नई दिल्ली-110005

दिल्ली जल बोर्ड में विधि अधिकारी (जल) के रिक्त पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरना
आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि: 16.10.2026

दिल्ली जल बोर्ड में उपर्युक्त पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर प्रारंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए अथवा पद को नियमित आधार पर भरे जाने तक अथवा अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, भरने हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.delhijalboard.nic.in** देखें.

क्र. सं.	पद का नाम	पदों की संख्या	वेतनमान
1.	विधि अधिकारी (जल)	01	वेतन मैट्रिक्स में वेतन लेवल-12 (78,800-2,09,200)

(सुवर्णा तुषाबा शिंदे ओगले)
उप निदेशक (डी)

EN 27/98

सं. ए:12011/1/2022-प्र.-1 एमसीए

भारत सरकार

कार्पोरेट मामले मंत्रालय

ए विंग, तीसरा तल, कर्त्तव्य भवन-1, नई दिल्ली

कार्पोरेट मामले मंत्रालय में सीसीएस (संशोधित वेतन) नियम 2016 के स्तर 7 में सहायक पुस्तकालय और सूचना अधिकारी (सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह ख राजपत्रित, गैर अनुसचिवीय) का एक पद संयुक्त विधि [प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) अथवा पदोन्नति] से भरे जाने के संबंध में.

कार्पोरेट मामले मंत्रालय में सीसीएस (संशोधित वेतन) नियम 2016 के स्तर 7 में **सहायक पुस्तकालय और सूचना अधिकारी** (सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह ख राजपत्रित, गैर अनुसचिवीय) का एक पद संयुक्त विधि [प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) अथवा पदोन्नति] से भरने का प्रस्ताव है.

2. पात्रता शर्तें:- केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ शासित प्रदेशों या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों या विश्वविद्यालयों या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों या स्वायत्त संस्थाओं या वैधानिक संगठनों के अधिकारियों से संयुक्त विधि [प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) अथवा पदोन्नति] द्वारा:-

(क) (i) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, **अथवा**

(ii) मूल संवर्ग या विभाग में वेतन मैट्रिक्स (रु. 35400-रु. 112400) के स्तर 6 या समकक्ष में पद में नियमित आधार पर नियुक्ति के उपरांत ग्रेड में पांच वर्षों की सेवा के साथ, **और**

(ख) निम्नानुसार शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव रखते हैं:-

अनिवार्य:

(i) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में बैचलर डिग्री, **और**

(ii) केंद्रीय या राज्य सरकार या स्वायत्त या वैधानिक संगठन या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों, विश्वविद्यालयों या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों के अधीन पुस्तकालय में दो वर्षों का व्यावसायिक अनुभव.

वांछनीय:

(i) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से पुस्तकालय विज्ञान या पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में मास्टर डिग्री, **तथा**

(ii) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से कम्प्यूटर अनुप्रयोग में डिप्लोमा.

टिप्पणी:1: वेतन मैट्रिक्स में स्तर-6 में ग्रेड में पांच वर्षों की नियमित सेवा के साथ विभागीय पुस्तकालय सूचना सहायक जो कि प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति के लिए विचार करने हेतु निर्धारित शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव रखते हैं, पर भी बाहरी उम्मीदवारों के साथ विचार किया जायेगा और यदि विभागीय उम्मीदवार का पद में नियुक्ति के लिए चयन हो जाता है तो इसे पदोन्नति से भरा गया माना जाएगा.

टिप्पणी-2: प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) की अवधि इस नियुक्ति से ठीक पहले इसी अथवा केंद्रीय सरकार के किसी अन्य संगठन या विभाग में धारित निःसंवर्गीय पद में प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) की अवधि सहित साधारणतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी.

टिप्पणी 3: प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की बंद होने की तिथि को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी.

3. सहायक पुस्तकालय और सूचना अधिकारी से संबद्ध कार्यों और जिम्मेदारियों की सूची:-

i. वह पुस्तकालय और सूचना अधिकारी को यथापेक्षित सहायता प्रदान करेगा और एलआईओ की अनुपस्थिति में पुस्तकालय के प्रभारी के तौर पर कार्य करेगा.
ii. वह आपूर्ति आदेश जारी करेगा/पत्रिकाओं का नवीनीकरण/पुस्तकों की खरीद/पुस्तकों, समाचार पत्रों/पत्रिकाओं और क्रय की गई अन्य सभी विविध मदों के बिलों की सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के लिए भेजने से पूर्व जांच करेगा.
iii. पुस्तकालय का प्रयोग करने वालों को संदर्भ सूची, रिट्रीविंग सामग्री संदर्भ और अंतर पुस्तकालय अनुरोध के लिए संदर्भ और सूचना सेवाएं प्रदान करेगा.
iv. नई पुस्तकों का वर्गीकरण
v. पुस्तकालय के उपकरणों और सॉफ्टवेयर की एएमसी
vi. पुस्तकालय समिति की बैठकों के आयोजन और पुस्तकालय के रोजमर्रा के कार्यों में एलआईओ की सहायता
vii. वह पुस्तकालय और सूचना सेवाओं के प्रशासनिक और बजटीय कार्यों का प्रबंधन और योजना के लिए कार्य करेगा.
viii. पुस्तकालय का प्रलेखन कार्य.
ix. ऑडिट पैरा/प्रश्नों का निपटारा
x. वह क्लिपिंग के लिए समाचार पत्रों/पत्रिकाओं से संगत सामग्री का चयन करेगा.
xi. पुस्तकों/पत्रिकाओं/जर्नल्स का निपटान
xii. वह समय-समय पर पुस्तकालय सॉफ्टवेयर के कार्य की देखभाल करेगा और पुस्तकालय के निर्बाध संचालन के लिए कम्प्यूटर अनुभाग तथा पुस्तकालय कार्मिक के साथ संपर्क रखेगा.
xiii. समय-समय पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा सौंपे गए कोई अन्य कार्य

4. वेतन और प्रतिनियुक्ति की अन्य शर्तों का नियमन:-

चयनित उम्मीदवार का वेतन समय-समय पर यथा संशोधित कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के का.ज्ञा. सं. 6/8/2009-स्था (वेतन-II) दिनांक 17.06.2010 में वर्णित प्रावधानों के तहत विनियमित किया जायेगा.

5. आयु सीमा:-

प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी) से नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की बंद होने की तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी.

6. प्रतिनियुक्ति की अवधि:-

प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी.

7. सं.लो.से.आ. के साथ परामर्श:-

संघ लोक सेवा आयोग के साथ परामर्श आवश्यक नहीं है.

8. अजा/अजजा के लिए आरक्षण:-

प्रतिनियुक्ति से नियुक्ति के लिए अजा/अजजा हेतु आरक्षण लागू नहीं है.

9. ऐसे पात्र उम्मीदवारों के निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक-1) में जीवनवृत्त (दो प्रतियों में) के साथ आवेदन-पत्र, जिनकी सेवाएं चयन होने पर तत्काल मुक्त की जा सकती हैं, साथ में अग्रेषण प्राप्त से प्रमाणपत्र (अनुलग्नक-1 में प्रोफार्मा में) और निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करते हुए अग्रेषित किए जा सकते हैं:-

i) सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र

ii) अधिकारी पर पिछले 10 वर्षों के दौरान लगाई गई बड़ी/छोटी पेनाल्टीज, यदि कोई है, का विवरण (यदि कोई पेनाल्टी नहीं लगाई गई है तो शून्य प्रमाणपत्र संलग्न किया जाना चाहिए)

iii) सतर्कता मुक्ति प्रमाणपत्र

iv) पिछले पांच वर्षों अर्थात 2021-22 से 2025-26 के लिए एपीएआर/वागोरि की सत्यापित फोटो प्रतियां (प्रत्येक पृष्ठ पर कम से कम अवर सचिव, भारत सरकार के रैंक के अधिकारी द्वारा सत्यापित)

v) संवर्ग मुक्ति, प्रत्येक उम्मीदवार के संबंध में अलग-अलग अधोहस्ताक्षरी के पास **कमरा नं. 13052, ए विंग, तीसरा तल, कर्त्तव्य भवन, डॉ. राजेंद्र प्रसाद मार्ग, नई दिल्ली**-110001 में इस विज्ञापन के रोजगार समाचार में प्रकाशन की तिथि से **60 दिनों के भीतर** अग्रेषित की जा सकती हैं. जो आवेदन-पत्र उचित माध्यम से अग्रेषित नहीं किए जायेंगे या अपेक्षित प्रमाणपत्रों और आवश्यक दस्तावेजों के बगैर प्राप्त होंगे उन पर विचार नहीं किया जायेगा.

10. पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं होगी.

सरकार का प्रयास ऐसे कार्यबल के लिए है जिसमें लिंग समानता झलकती हो और महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है.

(पारस सरवैया)
अवर सचिव, भारत सरकार
ई-मेल:paras.sarwaiya@gov.in
टेली: 011-24013993

अनुलग्नक-1

कार्पोरेट मामले मंत्रालय में सहायक पुस्तकालय और सूचना अधिकारी का पद संयुक्त विधि [प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) अथवा पदोन्नति] से भरने के लिए

आवेदन पत्र का प्रोफार्मा

जीवनवृत्त प्रोफार्मा

1.	नाम और पता (साफ अक्षरों में), साथ में संपर्क नंबर	
2.	जन्म तिथि (ईस्वी सन् में)	
3.	i.) सेवा में प्रविष्टि की तिथि ii.) केंद्रीय/राज्य सरकार के नियमों के अधीन सेवानिवृत्ति की तिथि	
4.	शैक्षणिक अर्हताएं (यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है तो अपने हस्ताक्षर से विधिवत प्रमाणित अलग शीट लगाएं)	
5.	क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक और अन्य अर्हताएं पूरी करते हैं (यदि किसी अर्हता को नियमों में निर्धारित अर्हता के समकक्ष माना गया है, तो उसके प्राधिकार का उल्लेख करें).	
	रिक्ति परिपत्र में यथा वर्णित अपेक्षित अर्हताएं / अनुभव	**अधिकारी के पास मौजूद अर्हताएं/ अनुभव**
	अनिवार्य	**अनिवार्य**
(i)	**(क)** नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं. **(ख)** क्या आप मूल संवर्ग या विभाग में वेतन मैट्रिक्स (रु. 35400-112400) या समकक्ष में लेवल-6 में पदों में नियमित आधार पर नियुक्ति के उपरांत ग्रेड में पांच वर्ष की सेवा रखते हैं.	
(ii)	**अर्हताएं:** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से पुस्तकालय विज्ञान या पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में बैचलर डिग्री, **और**	
(iii)	**अनुभव:** केंद्रीय या राज्य सरकार या स्वायत्त या वैधानिक संगठन या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों या विश्वविद्यालय या मान्यता प्राप्त अनुसंधान या शैक्षणिक संस्थान के अधीन पुस्तकालय में दो वर्षों का व्यावसायिक अनुभव.	
	वांछनीय:	**वांछनीय:**
	अर्हताएं **(क)** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से पुस्तकालय विज्ञान या पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में मास्टर डिग्री. **(ख)** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से कम्प्यूटर अनुप्रयोग में डिप्लोमा.	
6.	कृपया स्पष्ट करें कि आपके द्वारा ऊपर की गई प्रविष्टियों के अनुरूप क्या आप पद की अपेक्षित अनिवार्य अर्हताएं और कार्यानुभव पूरा करते हैं.	
7.	कालक्रमानुसार रोजगार का विवरण. (यदि नीचे स्थान अपर्याप्त है तो अपने हस्ताक्षर से विधिवत प्रमाणित अलग शीट लगाएं).	

कार्यालय/ संगठन	नियमित आधार पर धारित पद	सेवा की अवधि		* नियमित आधार पर धारित पद का वेतन मैट्रिक्स में स्तर/वेतन बैंड और ग्रेड वेतन/वेतनमान	कार्यों की प्रकृति (विस्तार से), आवेदित पद के लिए अपेक्षित अनुभव का उल्लेख करते हुए
		से	तक		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)

*** महत्वपूर्ण:** एसीपी/एमएसीपी के अधीन प्रदत्त वेतन बैंड और ग्रेड वेतन अधिकारी के लिए व्यक्तिशः हैं और इस प्रकार इनका उल्लेख नहीं किया जाना चाहिए. केवल नियमित आधार पर धारित पदों के वेतन मैट्रिक्स में स्तर/वेतन बैंड और ग्रेड वेतन/वेतनमान का उल्लेख करना चाहिए. एसीपी/एमएसीपी का विवरण साथ में वर्तमान मूल वेतन, जहां कहीं ऐसे लाभ उम्मीदवार ने अर्जित किए हैं, का नीचे बताए अनुसार उल्लेख किया जा सकता है:

कार्यालय/ संस्थान	एसीपी/एमएसीपी स्कीम के अधीन प्राप्त वेतन मैट्रिक्स में स्तर/वेतन, वेतन बैंड और ग्रेड वेतन	से	तक

8.	वर्तमान रोजगार की प्रकृति, अर्थात तदर्थ या अस्थाई या अर्द्ध-स्थाई या स्थाई	
9.	यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति/अनुबंध आधार पर धारण किये हुए हैं तो कृपया उल्लेख करें:-	

क) आरंभिक नियुक्ति की तिथि	ख) प्रतिनियुक्ति/ अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि	ग) मूल कार्यालय/ संगठन जिससे आवेदक संबंधित है	घ) मूल संगठन में स्थाई आधार पर धारित पद का नाम और वेतन

(शेष पृष्ठ 41 पर)

(पृष्ठ 40 का शेष)

9.1 **टिप्पणी:** यदि अधिकारी पहले से प्रतिनियुक्ति पर हैं तो ऐसे अधिकारी के आवेदन-पत्र मूल संवर्ग/विभाग द्वारा साथ में संवर्ग मुक्ति, सतर्कता मुक्ति और सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र के साथ अग्रेषित करने चाहिए.

9.2 **टिप्पणी:** ऊपर कॉलम 9(ग) और (घ) के अधीन सूचना सभी मामलों में अवश्य दी जानी चाहिए जहां कोई व्यक्ति संवर्ग/संगठन से बाहर प्रतिनियुक्ति पर पद धारण किए हुए हैं परंतु उसका मूल संवर्ग/संगठन में अब भी संपर्क बना हुआ है.

10.	यदि आवेदक ने पूर्व में प्रतिनियुक्ति पर कोई पद धारण किया है तो पिछली प्रतिनियुक्ति से लौटने की तिथि और अन्य विवरण	
11.	वर्तमान रोजगार के संबंध में अतिरिक्त विवरण: कृपया उल्लेख करें कि किसके तहत कार्यरत हैं (संगत कॉलम में अपने नियोक्ता के नाम का उल्लेख करें). क) केंद्रीय सरकार ख) राज्य सरकार ग) स्वायत्त संगठन घ) सरकारी उपक्रम च) विश्वविद्यालय छ) अन्य	
12.	कृपया उल्लेख करें कि क्या आप इसी विभाग में या फीडर ग्रेड या फीडर से फीडर ग्रेड में कार्यरत हैं.	
13.	क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां, तो तिथि का उल्लेख करें जब से संशोधन हुआ और असंशोधित वेतनमान का भी उल्लेख करें.	
14.	वर्तमान में प्रति माह प्राप्त कुल परिलब्धियां: वेतन मैट्रिक्स का मूल वेतन स्तर, कुल परिलब्धियां.	

मूल वेतनमान	वेतन मैट्रिक्स में स्तर	कुल परिलब्धियां

15.	उन आवेदकों के मामले में जो कि किसी ऐसे संगठन से संबंधित हैं जहां केंद्रीय सरकार के वेतनमान लागू नहीं हैं तो नीचे दिया गया विवरण दर्शाते हुए संगठन से जारी नवीनतम वेतन पर्ची संलग्न की जानी चाहिए:	

मूल वेतन साथ में वेतनमान और वेतनवृद्धि की तिथि	मंहगाई वेतन/अंतरिम राहत/अन्य भत्ते आदि (अलग-अलग विवरण के साथ)	कुल परिलब्धियां

16.	**क. अतिरिक्त सूचना,** यदि कोई है, जिसका आप पद हेतु अपनी सुयोग्यता के समर्थन में उल्लेख करना चाहेंगे (इसमें अन्य बातों के अलावा निम्नलिखित के संबंध में सूचना उपलब्ध कराई जा सकती है (1) अतिरिक्त अकादमिक अर्हताएं (2) व्यावसायिक प्रशिक्षण (3)रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित से ऊपर अर्जित कार्यानुभव) (**टिप्पणी:** यदि स्थान अपर्याप्त है तो अलग से शीट लगाएं).	
	ख उपलब्धियां: उम्मीदवारों से अनुरोध है कि निम्नलिखित से संबंधित सूचना का उल्लेख करें: (i) शोध प्रकाशन और प्रतिवेदन और विशेष परियोजनाएं (ii) पुरस्कार/छात्रवृत्तियां/आधिकारिक प्रशस्ति (iii) व्यावसायिक संस्थाओं/संस्थानों/सोसाइटियों के साथ संबद्धता और (iv) स्वयं के नाम में पंजीकृत अथवा संगठन के लिए हासिल पेटेंट्स (v) कोई अन्य शोध/नवाचार उपाय जिसमें आधिकारिक मान्यता शामिल है (vi) कोई अन्य सूचना. (**टिप्पणी:** यदि स्थान अपर्याप्त है तो अलग से शीट लगाएं).	
17.	क्या अजा/अजजा से संबंधित हैं	

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है और मुझे मालूम है कि अनिवार्य अर्हताओं और कार्यानुभव के संबंध में प्रस्तुत संगत दस्तावेजों से विधिवत समर्थित करिकुलम विताई में प्रेषित सूचना का लागू भर्ती नियमों और सरकारी अनुदेशों के अनुरूप मूल्यांकन किया जायेगा. मेरे द्वारा प्रेषित सूचना/विवरण मेरी अच्छी जानकारी के अनुसार सही और सत्य है तथा मेरे चयन को प्रभावित करने वाली कोई तथ्यात्मक सूचना को छिपाया/रोका नहीं गया है.

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर) .....

तिथि:---------- पता.....

अनुलग्नक-II

नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा प्रमाण-पत्र

आवेदक द्वारा उपरोक्त आवेदन-पत्र में उपलब्ध कराई गई सूचना/विवरण रिकॉर्ड में उपलब्ध तथ्यों के अनुरूप सत्य एवं सही हैं. वह रिक्ति परिपत्र में वर्णित शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव रखता/रखती है. यदि चयन हो जाता है तो उसे तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जायेगा.

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि

(i) श्री/श्रीमती .....के विरुद्ध कोई सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लंबित/अवेक्षित नहीं है.

(ii) उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित की जाती है.

(iii) उसकी गो.रि. डोजिअर मूल रूप में संलग्न हैं/पिछले 5 वर्षों के लिये भारत सरकार के अवर सचिव या ऊपर के रैंक के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित वागोरि की फोटो प्रतियां संलग्न हैं.

(iv) पिछले 10 वर्षों के दौरान कोई बड़ी/छोटी पेनाल्टी नहीं लगाई गई है अथवा उस पर पिछले 10 वर्षों के दौरान लगाई गई बड़ी/छोटी पेनाल्टी की सूची संलग्न है (जो भी मामला हो).

प्रतिहस्ताक्षर_____

(नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी, साथ में मुहर)

स्थान:----------

दिनांक:----------

EN 27/111

भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग
तकनीकी अनुभाग – I

आईआईटी मंडी के निदेशक पद के लिए आवेदनों का आमंत्रण

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी के निदेशक पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं। आईआईटी का निदेशक संस्थान का शैक्षणिक और प्रशासनिक प्रमुख होता है। उनसे न्यूनतम 5 वर्ष का प्रशासनिक अनुभव और राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के प्रमुख के रूप में नेतृत्व गुणों का धारक होने की आशा की जाती है। अभ्यर्थी/व्यक्ति पीएच. डी. के साथ पूर्ववर्ती डिग्री, अधिमानतः अभियांत्रिकी की शाखा में प्रथम श्रेणी अथवा समतुल्य होना चाहिए। असाधारण मामलों में विज्ञान, गणित अथवा प्रबंधन डिग्री धारक अभ्यर्थियों पर विचार किया जा सकता है। उनका आद्यंत असाधारण शैक्षिक रिकॉर्ड और किसी प्रख्यात अभियांत्रिकी अथवा प्रौद्योगिकी संस्थान अथवा विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में न्यूनतम 10 वर्ष का अध्यापन अनुभव होना चाहिए तथा वे पीएच.डी. विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर चुके हों। आवेदनों की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि को आवेदक, अधिमानतः 60 वर्ष से कम आयु का होना चाहिए। इस पद हेतु रु. 2,25,000/– (संशोधित) प्रति माह का नियत वेतन और नियमानुसार भत्ते देय होंगे।

2. इच्छुक व्यक्ति निर्धारित प्रारूप में अपना विस्तृत विवरण देते हुए आवेदन कर सकते हैं। विवरण में अनुसंधान, अध्यापन, उद्योग–शिक्षाजगत सहयोग और प्रशासनिक उपलब्धियों के स्पष्ट उल्लेख के साथ अपनी अभ्यर्थिता के समर्थन में दो–पृष्ठ का औचित्य संस्थान के संबंध में दो–पृष्ठ का विजन स्टेटमेंट और ऐसे कम से कम दो लब्धप्रतिष्ठ व्यक्तियों का सम्पर्क विवरण दिया जाना चाहिए, जो उनके कार्य से सुपरिचित हों। निर्धारित प्रारूप में टाइप किया गया आवेदन संलग्नकों के साथ पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा **अवर सचिव (टीएस. 1), उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, US-01, वर्क हॉल नंबर 21108, पहली मंजिल, कर्तव्य भवन–2, नई दिल्ली–110001 को इस प्रकार भेजें कि मंत्रालय में 31 अक्टूबर, 2026** को अथवा पूर्व प्राप्त हो जाए। विस्तृत विज्ञापन और आवेदन का

यूआरएल: **https://www.dohe-education.gov.in/static/uploads/2026/09/053677fcc37904470df4829673b9fcd7.pdf**

EN 27/105

कीट विज्ञान संभाग
Division of Entomology

भा.कृ.अनु.प.–भा.कृ.अनु.सं., नई दिल्ली-110012

ICAR-IARI, NEW DELHI-110012

सं. ICAR-IARI/ENTO/26-27/ADVT/3 दिनांक: 23/09/2026

वॉक्-इन-इंटरव्यू

पात्र अभ्यर्थी भा.कृ.अनु.प.-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली-12 के कीट विज्ञान संभाग में तद्र्थ पद के लिए **23 अक्टूबर, 2026** को आयोजित वॉक्-इन-इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं.

पात्रता, आवेदन-पत्र और अन्य विवरण वेबसाइट **http://www.iari.res.in** पर उपलब्ध हैं.

परियोजना का नाम एवं आवेदन हेतु ई-मेल आईडी	पद का नाम एवं संख्या	निर्धारित मासिक परिलब्धियां
परियोजना का शीर्षक: भारत के मधुमक्खी जीवसमूह का समेकित वर्गिकी अध्ययन परियोजना अवधि: अगस्त 2030 तक प्रधान अन्वेषक: डॉ. देबजानी डे	अनुसंधान सहायक (01 पद)	20,000/- + 27% मकान किराया भत्ता

EN 27/102 सहायक प्रशासनिक अधिकारी

वी.वी. गिरी राष्ट्रीय श्रम संस्थान

(भारत सरकार द्वारा स्थापित एक स्वायत्त निकाय, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय)

ए- 06, सेक्टर- 24, नोएडा- 201301 (उ.प्र.), दूरभाष- 0120-2411533-34-35

वी.वी. गिरी राष्ट्रीय श्रम संस्थान योग्य अभ्यर्थियों से निम्नलिखित पदों हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करता है:

पद संदर्भ संख्या	पद का नाम और ग्रुप	रिक्त पदों की संख्या	वर्ग	भर्ती का तरीका	सातवें वेतनमान के तहत स्तर और वेतनमान
1/81850	फेलो	01	अनिवार्य नहीं	प्रतिनियुक्ति	लेवल- 11 (रु. 67,700-2,08,700)
1/158548	सहायक पुस्तकालय और सूचना अधिकारी	01	सामान्य	सीधी भर्ती	लेवल- 7 (रु. 44,900-1,42,400)
1/201741	वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक	01	सामान्य	सीधी भर्ती	लेवल- 7 (रु. 44,900-1,42,400)

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि इस विज्ञापन के प्रकाशन से 42 दिन है. पात्रता मानदंड यानी योग्यता एवं अनुभव की जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट www.vvgnli.gov.in देखें.

(Harsh Singh Rawat)
Administrative Officer

EN 27/114

भारत सरकारः रेल मंत्रालय
अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन
लखनऊ-226011

अधिसूचना

भारत सरकार, रेल मंत्रालय के अधीन भारतीय रेलवे के मनोतकनीकी विभाग में **वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (मनोविज्ञान)** के 02 पदों को प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा) के आधार पर भरने हेतु योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं.

पदनाम	वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (मनोविज्ञान)
पदों की संख्या	02 (दो)
कोटि	लागू नहीं
आयु सीमा	प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति हेतु अधिकतम आयु सीमा आवेदन की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.
वेतनमान	7वें वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स का लेवल-11
अनिवार्य शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव	कृपया नीचे दी गई आरडीएसओ की वेबसाइट देखें.
आवेदन की अंतिम तिथि	अधिसूचना प्रकाशित होने से 45 दिन तक होगी.

विशेषः अन्य सेवा शर्तें एवं पात्रता मापदंड की जानकारी के लिए नीचे दी गई आरडीएसओ की वेबसाइट देखें:

⇩

https://rdso.indianrailways.gov.in

EN 27/56

प्रकाशन विभाग
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
भारत सरकार

देश के सबसे बड़े सरकारी प्रकाशन समूह संग व्यापार का अवसर

हमारी लोकप्रिय पत्रिकाओं और साप्ताहिक रोजगार समाचार की विपणन एजेंसी लेकर सुनिश्चित करें आकर्षक नियमित आय

विपणन एजेंसी मिलना... मतलब
- ☑ असीमित लाभ
- ☑ निवेश की 100% सुरक्षा
- ☑ स्थापित ब्रांड का साथ
- ☑ पहले दिन से आमदनी
- ☑ न्यूनतम निवेश-अधिकतम लाभ

रोजगार समाचार के एजेंसी धारकों के लिए लाभ

प्रतियों की संख्या	खुदरा मूल्य में छूट
20-1000	25%
1001-2000	35%
2001-अधिक	40%

मासिक पत्रिकाओं के एजेंसी धारकों के लिए लाभ

प्रतियों की संख्या	खुदरा मूल्य में छूट
20-250	25%
251-1000	40%
1001-अधिक	45%

विपणन एजेंसी पाना बेहद आसान
- किसी शैक्षणिक योग्यता की बाध्यता नहीं
- कोई व्यावसायिक अनुभव जरूरी नहीं
- खरीद का न्यूनतम तीन गुना निवेश (पत्रिकाओं हेतु) अपेक्षित

रु. 12/-



रु. 15/-

सम्पर्क
रोजगार समाचार
फोन: 011-24365610
ई-मेल: en-support@gov.in
पत्रिका एकक
ई-मेल: sec-circulation-moib@gov.in
फोन: 011-24367453

पत्र भेजें : रोजगार समाचार, कक्ष संख्या-779, 7वां तल, सूचना भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग
विनियामक भवन, सी- ब्लॉक, शिवालिक
मालवीय नगर, नई दिल्ली - 110 017
दूरभाष : 41080416, 41080417

भर्ती सूचना

दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग निम्नलिखित मुख्य नेतृत्व और प्रशासनिक पदों को केवल प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

क्र. सं.	पद का नाम	पदों की संख्या	वेतन स्तर (7वां सीपीसी)	वेतनमान
1.	सचिव	01	लेवल -14	रु. 1,44,200-2,18,200
2.	कार्यपालक निदेशक (टैरिफ)	01	लेवल -14	रु. 1,44,200-2,18,200
3.	कार्यपालक निदेशक (अभियांत्रिकी)	01	लेवल -14	रु. 1,44,200-2,18,200
4.	कार्यपालक निदेशक (विधि)	01	लेवल -14	रु. 1,44,200-2,18,200
5.	संयुक्त निदेशक (टैरिफ-वित्त)	01	लेवल -13	रु. 1,23,100-2,15,900
6.	संयुक्त निदेशक (विधि)	01	लेवल -13	रु. 1,23,100-2,15,900
7.	उप निदेशक (टैरिफ-अर्थशास्त्र)	01	लेवल -11	रु. 67,700-2,08,700
8.	उप निदेशक (टैरिफ) - लेखा एवं वित्तीय विश्लेषण	01	लेवल -11	रु. 67,700-2,08,700
9.	उप निदेशक (विधि)	01	लेवल -11	रु. 67,700-2,08,700
10.	संयुक्त सचिव	01	लेवल -11	रु. 67,700-2,08,700
11.	उप निदेशक (उपभोक्ता सहायक)	01	लेवल -11	रु. 67,700-2,08,700
12.	प्रधान निजी सचिव	02	लेवल -11	रु. 67,700-2,08,700
13.	उप निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी)	01	लेवल -11	रु. 67,700-2,08,700
14.	सहायक निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी)	02	लेवल -10	रु. 56100-177500
15.	सहायक लेखा अधिकारी	01	लेवल - 8	रु. 47600-151100
16.	कार्मिक अधिकारी	01	लेवल - 8	रु. 47600-151100

पात्रता, शैक्षिक योग्यता, अनुभव तथा नियुक्ति की अन्य नियम एवं शर्तों, जिसमें पारिश्रमिक, सुविधाएं आदि भी शामिल हैं, के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (DERC) की वेबसाइट **www.derc.gov.in** पर उपलब्ध "लिंक" **https://www.derc.gov.in/regulations/management-and-development-human-resources-regulations** देखें, और आवेदन भेजने के लिए लिंक पर जाएं: **https://www.derc.gov.in/app/home/openings**
आवेदन भेजने की अंतिम तिथि: **26.10.2026** है. किसी भी प्रश्न /स्पष्टीकरण के लिए संपर्क करें:

(प्रशस्ति डे)
उप निदेशक (कार्मिक)
दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग
ई-मेलः **hrdivderc@gmail.com**

EN 27/117 दूरभाषः 011- 41080414 (सोमवार से शुक्रवार) (प्रातः 9:30 बजे से सायं 6:00 बजे तक)

ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड
[भारत सरकार का उपक्रम, रक्षा मंत्रालय]
मुख्यालय : ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड, जी.टी. रोड, कानपुर (उत्तर प्रदेश)-208013
फोन : (+91) 512 2984548 फैक्स : (+91) 512 2988487
वेबसाइटः https://glidersindia.in, ई-मेलः corporate@glidersindia.in

सं. : 05/2026 दिनांक : 18.09.2026

रिक्ति अधिसूचना

ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड, कानपुर में विभिन्न पदों पर पेशेवरों की नियत अवधि रोजगार के आधार पर नियुक्ति के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. विवरण निम्नानुसार है :-

क्र. सं.	पद/पदनाम	रिक्तियां	वार्षिक सीटीसी—लागू होने पर उपदान को छोड़कर
1.	उप महाप्रबंधक-उत्पाद विकास*	01	रु. 14,40,000/-
2.	वरिष्ठ प्रबंधक-आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन	01	रु. 9,00,000/-
3.	वरिष्ठ प्रबंधक-एडिटिव विनिर्माण	01	रु. 9,00,000/-
4.	प्रबंधक-विधि	01	रु. 5,40,000/-
5.	कनिष्ठ सहायक	02	रु. 3,60,000/-

* सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी भी विज्ञापन के पैरा 3.0 में उल्लिखित पात्रता के अनुसार इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं. उनका वेतन अंतिम मूल वेतन–पेंशन होगा. उपर्युक्त रिक्तियों की संख्या बिना कोई कारण बताए घटाई जा सकती है अथवा रिक्तियां रद्द की जा सकती हैं. आवेदन प्रक्रिया, पात्रता मानदंड और नियम एवं शर्तों के लिए हमारी वेबसाइट **www.glidersindia.in** देखें.

EN 27/22 अपर महाप्रबंधक/प्रशासन

आयुष मंत्रालय
सत्यमेव जयते
Ministry of Ayush
Government of India

भारत सरकार
विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्रीय कार्यालय (SEARO), नई दिल्ली में नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्रीय कार्यालय (SEARO), नई दिल्ली में **तकनीकी अधिकारी** के पद पर नियुक्ति के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. यह पद WHO के व्यावसायिक ग्रेडिंग वेतनमान के पी-4 स्तर के समकक्ष है. नियुक्ति प्रारंभ में दो वर्ष की अवधि के लिए पूर्णतः संविदा के आधार पर की जाएगी.

2. आवेदन का प्रारूप तथा उत्तरदायित्वों, कर्तव्यों, कार्यात्मक ज्ञान एवं कौशल, शैक्षिक योग्यताओं और अनुभव आदि का संक्षिप्त विवरण आयुष मंत्रालय की वेबसाइट **https://www.ayush.gov.in/** पर उपलब्ध है.

3. निर्धारित प्रारूप में पूर्ण आवेदन विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से **15 दिनों के भीतर** इस पते पर पहुंच जाना चाहिएः **अवर सचिव (अंतरराष्ट्रीय सहयोग), आयुष मंत्रालय, कक्ष संख्या 113-ए, आयुष भवन, बी-ब्लॉक, जीपीओ कॉम्प्लेक्स, आईएनए, नई दिल्ली-110023**

केवल पात्र अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा.

CBC 17201/11/0011/2627 **EN 27/118**

Publications Division

Ministry of Information & Broadcasting
Government of India

ASSOCIATE YOURSELF WITH THE GOVERNMENT'S LARGEST PUBLISHING HOUSE

Grab the opportunity for ATTRACTIVE REGULAR INCOME by becoming a distributor of our popular periodicals and Employment News

GETTING DISTRIBUTORSHIP ENSURES

- Guaranteed profit
- 100 % secure investment
- Instant income
- Association with established brand
- Minimum investment – Maximum profit

Benefits for Employment News Distributors

No. of Copies	Discount in sale price
20–1000	25%
1001–2000	35%
2001–More	40%

Benefits for Periodical Distributors

No. of Copies	Discount in sale price
20–250	25%
251-1000	40%
1001–More	45%



EASY TO BECOME A DISTRIBUTOR

- Educational qualifications NOT REQUIRED
- Business experience NOT REQUIRED
- Minimum investment – three times the amount of initial purchase (for periodicals)







Contact

Employment News

Phone No.: 24044000/01
E-mail: en-support@gov.in

Periodicals Unit

Phone No.: 24044000/01
E-mail: sec-circulation-moib@gov.in

Address: Room No. 779, 7th Floor, Soochna Bhawan, Lodhi Road, New Delhi-110003

समाचार सारांश

राष्ट्रीय

■ रोजगार मेले में 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 19 सितंबर को 20वें रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 51 हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। देशभर में 45 स्थानों पर आयोजित इस कार्यक्रम के जरिए युवाओं को केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संगठनों में नियुक्ति दी गई। अक्टूबर 2022 में रोजगार मेलों की शुरुआत के बाद से अब तक लगभग 12 लाख 75 हजार नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री ने नवनियुक्त युवाओं से विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

■ 56 प्रमुख पहलों के साथ 'सेमीकॉन इंडिया 2026' संपन्न



सेमीकॉन इंडिया का पांचवां संस्करण नई दिल्ली के यशोभूमि में संपन्न हुआ। 17 से 19 सितम्बर 2026 तक, तीन दिन तक चले इस आयोजन में 51 हजार से अधिक पंजीकरण हुए और 600 से अधिक प्रदर्शकों तथा 52 देशों ने भाग लिया। इस दौरान चिप डिज़ाइन, फैब्रिकेशन, उन्नत पैकेजिंग, उपकरण, सामग्री, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और प्रतिभा विकास से संबंधित 56 समझौता ज्ञापन, घोषणाएं और रणनीतिक पहल सामने आईं। आयोजन में लगभग 300 अंतरराष्ट्रीय कंपनियों और छह देशों के मंडपों की भी भागीदारी रही। यह भारत को सेमीकंडक्टर विनिर्माण और डिज़ाइन का प्रमुख केंद्र बनाने के प्रयासों में बढ़ती वैश्विक भागीदारी को दर्शाता है।

■ 'आयुर्वेद दिवस' पर अनुसंधान, नवाचार और एआई पर जोर



11वां 'आयुर्वेद दिवस' 23 सितंबर को 'स्वस्थ कल के लिए आयुर्वेद' विषय के साथ देशभर में मनाया गया। नागपुर में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में पारंपरिक ज्ञान को साक्ष्य-आधारित अनुसंधान, नवाचार और निवारक स्वास्थ्य देखभाल से जोड़ने पर जोर दिया गया। देश के 30 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 9,700 से अधिक गतिविधियां आयोजित की गईं। इस अवसर पर सुरक्षा दस्तावेज, मानक उपचार दिशानिर्देश, आयुष सेवा क्षेत्र रिपोर्ट, आयुष विजन 2030 और सीसीआरएएस-एजीएनआई पोर्टल सहित कई पहल शुरू की गईं। आयुष मंत्रालय आयुर्वेद और अन्य पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग भी बढ़ा रहा है। इनमें आम लोगों को जानकारी उपलब्ध कराने के लिए एमएआईएसपी चैटबॉट, आयुष रिसर्च पोर्टल से जुड़ा जेनरेटिव एआई रिसर्च असिस्टेंट, शिक्षा संबंधी चैटबॉट और औषधीय पौधों के व्यापार के लिए ई-चरक सहायक शामिल हैं। आयुष ग्रिड के डिजिटल बुनियादी ढांचे के आधार पर मंत्रालय स्वास्थ्य देखभाल, अनुसंधान, शिक्षा और सूचना तक पहुंच में एआई के उपयोग की संभावनाएं तलाश रहा है।

■ दिग्गज अभिनेता अनंत नाग को दादासाहेब फाल्के पुरस्कार



राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने 22 सितंबर को गुजरात के एकता नगर (केवड़िया) में 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किए। वर्ष 2024 की सिनेमाई उपलब्धियों के लिए दिए गए इन पुरस्कारों में दिग्गज अभिनेता श्री अनंत नाग को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 'आर्टिकल 370' को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म चुना गया। श्री ममूटी और श्री कार्तिक आर्यन को संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला, जबकि श्रीमती यामी गौतम को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया। इस समारोह के साथ राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों को राष्ट्रीय राजधानी से बाहर प्रमुख स्थानों पर आयोजित करने की नई पहल भी शुरू हुई।

अर्थव्यवस्था

■ भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता 20 अक्टूबर से लागू होगा

भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता, दोनों देशों की घरेलू प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद 20 अक्टूबर, 2026 से लागू होगा। समझौते के तहत न्यूजीलैंड को होने वाले भारतीय निर्यात को पहले दिन से शत-प्रतिशत शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। कपड़ा, परिधान, चमड़ा, जूते, इंजीनियरिंग सामान, दवाएं और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद उन प्रमुख क्षेत्रों में शामिल हैं, जिन्हें इससे लाभ मिलने की उम्मीद है। दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने के साथ-साथ निवेश, सेवाओं, प्रौद्योगिकी, पेशेवरों की आवाजाही और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की दिशा में भी काम कर रहे हैं।

■ अगस्त में प्रमुख उद्योगों की वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत रही

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2026 में भारत के प्रमुख उद्योगों के सूचकांक में सालाना आधार पर 4.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। सीमेंट उत्पादन में 12.5 प्रतिशत, बिजली में 11.6 प्रतिशत, लौह अयस्क में 5.5 प्रतिशत, इस्पात में 3.4 प्रतिशत और रिफाइनरी उत्पादों में 2.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वहीं, कोयला, प्राकृतिक गैस, कच्चे तेल और उर्वरक के उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई। अप्रैल से अगस्त 2026 के दौरान प्रमुख उद्योगों की संचयी वृद्धि दर 4.3 प्रतिशत रही, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 2.4 प्रतिशत थी।

■ 'मेक इन इंडिया' पहल के 12 वर्ष पूरे



केंद्र सरकार की प्रमुख पहलों में शामिल 'मेक इन इंडिया' ने 12 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस अवधि में विनिर्माण के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय विस्तार दर्ज किया गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन वर्ष 2014-15 के लगभग 1.9 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में 13.11 लाख करोड़ रुपये हो गया। जून 2026 तक 14 क्षेत्रों में उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं के तहत 2.40 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित हुआ और 22.66 लाख करोड़ रुपये से अधिक का उत्पादन और बिक्री दर्ज की गई। इन योजनाओं से 15.20 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निर्यात को भी बढ़ावा मिला और 14 लाख से अधिक रोजगार सृजित हुए।

अंतरराष्ट्रीय

■ भारत ने अमरीका के समक्ष ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं उठाईं



विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने 23 सितंबर को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा से इतर अमरीकी विदेश मंत्री श्री मार्को रुबियो से मुलाकात की। भारत ने रूस और ईरान से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर अतिरिक्त शुल्क लगाने की अनुमति देने वाले अमरीकी कानून को लेकर अपनी चिंताओं से अवगत कराया। भारत ने कहा कि वह अपने आर्थिक हितों और राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएगा। दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय संबंधों और क्षेत्रीय प्राथमिकताओं पर भी चर्चा की। बैठक में व्यापार, ऊर्जा, रक्षा और अन्य रणनीतिक क्षेत्रों में भारत-अमरीका सहयोग पर भी विचार-विमर्श हुआ।

■ भारत ने ग्लोबल साउथ के बीच मजबूत सहयोग पर दिया जोर

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भू-राजनीतिक संघर्षों, व्यापारिक दबाव, जलवायु संबंधी संकट और बढ़ती ऋण चुनौतियों के बीच ग्लोबल साउथ के देशों से आपसी सहयोग मजबूत करने का आह्वान किया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा से इतर एक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने बाधित आपूर्ति श्रृंखलाओं, बिखरे निवेश प्रवाह और अपर्याप्त विकास वित्त जैसी चुनौतियों को रेखांकित किया। उन्होंने खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, संपर्क तथा निष्पक्ष व्यापार व्यवहार के महत्व पर भी जोर दिया। बैठक में वैश्विक आर्थिक शासन और बहुपक्षीय सुधार से जुड़ी चर्चाओं में विकासशील देशों की सामूहिक आवाज को मजबूत करने पर भारत के निरंतर जोर को रेखांकित किया गया।

खेल

■ एशियाई खेलों में क्रिकेट और निशानेबाजी में भारत को स्वर्ण



भारतीय महिला क्रिकेट टीम और निशानेबाजों ने जापान के आइची-नागोया में चल रहे 2026 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीते। भारत ने भारोत्तोलन, सॉफ्ट टेनिस, रोइंग और बैडमिंटन में भी पदक हासिल किए। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने फाइनल में श्रीलंका को 147 रन से हराकर अपना एशियाई खेल खिताब बरकरार रखा और भारत को इन खेलों का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। स्मृति मंधाना ने 79 रन बनाए, जबकि ऋचा घोष ने नाबाद 48 रन की पारी खेली। भारत ने तीन विकेट पर 216 रन बनाने के बाद श्रीलंका को 15.4 ओवर में 69 रन पर समेट दिया। मंधाना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 11 हजार रन पूरे करने वाली पहली महिला क्रिकेटर भी बनीं। निशानेबाजी में कमलजीत और सुरुचि इंदर सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

एयर राइफल स्पर्धाओं में भारत ने पांच पदक हासिल किए। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में एलावेनिल वलारिवन, सोनम मास्कर और विदारसा विनोद ने रजत पदक जीता। एलावेनिल ने 252.4 अंकों के साथ व्यक्तिगत स्पर्धा में भी रजत पदक हासिल किया। पुरुष वर्ग में हिमांशु ढिल्लों ने व्यक्तिगत रजत और रुद्रांक्ष पाटिल ने कांस्य पदक जीता, जबकि भारतीय टीम ने रजत पदक हासिल किया। मीराबाई चानू ने महिलाओं की 49 किलोग्राम भारोत्तोलन स्पर्धा में रजत पदक जीतकर एशियाई खेलों में इस खेल में भारत का 28 वर्ष का पदक इंतजार समाप्त किया। जय मीणा ने पुरुष व्यक्तिगत सॉफ्ट टेनिस में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा और इस स्पर्धा में एशियाई खेलों का पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने। रोइंग में सतनाम सिंह और सलमान खान ने पुरुष डबल स्कल्स में भारत का पहला एशियाई खेल पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने 6 मिनट 13.25 सेकंड का समय लेते हुए चीन और उज्बेकिस्तान के बाद तीसरे स्थान पर रहकर कांस्य पदक हासिल किया। यह इन खेलों में भारत का एकमात्र रोइंग पदक रहा। पुरुष बैडमिंटन टीम ने सेमीफाइनल में चीन से 3-1 से हारने के बाद कांस्य पदक जीता। मुकाबले में भारत की एकमात्र जीत सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने दर्ज की। उन्होंने मौजूदा विश्व चैंपियन लियांग वेई केंग और वांग चांग को हराया।

(संकलन- ईएन टीम)

दिल्ली पोस्टल पंजीकरण संख्या डीएल(एस)-01/3558/2026-28 यू(सी)107/2026-28 (पूर्व भुगतान के बिना डाक से भेजने की अनुमति) पीआरजीआई 28729/1976

MAGAZINE POST NO. DL(DS)-78/MP/2024-25-26 पोस्टिंग की तारीख : 29 तथा 30 सितम्बर 2026 प्रकाशन तिथि : 28 सितम्बर 2026

डॉ. धीरज काकड़िया, महानिदेशक, प्रकाशन विभाग द्वारा सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, के लिए सूचना भवन, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003 से प्रकाशित और मुद्रक पृथ्विस दास द्वारा डीबी कॉर्प. प्लॉट सं. 42-43, सेक्टर-29, फेज-II, पानीपत (हरियाणा)- 132103 से मुद्रित। संपादक : रहीसुद्दीन रिहान